दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 22 | जयपुर | रविवार, 24 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राजस्थान उपचुनाव में भाजपा ने मारी बाजी

## 7 में से 5 सीटें भाजपा जीती



## झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, रामगढ़ भाजपा का कब्जा

### 1-1 सीट पर कांग्रेस व भारतीय आदीवासी पार्टी ने जीत दर्ज की



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान उपचुनाव की सातों सीटों का परिणाम आ गया है। इनमें से 5 सीटों (झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, रामगढ़) पर बीजेपी जीती है। एक सीट (चौरासी) पर भारतीय आदिवासी पार्टी ने जीत दर्ज की है। उधर, दौसा में कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा जीते हैं। यहां रीकाउंटिंग भी हुई, पर मतगणना में कोई अंतर नहीं आया। इस सीट पर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा भाजपा प्रत्याशी हैं। खींवसर से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रतन चौधरी की जमानत जब्त हो गई ।

खींवसर में हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को भाजपा के रेवंतराम डांगा ने 13 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। इसी तरह, सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के आखिरी राउंड में बाजी पलट गई और भाजपा की शांता मीना ने जीत दर्ज की। शांता ने बीएपी प्रत्याशी जितेश कुमार कटारा को शिकस्त दी है।

दौसा विधानसभा सीट से कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा हार गए हैं। झुंझुनूं विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राजेंद्र भांबू, देवली-उनियारा में भाजपा के राजेंद्र गुर्जर, रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह ने जीत दर्ज की है। वहीं चौरासी विधानसभा सीट से भारतीय आदिवासी पार्टी प्रत्याशी अनिल कुमार कटारा ने बाजी मारी है। जिन 7 सीटों पर उपचुनाव हुए हैं, उनमें से एक भाजपा, एक बीएपी, एक हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी और 4 कांग्रेस के पास थी। पांच सीटों पर विधायकों के सांसद बनने और दो पर विधायकों के निधन की वजह से उपचुनाव हुए हैं।



मुख्यमंत्री की उपचुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया

## कांग्रेस की झूठ और भ्रम की राजनीति को वोट से मिला जवाब : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत को ऐतिहासिक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। शर्मा ने कहा कि इस जीत से देश के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों और हमारी सरकार के विकास कार्यों पर अपनी मोहर लगा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत भाजपा के कर्मठ कार्यकताओं के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उपचुनावों में हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों एवं 11 महीने में भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में हुए विकास कार्यों को मतदाताओं तक पहुंचाने का प्रयास किया। इसी का परिणाम है कि इस उपचुनाव में भाजपा को 2023 के विधानसभा चुनावों में मिले वोटों से 15 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प के अनुसार समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं जबकि कांग्रेस एवं अन्य दल चुनावों में झूठ और भ्रम फैलाते हैं।

ऐसी राजनीति को जनता ने अपने वोट से जवाब दिया है। शर्मा ने कहा कि हम राजस्थान के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। और इस एतिहासिक जीत ने हमारे इस इरादे को और भी मजबूत किया है।

### उपचुनाव रिजल्ट से जुड़े बड़े अपडेट

- झुंझुनूं सीट कांग्रेस हार गई है। 21 साल बाद पार्टी ने यहां हार का स्वाद चखा है। इससे पहले 2003 में सुमित्रा सिंह यहां से जीती थीं। इसके बाद से यह सीट कांग्रेस के कब्जे में है। यह झुंझुनूं के इतिहास की सबसे बड़ी जीत है।
- खींवसर में आरएलपी और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। यहां आरएलपी से हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल चुनाव मैदान में हैं। यदि यह सीट आरएलपी हार जाती है तो उसके पास राजस्थान में एक भी विधायक नहीं बचेगा।
- दौसा से मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को तगड़ा झटका लगा है। यहां से उनके भाई जगमोहन मीणा हार गए हैं। किरोड़ी ने लोकसभा चुनाव में भी भाई को टिकट दिलाने की कोशिश की थी।
- थप्पड़ कांड से चर्चा में आई देवली-उनियारा सीट पर निर्दलीय नरेश मीणा दूसरे और कांग्रेस के केसी मीणा तीसरे नंबर पर थे। देवली-उनियारा में भाजपा के राजेंद्र गुर्जर ने बाजी मारी।
- सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में आखिरी राउंड से पहले तक BAP के जितेश कुमार कटारा आगे चल रहे थे। आखिरी राउंड की गिनती के साथ ही भाजपा प्रत्याशी शांता देवी मीना के खाते में सीट आ गई।

## भाई की हार पर किरोड़ी का दर्द, लिखा-मुझे अपनों ने मारा

दौसा सीट से भाई जगमोहन मीणा की हार के बाद मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा का दर्द फूट पड़ा है। किरोड़ीलाल मीणा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लगातार छह पोस्ट करके अपनी ही पार्टी के लोगों पर हरवाने का इशारा करते हुए भीतरघात के आरोप लगाए हैं। किरोड़ी ने बीजेपी के नेताओं पर भी इशारों में गंभीर आरोप लगाए हैं। किरोड़ी ने लिखा- मुझे तो सदा ही अपनों ने ही मारा है। मुझमें बस एक ही कमी है कि मैं चाटुकारिता नहीं करता। इसी प्रवृत्ति के चलते मैंने राजनीतिक जीवन में बहुत नुकसान उठाया है। भाई का कर्ज नहीं चुका पाया। किरोड़ी ने लिखा- 45 साल हो गए। राजनीति के सफर के दौरान सभी वर्गों के लिए संघर्ष किया। जनहित में सैकड़ों आंदोलन किए। साहस से लड़ा। बदले में पुलिस के हाथों अनगिनत चोटें खाईं। आज भी बदरा घिरते हैं तो समूचा बदन कराह उठता है।

# महाराष्ट्र


## महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन की प्रचंड जीत, शिंदे बोले- हमें अपने कामों का फल मिला

बढ़ता राजस्थान

**महाराष्ट्र ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति ने प्रचंड जीत हासिल की है। और एक बार फिर से राज्य में उसकी सरकार बनने जा रही है। 288 विधानसभा सीटों में से महायुति को 200 से ज्यादा सीटें मिली है। वहीं, एमवीए अभी तक 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई है। परिणाम सामने आने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। आज महाराष्ट्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। महायुति का बंपर बहुमत है। महाराष्ट्र के तमाम मतदाताओं का धन्यवाद। हमें अपने कामों का फल मिला है।

### निरंतर प्रगति की जीतः

देवेंद्र फडणवीस ने पीएम मोदी के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा है कि मोदी के विजन के साथ, विकसित महाराष्ट्र के सपने को पूरा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट समर्थन और विश्वास ने हमें जीत दिलाई है। महाराष्ट्र के समृद्ध और विकसित भविष्य की परिकल्पना अब पूरी गति से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। यह सिर्फ महायुति की जीत नहीं है बल्कि महाराष्ट्र की निरंतर प्रगति की जीत है।




## महायुति की जीत पर बोले पीएम : एकजुट होकर हम भरेंगे ऊंची उड़ान

महाराष्ट्र में एनडीए की भारी जीत पर पीएम मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विकास और सुशासन की जीत हुई। मोदी ने एक्स पर लिखा कि एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे! उन्होंने कहा कि एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र की मेरी बहनों और भाइयों, विशेषकर राज्य के युवाओं और महिलाओं को हार्दिक आभार। यह स्नेह और गर्मजोशी अद्वितीय है। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। जय महाराष्ट्र! मोदी ने आगे लिखा कि एनडीए के जन-समर्थक प्रयास सर्वत्र गूंज रहे हैं! मैं विभिन्न उप-चुनावों में एनडीए उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों को धन्यवाद देता हूं।




# झारखण्ड

## इंडिया गठबंधन की जीत, हेमंत सोरेन ने की दमदार वापसी

बढ़ता राजस्थान


**रांची ( एजेंसी )।** झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर जोरदार प्रदर्शन किया है। और एक बार फिर से राज्य में सत्ता बरकरार रखने की ओर है। राज्य में 81 सीटों में से इंडिया गठबंधन को 56 सीटें मिली है। वहीं एनडीए 24 सीटों के साथ दूसरे नंबर है। जिसके बाद हेमंत सोरेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि यह इंडिया गठबंधन की जीत है। झारखंड की जनता का बहुत आभार। हमें सभी जाति धर्म के लोगों का समर्थन मिला है। नौजवानों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, सभी जाति धर्म के लोगों ने अपने मतों का उपयोग किया, हमारे 56 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है और बीजेपी ने 24 सीटों पर जीत हासिल की है। जो कि करीब दो तिहाई है।

उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच चुनावी मुकाबला था। जहां इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। हमलोगों ने लोकतंत्र की परीक्षा सफलतापूर्वक पास की है। बता दें कि झारखंड चुनाव में 1211 प्रत्याशियों में 128 महिलाएं तथा 591 निर्दलीय शामिल हैं। झारखंड विधानसभा की 81 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान हुआ था। जिसपर आज परिणाम के साथ ही तस्वीर साफ हो गई है।




## झारखंड में जीत पर बोले हेमंत सोरेन, शानदार रहा इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

चुनाव नतीजों ने भाजपा को एक बड़ा झटका दिया है। झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक ने बढ़त हासिल कर ली है और राज्य में सत्ता बरकरार रखने की स्थिति में है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में आने की राह पर हैं। इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन ने झारखंड में अपने प्रभुत्व की पुष्टि की है, और भाजपा के आक्रामक अभियान का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है। प्रेस से बात करते हुए सोरने ने कहा कि आज झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ गए हैं। मैं सभी समुदायों के लोगों और राज्य के सभी किसानों, महिलाओं और युवाओं को बहुमत के साथ वोट देने और इस चुनाव को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।



## पीएम मोदी ने डंके की चोट पर कहा- एक हैं तो सेफ हैं; कोई ताकत 370 वापस नहीं ला सकती

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जय भवानी, जय शिवाजी के नारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया। पीएम मोदी बोले- महाराष्ट्र देश का 6वां राज्य है जिसने भाजपा को लगातार तीन बार जनादेश दिया है। गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा और एमपी में हम लगातार तीन बार जीत चुके हैं। बिहार में भी NDA को तीन बार लगातार जनादेश मिला है। जनता का हमारे सुशासन के मॉडल पर विश्वास है। इस विश्वास को बनाने के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे। मैं आज महाराष्ट्र का जनता का विशेष अभिनंदन करना चाहता हूं। लगातार तीसरी बार स्थिर सरकार को चुनना उनका विश्वास जताता है। महाराष्ट्र इस देश के लिए एक तरह से बहुत जरूरी ग्रोथ इंजन है।



## महाराष्ट्र में हार को राहुल गांधी ने बताया अप्रत्याशित, बोले- विश्लेषण करेंगे

महाराष्ट्र चुनाव में एमवीए के फ्लॉप शो के बाद राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं। महायुति गठबंधन ने 200 से अधिक सीटें हासिल करके चुनाव में जीत हासिल की है, जबकि एमवीए 50 सीटों के आंकड़े तक पहुंचने में विफल रहा। राहुल ने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे। प्रदेश के सभी मतदाता भाई-बहनों को उनके समर्थन और सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद। झारखंड चुनावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, जहां इंडिया ब्लॉक ने आसान अंतर से जीत हासिल की, राहुल ने लिखा कि झारखंड के लोगों का इंडिया को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद।



सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# ऑपरेशन भौकाल के तहत पुलिस ने 2 करोड़ की ड्रग पकड़ी

## 987 ग्राम एमडी व 189 ग्राम अफीम का दूध बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की स्पेशल टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस की टीम ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के शास्त्री नगर स्थित एक मकान में दबिश देकर किराए से रह रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर कमरे से दो करोड़ रुपए कीमत की 987 ग्राम एमडी ड्रग व 189 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया है। कमरे से पुलिस को दुपहिया व चौपहिया वाहनों की 11 अलग-अलग नंबर प्लेट व दो गाड़ियों की आरसी भी मिली है।

एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो की जब्ती के लिए चलाये जा रहे ''ऑपरेशन भौकाल'' के तहत डीएसटी व थाना कोतवाली पुलिस ने शहर के शास्त्री नगर मे हेमराज सोनी नाम के व्यक्ति के मकान मे दबिश दी। हेमराज सोनी के मकान में किरायेदार मनोहर लाल व भरत सिंह के कमरे की तलाशी ली गई, जिसमे 987 ग्राम एमडी ड्रग व 189 ग्राम अफीम का दूध मिला। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रूपये आंकी गई है। मादक पदार्थ जब्त कर पुलिस ने आरोपी



किरायेदार मनोहर लाल विश्नोई पुत्र सुजाना राम (19) निवासी सोमारड़ी थाना सेड़वा व भरत सिंह पुत्र विरध सिंह राजपूत (27) निवासी धांधलो की ढाणी थाना बाखासर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी मीना ने बताया कि दोनों आरोपी पढाई के उद्देश्य से किराये के कमरे में रहकर अवैघ मादक पदार्थ की तस्करी मे लिप्त थे। जो यहाॅ से छोटी-छोटी मात्रा में माल आगे सप्लाई करते थे। कमरे की तलाशी के दौरान मादक पदार्थों के माप तौल के लिए छोटा इलैक्ट्रीक कांटा, भारी मात्रा मे छोटी-छोटी प्लास्टीक की थैलिया व पॉउच तथा बिक्री रकम 7100 रूपये नकद, बाइक व फोर व्हीलर की अलग-अलग नम्बर की 11 नम्बर प्लेट, दो वाहनो की आरसी एवं तीन बन्द मोबाइल भी बरामद किये गए है। मीना ने बताया कि मकान मे साथ रहने वाले दो मित्र अशोक विश्नोई पुत्र रामकिशन व पीरा राम विश्नोई पुत्र रामकिशन निवासी माणकी अवैध मादक पदर्थो की सप्लाई करते थे। जबकि इन्हें मादक पदार्थ की सप्लाई देने वाले दो मुख्य तस्कर दिनेश विश्नोई पुत्र बाबुलाल निवासी रोहिला पूर्व थाना धोरीमना व भौमाराम विनोई निवासी चितरड़ी थाना बाखासर है। अवैध मादक पदार्थो की जब्ती के संबंध मे मकान मालिक हेमराज सोनी की भूमिका के संबंध मे गहन अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में डीएसटी से प्रभारी हनुमाना राम, एएसआई अमीन खां, कांस्टेबल हनुमान राम, मालाराम, नारायणराम, सवाईसिंह, दिनेश कमाण्डो व संदीप कमाण्डो, थाना कोतवाली से उपनिरीक्षक लिच्छाराम, कांस्टेबल रामचन्द्र, दिनेश कुमार, रतन सिंह व कांस्टेबल चालक गिरधर सिंह शामिल थे।

## हनीट्रैप के केस में फंसा कर महिला व उसके साथी ने ठगे सात लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा थाना इलाके में एक दुकानदार से हनीट्रेप कर सात लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गोपी नगर निवासी लालचंद सैनी ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी रेलवे स्टेशन वाली रोड पर दुकान थी। इसी दौरान वह एक स्पा में गया था वहां पर उसकी दोस्ती पूनम चौधरी से हो गई। पूनम ने उसे स्वयं को अविवाहित बताया। इस पर दोनों में बातचीत होने लगी। आरोपी महिला उससे लगातार मिलने लगी। शादी करने की बात कहकर उससे शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद आरोपी उससे विभिन्न बहाने बनाकर रुपए मांगने लगी। लगातार बढ़ती मांग से वह परेशान हो गया। जब उसने रुपए देने से इंकार किया तो आरोपी ने उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी। इस पर पीड़ित ने अफजल और पूनम चौधरी के खिलाफ हनीट्रेप का केस दर्ज करवाया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल गजानंद ने बताया कि महिला ने पीड़ित ने अब तक कई बार में सात लाख रुपए ले लिए। पीड़ित खुद भी अविवाहित है। पीडित सांगानेर रेलवे स्टेशन वाली रोड पर दुकान करता था। उसने यह दुकान बेच दी। इसके बदले उसे 25 लाख रुपए मिले थे। पीडित की मां बीमार रहती है। इसलिए पीडित वर्तमान में घर में रहकर अपनी मां की सेवा कर रहा है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में जले थर्ड ग्रेड शिक्षक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में 21 नवंबर को जले ग्रेड थर्ड टीचर की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। ऋतिक पिछले दो दिनों से जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में एडमिट था। जयपुर के बस्सी के बड़वा गांव का रहने वाला ऋतिक मल्होत्रा राजस्थान यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट का पूर्व छात्र था। वह 22 नवंबर को ही पीटीआई के पद पर जॉइनिंग करने वाला था। गुरुवार को कैंपस में वह पेट्रोल से जल गया था। वहां मौजूद दूसरे स्टूडेंट्स ने उसे जलते हुए देखा था। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के एचओडी आरके जैन ने बताया कि बुधवार को युवक करीब 1.45 बजे हॉस्पिटल लाया गया था। युवक 85 फीसदी जल गया था। उसकी हालत काफी गंभीर थी। हमारी टीम ने उसे बचाने से बचने का हर संभव प्रयास किया। शनिवार को उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। ऋतिक मल्होत्रा ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि वह अरावली हॉस्टल में रहता है। उसकी बाइक की पेट्रोल की टंकी का ढक्कन नहीं था। यूनिवर्सिटी कैंपस में सिगरेट जलाते समय पेट्रोल टैंक से गैस निकली और आग लगने से वह झुलस गया। यूनिवर्सिटी के नाट्य विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर अर्चना श्रीवास्तव ने बताया था कि कैंपस में कुछ स्टूडेंट्स खेल रहे थे। इस दौरान डिपार्टमेंट के पीछे की तरफ उनकी बॉल चली गई। जब कुछ स्टूडेंट उस तरफ गए। उन्होंने देखा वहां एक लड़का खुद को आग से बचाने की कोशिश में भाग रहा था। इस दौरान उसके साथ एक लड़की भी मौजूद थी। इसकी जानकारी हमने तुरंत कुलपति ऑफिस में भेजी। यहां से टीम पहुंची। घायल युवक को एसएमएस अस्पताल में एडमिट करवाया था। युवक और युवती दोनों हमारे लिए पूरी तरह अपरिचित थे। यूनिवर्सिटी से फिलहाल उनका कोई वास्ता नहीं था।

## जीआरपी पुलिस ने चालीस लाख के 255 मोबाइल फोन वापस लौटाए पीड़ितों को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जीआरपी थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी और गुमशुदगी हुए करीब चालीस लाख रुपए के 255 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनमें से 105 मोबाइल फोन मालिकों को लौटा दिए गए हैं। लोगों के गुम हुए मोबाइल मिलने पर उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोरी और गुमशुदगी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को राहत देने के लिए यह अभियान चलाया। बरामद मोबाइल अलग-अलग कंपनियों के महंगे एंड्रॉयड फोन हैं। इनमें से 110 मोबाइल पहले ही उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। 40 मोबाइल फोन न्यायालय के आदेशानुसार सुपुर्द किए गए थे। शेष 105 मोबाइल आज जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में लौटाए गए।

इस अभियान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीआरपी अजमेर नरेश कुमार और सर्किल इंचार्ज नरेंद्र सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी ट्रेसिंग के माध्यम से गुमशुदा मोबाइलों की लोकेशन का पता लगाया। अलग-अलग राज्यों में जाकर उन्हें बरामद किया। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर कई परिवादियों ने खुशी जाहिर की। पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि जीआरपी जयपुर जनता के हित में इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी। अपराधियों पर लगातार कार्रवाई करेगी।

## बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 8 लाख रुपए ऐंठे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बजाज नगर थाना इलाके में मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट कर एक बुजुर्ग व्यक्ति से साइबर ठगों ने 8 लाख रुपए ऐंठ लिए। एक घंटे तक वीडियो कॉल पर बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर क्रिमिनल धमकाते रहे। पीड़ित व्यक्ति ने आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

थानाधिकारी ममता मीना ने बताया कि बजाज नगर निवासी 72 साल के व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि 15 नवम्बर को वह घर पर अपने कमरे में बैठे थे। दोपहर करीब 12 बजे उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अफसर होना बताया। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज होने के बारे में बताया। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरेस्ट करने की धमकी देकर डराया गया। करीब 1 घंटे वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट रखकर उन्हें डराया-धमकाया गया।

साइबर क्रिमिनल ने बैंक अकाउंट की जानकारी लेने के बाद अरेस्ट करने की धमकी दी। धमकाकर बैंक अकाउंट से 7.90 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। कुछ दिनों बाद परिजनों को बताने पर साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी हुई। बजाज नगर थाने में शुक्रवार को पीड़ित ने शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया। डिजिटल अरेस्ट कर 8 लाख रुपए ऐंठे गए है। पीड़ित के बयान दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली जाएगी। कॉल करने वाले मोबाइल नंबर व बैंक अकाउंट के बारे में भी जांच की जा रही है।

## वित्तीय सेवाओं में डिजिटल' विषय पर सम्मेलन आयोजित

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर (का.स.)।** जयपुरिया प्रबंधन संस्थान जयपुर ने 'वित्तीय सेवाओं में डिजिटल परिवर्तन' विषय पर वित्त सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में डिजिटल युग में वित्त के उभरते परिदृश्य का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों के पैनल में डॉ. कंगाराज अय्यालुसामी, वित्त के प्रोफेसर, एक्सएलआरआई जमशेदपुर, सीए नेहा रूंगटा, निदेशक - रणनीतिक वित्त, बिक्री और परिवर्तन और आंचल अग्रवाल जैन, प्रबंधक, सरकारी परामर्श और पूर्व आरबीआई अधिकारी शामिल थे। डॉ. कंगाराज अय्यालुसामी ने कहा, कोई भी व्यवसाय अब डिजिटल परिवर्तन से नहीं गुजर रहा है। आज की पीढ़ी स्वाभाविक रूप से तकनीक के साथ सहज है । सीए



नेहा रूंगटा ने आज के तेज गति वाले वित्तीय क्षेत्र में सफल होने के लिए तकनीकी-वित्त मानसिकता विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के साथ तालमेल बिठाने और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रासंगिक कौशल हासिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वित्त के मूलभूत सिद्धांतों पर विचार करते हुए, आंचल अग्रवाल जैन ने वित्तीय बुनियादी बातों के साथ डिजिटल नवाचार को संतुलित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, वास्तविक समय का डेटा बेहतर निर्णय लेने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और परिचालन दक्षता को बढ़ावा देकर बैंकिंग क्षेत्र में क्रांति ला रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राजेश सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने वित्त में डिजिटल नवाचार की परिवर्तनकारी भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा की। इसके बाद एक पैनल चर्चा हुई जिसका संचालन डॉ. राजेश सिन्हा ने किया। सम्मेलन का समापन डॉ. शुभम सिंघानिया द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नेहा माथुर को मिली पीएचडी की उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** स्थानीय नगर पालिका के वार्ड 21 के निवासी सत्येंद्र कुमार माथुर की पुत्री नेहा माथुर को मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (मेमोरी डिजाइन) में पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया हैं। डॉ.नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मार्गदर्शक डॉ. शिल्पी बिरला को देते हुए अपनी सफलता को अपने परिवार को समर्पित किया। डॉ. नेहा वर्तमान में गुरुग्राम में द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

## आरएसएस के प्रचारक को फोन कर धमकाया, पुलिस की ली शरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर नगर थाना इलाके में आरएसएस के प्रचारक को साइबर ठगों ने धमकी दी। इस धमकी के बाद प्रचारक ने पुलिस की शरण ली। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी शिवकुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह विद्या भारती का संगठन मंत्री और आरएसएस का प्रचारक है। उसके पास एक कॉल आया। कॉल करता ने स्वयं को रोहित गुप्ता टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी से कॉल करना बताया और कहा कि आपके नंबरों से फ्रॉड हुआ है।

## जयपुर पुलिस-पब्लिक वॉलीबॉल लीग के द्वितीय चरण के मैचों का शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस की अभिनव पहल पुलिस व आम जनता के बीच दूरियों को खत्म कर आमजन के बीच मेल मिलाप बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई उत्तर जिले की वॉलीबॉल लीग के द्वितीय चरण के मैचों का शुभारंभ शनिवार को खंडेलवाल स्कूल ग्राउंड हीदा की मोरी रामगंज में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने किया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर को अपराध एवं भय मुक्त बनाने में आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है।साथ ही उन्होंने कहा कि आमजन का पुलिस से अधिक से अधिक जुड़ाव शहर में कानून एवं शांति बनाने रखने में बहुत ही कारगर एवं उपयोगी है। इसी दिशा में जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उत्तर दुर्ग सिंह ने बताया कि वॉलीबॉल लीग द्वितीय चरण (सर्किल स्तर) के मैचों में पुलिस एवं आमजन (पब्लिक) से संयुक्त खिलाड़ियों की टीमें बनायी गई।

सर्किल स्तर के खेले गए मैचों में नाहरगढ़, विद्याधर नगर,ब्रह्मपुरी,गलता गेट एवं शास्त्री नगर की टीमें विजेता रही। लीग के मैचों में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वितीय रामेश्वर सिंह चौधरी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रशासन योगेश दाधीच एवं उत्तर जिले के आला पुलिस अधिकारी सहित थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों ,पुलिस मित्रों एवं सुरक्षा सखियों के साथ साथ आमजन ने खासा उत्साह के साथ भाग लिया।

## भारतीय जनता पार्टी को अविस्मरणीय विजय दिलाने पर सनातन धर्मियों का आभार : डॉक्टर अतुल गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्याशित जीत दर्ज होने पर समस्त सनातन धर्मियों, गो पालकों, गौ सेवकों के द्वारा गौ माता की रक्षा हेतु जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी का समर्थन किया है। निश्चित रूप से यह बहुत ही महत्वपूर्ण बात है। हम बहुत धन्यवाद देते हैं, महाराष्ट्र की जनता का जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी समर्थित संगठनों को सहयोग किया और इससे आगे भविष्य में गौ माता को राष्ट्र माता बनाने में सहयोग प्राप्त होगा । राजस्थान राज्य में जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी की पांच विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों को अमूल्य विजय दिला करके राजस्थान वासियों ने भी बीजेपी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। निश्चित रूप से आने वाले समय में सनातन धर्म को शक्तिशाली बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करेगी, ऐसा मेरा मानना है ।

# मिस एंड मिसेज़ इंडिया ग्लैम के लिए जयपुर ऑडिशन आज

## लाखों की प्राइज़ मनी से खिल उठेंगे इस बार मिस इंडिया ग्लैम की प्रतिभागियों के चेहरे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ब्यूटी पेजेंट जगत में इतिहास रचते हुए पिंकसिटी जयपुर में होने वाले नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट अंनता मिस एंड मिसेज़ इंडिया ग्लैम के ऑडिशन रविवार को वैशाली नगर स्थित रोसाडो लग्जरी लाऊंज में सुबह 11 बजे से आयोजित होंगे। इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन ने इस बार अपनी विनर्स के लिए कार, स्कूटी और लाखों के केश प्राइज के साथ नए आयाम स्थापित कर दिए हैं, जिससे निश्चित ही फ़ैशन जगत में गर्ल्स में उत्साह और कॉम्पिटिशन दोनो ही बढ़ जाएगा। अपनी वर्तमान विनर्स के साथ अपकमिंग मिस इंडिया ग्लैम सीजन 6 की विनर्स के लिए लाई गई नई ऑटोमैटिक स्विफ्ट कार और दो लेटेस्ट जूपीटर स्कूटी को शोकेस करते हुए इंडिया ग्लैम के डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि यह गर्ल्स के लिए बहुत अच्छा है। हुनर को अच्छे मंच के साथ बड़े प्राइज़ से हौसला अफ़जाई होगी। अनंता स्पा एंड रिसोर्ट जयपुर के मुख्य सहयोग से आयोजित अंनता मिस एंड मिसेज़ इंडिया ग्लैम सीजन 6 के लिए जयपुर ऑडिशन



24 नवम्बर को वैशाली नगर गांधी पथ स्थित रोसाडो लग्ज़री लॉन्ज में प्रांत 11 बजे शुरू होंगे जिसमें जयपुर सहित पूरे राजस्थान की ऐसी गर्ल्स ओर महिलाऐं भाग ले सकतीं हैं जो मॉडलिगं को अपना कैरियर बनाना चाहतीं हैं। देश भर से टॉप चुनिंदा प्रतिभागियों के साथ आयोजित इस नेशनल ब्यूटी पेजेंट का ग्रांड फिनाले पिंकसिटी में आगामी 30 दिसंबर 2024 को दिल्ली रोड़ जयपुर स्थित अनन्ता रिसोर्ट में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इसमें विनर्स को इस बार बम्पर गिफ़्ट के रूप में कार, स्कूटी एवं कैश प्राइजेज उपहार स्वरूप दिये जा रहे हैं। इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन के फाउंडर डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि वुमन्स एम्पावरमेंट एवं इंडियन ब्यूटी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ शुरू कि गये मिस एंड मिसेज कैटेगरी में होने वाले इस नेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट के लिए देश भर से रजिस्ट्रेशन लिए जा रहे हैं। पेजेंट में किसी भी गर्ल्स से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। इंडिया ग्लैम के रजिस्ट्रेशन के बाद चुनिंदा प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा और सभी फाइनलिस्ट को नेशनल एवं इंटरनेशनल ग्रुंमिग एक्सपर्ट द्वारा विभिन्न ग्रुमिंग क्लासेज़ दी जाएगी।

# जियो ने जोड़े सबसे अधिक 'एक्टिव सब्सक्राइबर' : ट्राई

## वायरलाइन ब्रॉडबैंड के ग्राहकों की संख्या हुई 4 करोड़ 36 लाख के पार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/जयपुर।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, रिलायंस जियो 'एक्टिव सब्सक्राइबर' जोड़ने के मामले में सबसे आगे है। सितंबर में जियो ने करीब 17 लाख एक्टिव सब्सक्राइबर जोड़े। समान अवधि में भारती एयरटेल ने 13 लाख तो वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने 31 लाख के करीब ग्राहक गंवा दिए।

एक्टिव सब्सक्राइबर जोड़ने के मामले में जियो लगातार दूसरे महीने नंबर वन बना हुआ है। एयरटेल और वोडा आइडिया के एक्टिव सब्सक्राइबर नंबर गिरने के कारण पूरे उद्योग में सक्रिय ग्राहकों की संख्या में गिरावट




देखी गई, सितंबर माह में यह 15 लाख घटकर 106 करोड़ के करीब आ गई। ट्राई के आंकड़े बताते हैं कि वायरलाइन ब्रॉडबैंड यानी फाइबर व अन्य वायरलाइन से जुड़े ग्राहकों की कुल संख्या 4 करोड़ 36 लाख पार कर गई है। सितंबर माह के दौरान इसमें 7 लाख 90 हजार नए ग्राहकों का इजाफा हुआ। सबसे अधिक ग्राहक रिलायंस जियो ने जोड़े। जियो ने सितंबर में 6 लाख 34 हजार ग्राहकों को अपने नेटवर्क से जोड़ा तो वहीं एयरटेल मात्र 98 हजार ग्राहक ही जोड़ पाया। समान अवधि में बीएसएनएल ने 52 हजार वायरलाइन ब्रॉडबैंड ग्राहक खो दिए।

# खेती एवं पशुपालन में नवाचार अपनाएं, आय बढ़ाएं : सुराणा

## जिला प्रशासन की पहल पर ऊंटनी के दूध से ऊंटपालकों की आय बढ़ाने का प्रयास, डेयरी के माध्यम से ऊंटनी के दूध विपणन की योजना होगी तैयार

बढ़ता राजस्थान





**सरदारशहर (सुरेश शर्मा)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर जिले के ऊंटपालकों की आय बढाने तथा ऊंटों के संरक्षण की दिशा में चल रहे प्रयास अंतर्गत शनिवार को पशुपालन विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र सरदारशहर तथा चूरू जिला दुग्ध उत्पादक संघ सरदारशहर डेयरी के संयुक्त तत्वावधान में ऊंटपालकों की बैठक की सरदारशहर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि हम सदियों से परम्परागत ढंग से खेती और पशुपालन करते आए हैं लेकिन समय के साथ चीजें बदल रही हैं और हमारी आवश्यकताएं भी बढ़ रही है। ऐसे में सर्वाइव करने के लिए जरूरी है कि खेती और पशुपालन से जुड़े लोग वैज्ञानिक शोध और नई तकनीक को फॉलो करते हुए नवाचारों को अपनाएं ताकि हमें कम खर्च में अधिक उत्पादकता मिल सके। बैठक का आयोजन केवीके प्रभारी डॉ वीके सैनी के निर्देशन में किया गया। गांधी विद्या मन्दिर सरदारशहर के अध्यक्ष हिमांशु दुगड़ एवं ब्रिगेडियर (रि.) अजय त्रिपाठी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण एवं बैठक की रूपरेखा डॉ. वीके सैनी द्वारा प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. निरंजन चिरानिया द्वारा योजना के उद्देश्यों एवं रूपरेखा पर वीडियो फिल्म व पॉवर पॉईन्ट प्रजेन्टेशन से प्रकाश डाला गया। डॉ. चिरानिया ने बताया कि ऊंटनी का दूध बहुत-सी बीमारियों को रोकने में कारगर है। इसलिए जन स्वास्थ्य की रक्षा भी इससे बेहतर हो सकेगी। उपयोगिता कम होने से ऊंटों की संख्या में कमी आ रही है, जिसके संरक्षण के लिए प्रयास शुरू किए गए हैं। सरदारशहर डेयरी के प्रबन्ध निदेशक डॉ. जितेन्द्र सिंह बुरड़क ने योजना के लिए दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से ऊंटपालकों को जोड़कर एवं ऊंटनी का दूध संकलित कर योजना के सम्बन्ध में रूपरेखा बनाने की आवश्यकता पर कार्य करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर ऊंटपालकों से संवाद कर योजना के सम्बन्ध में सुझाव लिये गये तथा योजना की जानकारी देकर ऊंटपालकों से अधिकाधिक जुड़ने का आह्वान किया गया। उपखण्ड अधिकारी दिव्या चौधरी ने भी ऊंटपालकों से योजना में सक्रिय सहयोग बाबत् आहवान किया। उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर जोड़बीड़ के मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. काशीनाथ के द्वारा ऊंटनी के दूध, इसके रख-रखाव एवं इसके महत्त्व की जानकारी साझा की गई तथा दूध के उपयोग से बीमारियों की रोकथाम के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। बैठक एवं संवाद कार्यक्रम में जिले के 200 से अधिक ऊंटपालक एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. नीतू ढाका, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. श्याम बिहारी, डॉ. केसरीचन्द, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. गिरधारी लाल कस्वां व डॉ. अजय चौहान, डॉ. निखिल सुण्डा, हॉर्टिकल्चर विभाग के अजय कुमावत, रमेश चौधरी तथा तकनीकी कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने धन्यवाद भाषण दिया।

# कैडेंस - अ रिदम ऑफ चेंजरू सांस्कृतिक समृद्धि और प्रतिभा उत्सव का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सेंट ग्रिगोरियस सी.से. स्कूल में बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव समारोह कैडेंस-अ रिदम ऑफ चेंज का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई।

विद्यालय की प्राचार्या शुभा जोस ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। ब्रिजेस टू टुमॉरो शीर्षक से एक वीडियो प्रस्तुति ने स्कूल के दृष्टिकोण को बखूबी दर्शाया गया। सार्वजनिक सभा में उपप्राचार्य अनिल गोस्वामी द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों और अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया ।

विद्यालय प्रबंधक फादर वर्गीस थॉमस ने अपने उद्बोधन में छात्रहित को सर्वोपरि बताया। इस अवसर पर अहमदाबाद डायसिस के बिशप डॉ. गीवर्गीस मार थियोफिलोस, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएसई, अजमेर श्याम कपूर, सम्मानित अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डॉ.लोकेश भारती गोस्वामी, मुरलीधर चौबीसा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी वाइस चेयरमैन जॉन वर्गीस, सचिव बाबू जॉन एवं ट्रेजरार मोन टी वर्गीस ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंत में विद्यालय समन्वयक आशीष अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सांस्कृतिक लोकनृत्यों , वैश्विक समरसता नृत्यों ने देशभक्ति की भावना को चरम पर पहुँचाया और विविधता में एकता का संदेश दिया। पूरे आयोजन में कार्यक्रम संचालकों शहनाज अमर और बिहारी लाल आमेटा की प्रभावशाली भूमिका ने समारोह को सफल बनाया।

# नशा मुक्ति जागरूकता व दुष्प्रभाव पर कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नई किरण = नशा मुक्त भारत अभियान के तहत '' नशा मुक्ति जागरूकता व दुष्प्रभाव ''विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य व अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। अभियान संयोजक प्रो. एच.आर. धनेटिया ने कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय व रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य युवा पीढ़ी को तम्बाकू व अन्य प्रकार के नशे से दूर रखकर नशा मुक्त स्वस्थ मानव समाज का निर्माण करना है। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई एवं सभी विद्यार्थियों को कार्यशाला का अधिकाधिक लाभ उठाने एवं नशा मुक्त समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। प्रथम सत्र में विशिष्ठ अतिथि डॉ. नीलम बुनकर ने नशे के शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। स्वयंसेविका भारती यादव ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक ने नशे से दूर रहने की रणनीति पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा नशा खोरी से सम्बन्धित कानूनी पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि लगभग 75 प्रतिशत अपराधों का कारण नशाखोरी है। इसलिये युवा पीढ़ी स्वयं यह प्रण करें कि हम खुद नशे से दूर रहेगें एवं कम से कम दो लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करेगें। स्वयंसेविका करीना गुर्जर ने स्लोगन प्रस्तुत कियें।

वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो.मधु नागर ने अपने आसपास के उदाहरणों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए नशे से उत्पन्न सामाजिक आर्थिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में विशिष्ठ अतिथि थानाधिकारी राजेश शर्मा ने नशे से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, अधिनियमों, सोशियल मीडिया के दुरूपयोग आदि के बारे में जानकारी दी। संचालन प्रो. संदीप कुमार आर्य ने किया। स्वयंसेविका काजल गुप्ता ने प्राचार्य, अतिथियों व उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम सांगटेड़ा निवासी शहीद अशोक कुमार जाट की 13 वीं पुण्यतिथि

# विशाल तिरंगा यात्रा व श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम सांगटेड़ा निवासी शहीद अशोक कुमार जाट की 13 वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को ग्राम सांगटेड़ा में विशाल तिरंगा यात्रा व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक रतन लाल शर्मा ने बताया कि विशाल तिरंगा यात्रा को शहीद वीरांगना कृष्णा देवी, वीरांगना राजबाला, वीरांगना मिथलेश देवी ने भारत माता जिंदाबाद, अशोक कुमार अमर रहे के नारे के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शहीदों की तिरंगा यात्रा व श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेना चाहिये। उल्लेखनीय है कि शहीद अशोक कुमार जाट वर्ष 2011 में 23 नवम्बर को भारतीय सेना में कार्य करते हुये गुजरात के जाम नगर में माल वाहक जहाज की लैंडिंग के दौरान शहीद हो गये थे। शहीद के पिता सुबेदार रामकिशन ने कहा कि देश सेवा से बढकर् कोई सेवा नहीं है। समाजसेवी रतन लाल शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा सांगटेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से होते हुये शहीद अशोक कुमार स्मारक पहुंची। जहाँ विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान मुकेश चौधरी, बाबूलाल चौधरी, रामप्रताप चौधरी, इंद्राज कसाना, फूलचंद, हनुमान, रामेश्वर, जगदीश, प्रभुदयाल, कप्तान, अंकित, सतीश, विकास, शेरसिंह, संदीप, मूर्ति देवी, गीता देवी, केसरी, चंद्रकला, कमला समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# ऐश्वर्या कॉलेज में सशक्त नवाचार और स्थिरता

## एक बहु-विषयक दृष्टिकोण पर 14वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर ऐश्वर्या कॉलेज में दो दिवसीय सशक्त नवाचार और स्थिरता: एक बहु-विषयक दृष्टिकोण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आज सफल समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रितु पालीवाल, डॉ. राशी माथुर और गजराम सिरीवी ने की। कॉन्फ्रेंस में अतिथि और वक्ता के रूप में होटल मेनेजमेंट मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कोर्स डायरेक्टर प्रो.हनुमान प्रसाद एवं एममीयूएटी की प्रोफेसर डॉ. गायत्री तिवारी द्वारा कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया गया। उन्होंने नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत स्मृतिचिह्न भेंट कर किया। सम्मेलन में विभिन्न ट्रैक्स के तहत प्रतिष्ठित वक्ताओं में डॉ. देवेन्द्र सिंह देवड़ा एवं डॉ. जेपी राठौर ने व्याख्यान में विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं को साझा किया। वक्ताओं ने प्रतिभागियों को अपनी गहन जानकारी और अनुभव से प्रेरित किया। कॉन्फ्रेंस में वक्ता के रुप में डॉ. दिग्विजय भटनागर, इतिहास विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, राहुल कुमार गर्ग, प्राचार्य, ऐसियन कॉलेज ऑफ फार्मेसी तथा डॉ. गुणबाला आमेटा, डायरेक्टर, महिला महाविद्यालय, राजस्थान विद्यापीठ रहे। कार्यक्रम के दौरान शोधकर्ताओं और छात्रों ने विभिन्न ट्रैक्स में अपने शोध पत्र और पोस्टर प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रेसेंटेशन में प्रथम रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस सम्मेलन ने नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित संवाद और सहयोगात्मक प्रयास को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम की कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. पारुल माथुर ने सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शातिर वाहन चोर-नकबजन तुलसीराम कोली गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर-नकबजन तुलसीराम कोली को गिरफ्तार उसके उसके पास से चोरी की एक बाइक सहित चाकू नुमा हथियार भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित तुलसीराम कोली ने सांगानेर सहित जयपुर शहर के कई अन्य थाना इलाके में चोरी-नकबजनी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। आरोपित के खिलाफ चोरी सहित नकबजनी के सात मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर-नकबजन तुलसीराम कोली निवास कोलीवाडा जिला गंगापुर सिटी हाल खानाबदोश मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक सहित चाकू नुमा हथियार जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी नशा करने का आदि है और जो दिन के समय सूने मकानों की रेकी करता है और फिर रात्रि में नकबजनी की वारदात को अंजाम देता है। साथ ही मकानों के बाहर खडी बाइकों की रैकी उन्हे भी चुरा कर ले जाता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# स्वाद के रंग शिविर के संग प्रतियोगिता आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** स्वामी शरणम् शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत संचालित एस. एस. कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, झामर कोटड़ा रोड़, उमरड़ा, उदयपुर में प्रॅच दिवसीय समाजापयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर के चतुर्थ दिवस पर कुकिंग प्रतियोगिता को आयोजन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा नराणिया ने कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए बताया कि शिविर के चतुर्थ दिवस पर छात्राध्यापिकाओं ने कुकिंग प्रतियोगिता के आयोजन में बिना गैस कुकिंग मोड पर कोल्ड कॉफी, दही पूरी, बेसन के लड्डू, फ्रूट रायता, वेज सेण्डविच और कुरकुरे चाट एवं भेल, लस्सी बनाये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशी कुमारी, ज्योति गर्ग, मनिषा कुमारी, माया जाट संयुक्त रूप से रहे द्वितीय स्थान रीना डांगी, तारा वैष्णव, डिम्पल डांगी, शान्ति, नेहा एव हर्षिता रहे एवं तृतीय स्थान पर निर्मला मेघवाल, अंजना व वर्षा मीणा रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ कोमल कटारिया एवं श्री शिव प्रसन्न सिंह दहिया रहे। प्रतियोगिता में श्रीमती रंजना भटनागर, श्री पूर्णेश कोठारी, श्रीमती हीना जैन, डॉ. पायल पानेरी एवं डॉ. मीता जोशी उपस्थित रहे।

## चलती ट्रेन में यात्री को आया हार्ट अटैक, टीटीई ने दिया सीपीआर

# ऑपरेशन कर्मयोगी के तहत लिया था प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** गाड़ी सं 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में एक यात्री (कार्डियक अरेस्ट) हृदयाघात के कारण अचेत हुआ तो कोच में अफरातफरी मच गई सूचना मिलने पर गाड़ी में टिकट जाँच कर रहे छपरा के उप मुख्य टिकट निरीक्षकों राजीव कुमार एवं मनमोहन कुमार ने बिना देरी किए यात्री को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया अपनाकर य होश में लाया। साथ ही छपरा स्वास्थ्य यूनिट के डॉक्टर को तुरंत अटेन्ड करने की सूचना भी दी । लगातार सीपीआर देने और कृत्रिम श्वसन देने प्रयासों के बाद यात्री ने अपनी आँखें खोली और बेहतर महसूस करने लगा। अमृपाली एक्सप्रेस के छपरा स्टेशन पर पहुंचते ही हेल्थ यूनिट छपरा के डॉक्टर ने अटेन्ड किया। उक्त दोनों उप चल टिकट निरीक्षकों को कर्मयोगी प्रशिक्षण में प्राथमिक चिकित्सा एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया का कार्यसाधक ज्ञान था इसलिए वे यात्री का जीवन बचा सके। इसके लिए यात्री ने रेलवे कर्मचारियों की सहायता एवं मेडिकल ज्ञान की सराहना की उसके सहयात्रियों ने भी रेलवे कर्मचारियों को हृदय से आभार प्रकट किया । रेल प्रशासन द्वारा रेल कर्मचारियों को कर्मयोगी प्रारम्भ मॉड्यूल' के माध्यम से इस पाठ्यक्रम से निश्चय ही कर्मचारियों के कार्य क्षमता में सुधार हो रहा है तथा रेल उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं में उत्कृष्टता आ रही है। रेलवे प्रशासन अपने कर्मचारियों को नित नये-नये तरीकों से प्रशिक्षित कर अपने उपभोक्ताओं विशेषकर रेल यात्रियों को बेहतर से बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु निरन्तर प्रयासरत है। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे अपने कर्मचारियों को यात्री सेवा कार्यों में निपुण बनाने के साथ ही कार्य क्षमताओं को विकसित करने हेतु 'कर्मयोगी मॉड्यूल' में प्रशिक्षित किया है।

## जेएलएन मार्ग पर पांच कारें आपस में भिड़ी, कार आधा दर्जन लोग मामूली चोटिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जेएलएन मार्ग पर शनिवार दोपहर एक साथ पांच कारें आपस में भिड़ गईं। अचानक ब्रेक लगाने के चलते एक-दूसरे के पीछे चल रही कारें आपस में टकरा गईं। हादसे में कार सवारों को मामूली चोट आई है। एक्सीडेंट थाना पूर्व पुलिस ने क्षतिग्रस्त कारों को रोड किनारे करवाकर रुके ट्रैफिक को चालू करवाया। जांच अधिकारी एसआई वर्षा ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 3रू30 बजे जेएलएन मार्ग पर सरस पार्लर के सामने हुआ। ट्रैफिक गांधी सर्किल से मालवीय नगर की तरफ जा रहा था। सरस पार्लर के सामने जाते ही किसी वाहन को बचाने के चलते कार सवार ने अचानक ब्रेक लगा दिए। कार के रुकते ही पीछे आ रही दूसरी कार ने उससे भीड़ गई। टक्कर लगते ही पीछे से आ रही तीन ओर कारें एक-दूसरे से आपस में जा भिड़ीं। ब्रेक लगाने से एक के बाद एक कर पांच कारें आपस में टकरा गई। टक्कर लगने से कार के बोनट व डिग्गी क्षतिग्रस्त हो गई।

## विवाहिता को भगा ले गया पडौसी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में एक विवाहिता के पड़ोसी युवक के साथ भागने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने पत्नी को भगा ले जाने वाले पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जांच अधिकारी एसआई राजपाल ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया कि कुछ समय पहले उसकी शादी हुई थी। 22 साल की पत्नी के साथ पड़ोसी युवक बातचीत किया करता था। काफी बार पत्नी को समझाने के बाद भी उनकी बातचीत बंद नहीं हुई। आरोप है कि 16 नवम्बर की रात को दोनों पति-पत्नी घर में सो रहे थे।

## सम्पादकीय

# भारतीय सेना और मानवता

भारतीय सेना को भारत का गर्व भी कहा जाता है। भारतीय सेना अपने नागरिकों की सेवा के लिए सदा तैयार रहती है। भारतीय सेना अपने देश की रक्षा के लिए सरहद पर 24 घंटे खड़ी रहती है। भारतीय सेना देश की सीमाओं की रक्षा के लिए राजस्थान में 60 डिग्री सेल्सियस की गर्मी झेलती है तो वहीं दूसरी ओर भारतीय सेना के जवान कड़कड़ाती ठण्ड में माइनस तापमान में देश की रक्षा के लिए हिमालय की पहाड़ियों पर डटे खड़े रहते हैं। भारतीय सेना ने आज तक किसी भी युद्ध में कभी भी युद्ध के नियमों का उल्लंघन नहीं किया। सन् 1947 से लेकर अब तक भारतीय सेना ने पाकिस्तान के साथ 4 बार युद्ध लड़ा है और हर बार पहल पाकिस्तान की तरफ से की गई जिसका भारतीय सेना की ओर से मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। यह भी भारतीय सेना के शौर्य और वीरता की एक मिसाल ही है कि भारत पाकिस्तान से आज तक एक भी युद्ध नहीं हारा है। भारतीय सेना अपने मानवीय मूल्यों के लिए भी सारी दुनिया में जानी जाती है। कारगिल के युद्ध में सभी पाकिस्तान ने अपने सैनिकों के शवों को लेने से मना कर दिया था। तब भारतीय सेना ने पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया। पाकिस्तान के युद्धबंदियों के साथ भारत के सैन्य अफसरों ने हमेशा मानवता का ही व्यवहार किया। भारतीय सेना के इस मानवीय पहलू से दुश्मन मुल्क के सैनिक भी उनके प्रशंसक बन गए थे। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भारतीय सेना दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना है।

भारतीय सेना प्राकृतिक आपदाएं हों या फिर हिंसा की स्थितियां हर समय वह मानवता को बचाने का काम करती है। जम्मू-कश्मीर की बाढ़ हो या फिर केदारनाथ की त्रासदी देवदूत बनकर भारतीय सेना ने लाखों लोगों की जान बचाई है। यह भारतीय सेना के मानवीय पहलू को दर्शाता है। सच्चे अर्थों में भारतीय सेना धर्मनिरपेक्ष प्रतिष्ठान है, जिसमें सभी जाति और धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं और देश की रक्षा करते हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के दौर में भी भारतीय सेना ने लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभूतपूर्व काम किया और आतंकवादी ताकतों से बेखौफ होकर कश्मीरी बच्चों को आईएएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया है। गांव-गांव तक स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं।

कभी भारतीय जवानों ने घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाया है तो किसी जवान ने लुटेरों से महिलाओं की रक्षा की है। मानवता की सेवा का एक और उदाहरण तब मिला जब उसने किश्तवाड़ में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान के दौरान उत्पीड़न की खबरों के बाद जांच के आदेश दे दिए। भारतीय सेना के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर लिखा है, किश्तवाड़ सेक्टर में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर 20 नवंबर, 2024 को राष्ट्रीय राइफल्स ने एक ऑपरेशन शुरू किया। कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि ऑपरेशन के दौरान आम नागरिकों के साथ बुरा व्यवहार किया गया था। इस मामले में जांच शुरू की जा रही है, ज़रूरी कार्रवाई की जाएगी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि भारतीय सेना ने किश्तवाड़ के कौथ गांव में इसी हफ्ते मंगलवार को कुछ आम नागरिकों को कैंप में बुलाकर उनका उत्पीड़न किया।

# भारतीय समृद्धि, संस्कृति विरासत विविधताओं का कूटनीति में ज़बरदस्त आगाज़-हर तोहफ़ा कुछ कहता है

**आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय समृद्ध संस्कृति की विरासत विविधताओं का कूटनीति में जबरदस्त आगाज़,हर तोहफा कुछ कहता है। साथियों बात अगर हम भारत की समृध्द सांस्कृतिक विरासत की विविधता व कलाओं को विश्व के मेजबान देश व अनेक राष्ट्रध्यक्षों तक पहुंचाने के अद्भुत नायाब तरीके की करें तो,भारत के पीएम जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं, वह कूटनीतिक चर्चाओं से इतर देश की समृद्ध संस्कृति की विविधता की सौगात भी अपने साथ ले जाते हैं और उससे मेजबान देशों का परिचय कराते हैं। यह देश की सांस्कृतिक विरासत और कलाओं के जरिए संबंधों को कूटनीति की सीमाओं के परे नया आयाम देने में मददगार साबित होता है।**

किशन सनमुखदास भावनानीं



वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत को सोने की खान कहा जाता रहा है, इसका कारण न केवल यहां के भरपूर प्राकृतिक संसाधन बौद्धिक क्षमता बल्किसांस्कृतिक विरासत संस्कारों का खजाना सहित हमारी सांस्कृतिक धरोहर विरासत के अनेक संसाधन भी भारत में है,जो भारत की समृद्धि का विकास करने में काफी अहम रोल अदा कर रहा है,इसलिए पूरे विश्व की नज़रे भी भारत की ओर उठी है,जिसका भारत सटीकता से स्वागत कर कूटनीतिक चर्चाओं के अतिरिक्त दुनियाँ के मेज़बान देशों व राष्ट्रीध्यक्षों को भारतीय संस्कृति की विविधता की सौगातें दी जा रही है,जिसका विशाल समृद्ध दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।वर्तमान में भारत के प्रति विश्व का सहयोगात्मक भाव विकसित हो रहा है जो सटीक उदाहरण है, यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हमारे पीएम 16 से 21 नवंबर 2024 की सफ़ल विदेश यात्रा पूर्ण कर 22 नवंबर 2024 को देर रात भारत पहुंचे, जिसमें नाइजीरिया ब्राज़ील गुयाना की यात्रा है,परंतु आज हम चर्चा का विषय पीएम द्वारा भारत के अनेकों राज्यों की सांस्कृतिक धरोहरों विविधताओं को इन राष्ट्रीअध्यक्षों, मेज़बान देशों को उपहार में देकर उन्हें मोहित कर दिया है, पिछले दिनों पीएम नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर गए थे।वह अपने साथ मेजबान राष्ट्राध्यक्षों के लिए देश के हर कोने से उपहार लेकर गए थे। इनमें आठ कलाकृतियां महाराष्ट्र से, पांच जम्मू-कश्मीर से, तीन-तीन आंध्र प्रदेश और राजस्थान से और दो झारखंड से थी।कर्नाटक, तमिलनाडु उत्तर प्रदेश,बिहार,ओडिशा औरलद्दाख से भी एक-एक कलाकृतियां थी।महाराष्ट्र के उपहारों में सिलोफर पंचामृत कलश नाइजीरिया के राष्ट्रपति को दिया गया।यह महाराष्ट्र के कोल्हापुर के पारंपरिक शिल्प कौशल का एक अद्भुत उदाहरण है।तीन देशों की अपनी यात्रा के दौरान पीएम अपने साथ महाराष्ट्र से 8, जम्मू और कश्मीर के 5, आंध्र प्रदेश और राजस्थान से 3-3, झारखंड से 2 और कर्नाटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और लद्दाख से 1-1 उपहार लेकर गए थे। पांच दिनों के दौरान कई देशों के 31 नेताओं से पीएम मोदी ने मुलाकात की तोद्विपक्षीय रिश्तों का एजेंडा आगे बढ़ाने के साथ-साथ इसबात का भी ख्याल रखा कि संबंधों में दोस्ती की महक और रंगत तोहफों के जरिए आगे तक जाए। हम पीएम की 16 से 21 नवंबर 2024 विदेश यात्रा में उपहार के जरिए भारतीय संस्कृति की विरासत दिखाने की करें तो,इन नेताओं को पीएम ने दिए ये उपहार (1) पुणे के कलाकारों के हाथ से बना चांदी का ऊंट और प्राकृतिक खुरदरा नीलम ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी एल्बनीज़ भारतीय पीएम से मुलाकात के बाद अपने साथ लेकर गए। वहीं पुर्तगाल के प्रधानमंत्री के साथ हुई मुलाकात में भारत की ओर से उपहार में पारंपरिक डिजाइन के साथ नक्काशीदार चांदी का शतरंज सेट उन्हें दिया गया। (2) भारत और इटली के बीच रिश्तों की रौशनी के प्रतीक के तौर पर प्रधानमंत्री जॉर्जिया मैलोनी को भारतीय पीएम ने चांदी से बना मोमबत्ती स्टैंड उपहार में दिया। वहीं चांदी से ही बनानक्काशीदार फलों का एक कटोरा कैरीकॉम के महासचिव के लिए तैयार उपहार बास्केट में शामिल था। (3) गयाना की प्रथम महिला के लिए तोहफा कश्मीरी रंगत के साथ पहुंचा था। इसमें पपीयर माचे बॉक्स में रखी पश्मीना शॉल अब उनके घर की सजावट और दोनों देशों के संबंधों की गर्माहट का भी एहसास कराएगी।कश्मीर की खुशबू कैरीकॉम देशों के नेताओं को दिए गए कस्टमाइज्ड गिफ्ट हैम्पर में भी शामिल थी। उन्हें तोहफों के साथ कश्मीरी केसर भी भारत से उपाहार के तौर पर मिली है। (4)पीएम के विमान में पहुंचे राजस्थान के उपहारों शामिल सिल्वर फोटो फ्रेम अब अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के साथ ब्यूनोस आयर्स पहुंच चुका है। वहीं राजस्थान के मकराना मार्बल से बना खास नक्काशीदार पिएट्रा ड्यूरा नॉर्वे के प्रधानमंत्री को भारत के साथ रिश्तों की याद दिलाता रहेगा। राजस्थान के शिल्पकारों की मेहनत और कारीगरी से तैयार सोने के काम वाली राज सवारी मूर्ति गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स के घर की शोभा बढ़ाएगी। भारतीय पीएम की गिफ्ट बास्केट में उत्तर भारत ही नहीं दक्षिण भारत के तोहफे भी विदेश पहुंचे। इस कड़ी में आंध्रप्रदेश कीमती पत्थरों से जड़ा सिल्वर क्लच पर्स ब्राजील के राष्ट्रपति की पत्नी को भेंट किया गया। वहीं कैरीकॉम देशों के नेताओं को दिए गए कस्टमाइज्ड गिफ्ट हैम्पर में आंध्र प्रदेश की अराकू घाटी में उगाई जाने वाली खास कॉफी को भी शामिल किया गया था। (5) नाइजीरिया के उपराष्ट्रपति को हजारीबाग की सोहराय पेंटिंग दी गई जो पशु,पक्षी और प्रकृति के चित्रण के लिए जानी जाती है।

वहीं इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के लिए पीएम मोदी खोवर पेंटिंग लेकर पहुंचे थे जो झारखंड की आदिवासी कला और सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व करती है। (6) उपहारों की कड़ी में चिली के राष्ट्रपति को भारतीय पीएम ने उत्तरप्रदेश में बना लकड़ी का बारीक नक्काशीदार और उत्कीर्ण चांदी फोटो फ्रेम भेंट किया।

वहीं कर्नाटक के छोटे से शहर चन्नपटना की विशिष्ट लकड़ी से बनी खिलौना ट्रेन उन्होंने गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के छोटे बेटे को दी। (7) फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को पीएम ने तमिलनाडु की प्रसिद्ध तंजावुर पेंटिंग भेंट की। इसे दोस्ती का इशारा कहिए या कूटनीति का संदेश, भारतीय पीएम ने फ्रेंच राष्ट्रपति को उस तमिलनाडु के कलाकारों की कला का नमूना भेंट किया जहां से सटे करईकल और पुदुचेरी इलाके में कभी फ्रेंच कॉलोनी हुआ करती थी। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय समृद्धि, संस्कृति विरासत विविधताओं का कूटनीति में ज़बरदस्त आगाज़ -हर तोहफ़ा कुछ कहता है!

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

### वृष
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है।

### मिथुन
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

### कर्क
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी।

### सिंह
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा।

### कन्या
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी। मित्रों के साथ घूमना-फिरना होगा।

### तुला
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

### वृश्चिक
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

### धनु
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

### मकर
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

### कुंभ
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

### मीन
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च होगा।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री राकेश कुमार। 10 अगस्त 986 को झुन्झुनू में जन्में राकेश कुमार शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं। नेट, एमए (इतिहास) बीए जेआरएफ कर राजकीय सेवाओं में शामिल हुए। आज ये शासन उप सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। नौजवान व ऊर्जावान अधिकारी के रूप में लोग इन्हे जानते हैं। जहां भी रहे जिस भी पद पर रहे लोगों से मेल मिलाप करके रहे। अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारियों से अच्छा तालमेल व उच्चाधिकारियों से अच्छा व्यवहार के कारण ही बड़े पदों पर रहकार कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, धौलपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़। मुख्यक कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण, जयपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट चित्तौड़गढ़। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, सीकर। अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर। विशिष्ठ सहायक, मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जेल विभाग, पंचायती राज के अधीनस्थ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ;स्वतंत्र प्रभार जयपुर श्री टीकाराम जूली के पास भी रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चुरू। उपखण्ड अधिकारी, चुरू। उपखण्ड अधिकारी, छबड़ा बारां। उपखण्ड अधिकारी, गंगापुर भीलवाड़ा। सहायक कलक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन भीलवाड़ा। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन बारां रहे। नौजवान व ऊर्जा से भरपूर इस अधिकारी की ऊर्जा सच में असीम है। अपने समय में से थोड़ा समय निकाल कर ये प्रकृति के नजदीक रहना चाहेंगे।




श्री राकेश कुमार
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी)

**रूपक शर्मा**

## विशेष आलेख

# पागल कहीं का......



हे भगवान,इस पागल का उद्धार जाने कैसे होगा। सुबह घर से निकलता है ये सोचकर कि कोई अच्छा काम आज भगवान इससे करवा ले। गायों को तो ऐसे भगाता है जैसे मानों गायों का कोई पूर्व जन्म का दुश्मन हो। कचरा खाते देख ये गायों को भगा देता है कहता है कि गाय देवताओं की जननी है। अब बेचारी इसकी दो रोटी से गायों का पेट थोड़ी भरता होगा। एक दम ही पागल है पता नहीं किसी से ज्यादा बातें नहीं करता। इधर-उधर की भी नहीं करता ,ना जाने इसका मन कैसे लग जाता होगा। मन्दिर भी नहीं जाता, अरे भाई मन्दिर ना जाय तो कोई बात नहीं इतने लोग पीर बाबा की मजार पर जाते हैं वहीं चला जा लेकिन नहीं कहीं जाता ही नहीं कहता है कि ईश्वर तो कण-कण में व्याप्त हैं अब इस पागल को कोई बताए कि कराड़ों रूपये लगाकर इतने आलिशान मन्दिर क्या पिकनिक मनाए जाने के लिए बनाए हैं क्या? बस पागलों की तरह कहीं भी कोई बुजुर्ग मिल जाता है उनके पास बैठकर पुरानी धुरानी बातें करता है और हंसाता है .मुस्कुराता रहता है। अब नए जमाने में पुराने लोगों की बातों से कौनसा भला होने वाला है कोई समझाए इसे। एलसीडी-एलईडी के जमाने में पुराने ब्लैक एण्ड़ वाईट टीवी में पिक्चर कौन पागल देखता है भाई, कोई समझाए इसे। अपने काम से काम रखता है अब ऐसे कैसे इस होशियार समाज में शामिल होगा कोई समझाए इस पागल को। शादियों में जाएगा तो लोगों को समझाएगा कि खाना उतना ही लेना प्लेट में कि बचा ना रह जाए क्योंकि अन्न देवता का अपमान होगा,अब इसे कौन समझाए जब पैसे खर्च करने वाले बेटी के बाप को ही परवाह नहीं तो बेगानी शादी में.. तू काहे अब्दुल्ला बन रहा है भाई। गर्मी आते ही परिण्ड़ों में पानी ड़ालेगा और पागल को देखो एक बार भी फेस बुक या सोशल मीड़िया पर फोटो नहीं ड़ाला,अबे तू पुण्य कमा रहा है तेरे पुण्य को देख कौन रहा है भाई, ज्यादा मत ड़ाल पर एकाध फोटो तो ड़ाल ही दिया कर,पर नहीं। पिछली बार भी पार्क सफाई में जब ग्रुप फोटो ली जा रही थी तो ये पगला पार्क की झांड़िया ही हटा रहा था,अरे ऐसे थोड़ी ना होता है भाई बस कर ली सफाई अब कम से कम नजर तो आ जा लोगों को। ये समझता भी नहीं जो दिखता है वो बिकता है। इसलिए पागल आज भी ढक्कन का ढक्कन है। इसका उद्धार कैसे होगा मैं तो बस यही सोच रहा हूं।

**रूपक शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार**
**बढ़ता राजस्थान**

## आज का इतिहास

### 24 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर 1759 में ज्वालामुखी विस्फोट।
- चार्ल्स डार्विन की 'आन द ओरिजिन आफ स्पेशीज' का 1859 में प्रकाशन।
- नेशनल राइफल एसोसिएशन (एनवाईसी) का 1871 में गठन।
- प्रख्यात दार्शनिक श्री अरविंदो को 1926 में पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति।
- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी के हत्यारे ली हार्वे ऑस्वाल्ड की 1963 में हत्या की गई।
- कांगो की राजधानी किंसासा में 1966 में पहला टीवी स्टेशन खुला।
- तमिलनाडु विधानसभा में 1986 में पहली बार एक साथ विधायकों को सदन से निष्कासित किया गया।
- दल बदल कानून के तहत 1988 में पहली बार लोकसभा सांसद लालदूहोमा को अयोग्य करार दिया गया।
- चीन का घरेलू विमान 1992 में दुर्घटनाग्रस्त, 141 लोगों की मौत।
- एमाइल लाहौद ने 1998 में लेबनान के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- एथेंस में सम्पन्न विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत की कुंजुरानी देवी ने 1999 में रजत पदक जीता।
- नेपाल में 2001 में माओवादियों ने सेना व पुलिस के 38 जवान मार डाले।
- पाकिस्तान और चीन ने 2006 में एक मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर हस्ताक्षर किये तथा अवाक्स बनाने पर भी सहमति हुई।



- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 2007 में आठ वर्षों के निर्वासन के बाद स्वदेश पहुँचे।
- मालेगाँव बम ब्लास्ट के मामले में आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने 2008 में एटीएस द्वारा अश्लील सीडी दिखाने का आरोप लगाया।

### 24 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- डिप्टी कमिश्नर बनने वाले पहले हिंदुस्तानी कवासाजी जमाशेदजी पेटिगरा का जन्म 1877 में हुआ।
- भारत के स्वाधीनता सेनानी तथा राजनेता छोटूराम का जन्म 1881 में हुआ।
- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री हीरा लाल शास्त्री का जन्म 1899 में हुआ।
- भारत के प्रमुख मुस्लिम राजनीतिज्ञों में से एक तथा बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल मोहम्मद शफ़ी कुरैशी का जन्म 1929 में हुआ।

# योग : प्राचीन भारत का अनमोल उपहार

योग, जो आज पूरी दुनिया में स्वास्थ्य और शांति का पर्याय बन चुका है, भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह न केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम है, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने का एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक साधन भी है।

### योग का इतिहास और उत्पत्ति

योग का इतिहास भारत में हजारों साल पुराना है। इसके सबसे पुराने उल्लेख वेदों और उपनिषदों में मिलते हैं। योग की विधिवत परिभाषा महर्षि पतंजलि द्वारा योगसूत्र में दी गई, जिसमें उन्होंने योग को चित्तवृत्ति निरोधः (मन की चंचल वृत्तियों को नियंत्रित करना) बताया। इसके अलावा, भगवद्गीता में भी योग के महत्व को विस्तार से बताया गया है। योग का प्रारंभिक उद्देश्य आत्म-साक्षात्कार और ईश्वर से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करना था। धीरे-धीरे यह जीवन शैली का हिस्सा बन गया और आज इसे आधुनिक विज्ञान भी अपनाने लगा है।

### योग का शाब्दिक अर्थ और उद्देश्य

'योग' शब्द संस्कृत के 'युज' धातु से बना है, जिसका अर्थ है 'जुड़ना' या 'एकता'। यह मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योग का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मनियंत्रण और आध्यात्मिक विकास प्राप्त करना है।

### योग के प्रकार

योग के कई प्रकार हैं, जो व्यक्ति की



आवश्यकता और प्रकृति के अनुसार अलग-अलग लाभ प्रदान करते हैं-

1. हठ योग- शारीरिक आसनों और प्राणायाम पर आधारित।
2. राज योग- ध्यान और मानसिक शुद्धि पर आधारित।
3. भक्ति योग- ईश्वर के प्रति प्रेम और समर्पण का मार्ग।
4. ज्ञान योग- ज्ञान और विवेक का मार्ग।
5. कर्म योग- नि:स्वार्थ कर्म का महत्व।

### योग के लाभ

1. शारीरिक स्वास्थ्य शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है। हृदय स्वास्थ्य, रक्त संचार और पाचन में सुधार करता है। मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को नियंत्रित करता है।
2. मानसिक स्वास्थ्य तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है। मन को स्थिर और शांत करता है। एकाग्रता और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है।
3. आध्यात्मिक विकास आत्मज्ञान की ओर ले जाता है। व्यक्ति को आंतरिक शांति और संतुलन प्रदान करता है।

### आज की दुनिया में योग का महत्व

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना यह दर्शाता है कि योग अब केवल भारत तक सीमित नहीं है। यह दुनिया भर में स्वास्थ्य, शांति और समरसता का प्रतीक बन गया है। महामारी के समय योग ने लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में अद्वितीय मदद की।

### निष्कर्ष

योग केवल व्यायाम नहीं है; यह एक जीवन शैली है। यह हमें अपने भीतर की शक्ति और ऊर्जा को पहचानने और उसका सदुपयोग करने का अवसर देता है। भारत का यह प्राचीन उपहार आज भी प्रासंगिक है और आने वाले समय में भी मानवता को स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन की ओर प्रेरित करता रहेगा।

**योग करें, निरोग रहें** - इस मंत्र को अपनाएं और भारत की इस अनमोल धरोहर को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाएं।

**अनिल माथुर**
**जोधपुर (राजस्थान)**


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की मेहनत व रणनीति रंग लाई

# कांग्रेस से सीट छीनकर रिकार्ड मतो से भाजपा ने दर्ज की जीत

कृष्णचन्द्र विजय





**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा - टोडारायसिंह क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की मेहनत व रणनीति के चलते भाजपा ने उनियारा देवली विधानसभा क्षेत्र के उप चुनावो में रिकार्ड मतो से जीत दर्ज कर कांग्रेस को चारो खाने चित करने में सफलता प्राप्त कर लर।

शनिवार को उप चुनावो के परिणाम जारी हुए। इसमें देवली उनियारा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर ने रिकार्ड मतो से जीत दर्ज कर भाजपा परचम लहराया। उप चुनावो की धोषणा के साथ भाजपा आला कमान ने इस सीट के प्रभारी के रूप में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को प्रभारी का दायित्व सौंपा। प्रभारी का दायित्व मिलने के साथ ही चौधरी देवली उनियारा क्षेत्र में सक्रिय होकर रणनीति बनाने में जुट गए। साथ ही कड़ी मेहनत कर देवली उनियारा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं साथ साथ मालपुरा टोडारायसिंह क्षैत्र के सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ताओं को जोड़कर जीत की रणनीति बनाना शुरू किया। रणनीति बनाने के साथ साथ चौधरी ने देवली उनियारा सीट के मतदाताओं पर अपनी छाप छोड़ना भी प्रारम्भ किया। जलदाय मंत्री चोधरी जिस तरह अपने स्वयं के चुनावो में जीत की रणनीति बनाते हैं ठीक उसी तरह की रणनीति उप चुनावो में देवली उनियारा सीट पर भी बनाकर रणनीति के अनुसार चुनाव प्रचार व कार्य प्रारम्भ किया। यहां गौरतलब है कि प्रदेश के विधानसभा चुनावो के परिणामो से लेकर आज तक भाजपा आलाकमान की ओर से जलदाय मंत्री चौधरी को जो भी दायित्व सौंपा है उसमें खरे उतरे हैं। चाहे वो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव ही क्यो न हो। भाजपा हाईकमान की ओर से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावो के दोरान भी जलदाय मंत्री चौधरी को जिन विधानसभा क्षैत्रो का दायित्व सौंपा था। उन सभी सीटो पर जलदाय मंत्री की मेहनत व रणनीति के बल पर जीत दर्ज की थी। जिसके चलते भाजपा हाईकमान भी जलदाय मंत्री की मेहनत व रणनीति के प्रति काफी प्रभावित था। जिसके चलते ही प्रदेश में उपचुनावो की धोषणा के साथ ही भाजपा हाईकमान ने जलदाय मंत्री चौधरी को देवली उनियारा विधानसभा सीट का दायित्व सौंपा था। इधर जलदाय मंत्री चोधरी ने भी भाजपा हाईकमान के निर्देशो की ईमानदारी से पालना करते हुए अपना दायित्व मेहनत से पूर्ण करने में दिन रात एक कर दिए। जिसका सुखद परिणाम शनिवार को उप चुनावो के परिणाम जारी होने के साथ ही सबके सामने आ गया। जलदाय मंत्री चौधरी की रणनीति के आगे कांग्रेस पूरी तरह से पस्त हो गई। कांग्रेस की रणनीति को धता बताते हुए चोधरी ने ऐसा खेल खेला कि पिछले दो बार से विजेता रही कांग्रेस को उप चुनावो में करारी हार का सामना करना पड़ा। केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के आगे दो बार से सीट पर कब्जा जमाने वाली काग्रेस को करारी हार का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। और भाजपा ने दो कार्यकाल के बाद रिकार्ड मतो से जीत दर्ज करने में सफलता प्राप्त कर ली।

## देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर विधायक बने



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने भाजपा को जीत दिलाई । यहां देखने वाली बात तो यह है कि शनिवार की सुबह मतगणना के प्रारंभ होने पर जो स्थिति भाजपा के पक्ष में बनी हुई थी परिणाम भी उसी के स्वरूप सामने आए। विधानसभा के उपचुनाव परिणाम में शनिवार की सुबह से ही भाजपा मतगणना में आगे चल रही थी तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा दूसरे स्थान पर बने हुए थे तो वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी कस्तूरचंद मीणा तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाए । यहां ऐसे में यहां भाजपा के राजेंद्र गुर्जर और निर्दलीय प्रत्याशी नरेंद्र मीणा के बीच प्रथम और द्वितीय का स्थान बरकरार बना रहा । जो परिणाम अंत तक वैसा का वैसा ही सामने आया जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को 41 हजार 121 मतों से पराजित किया है। ओर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को एक लाख 599 वोट मिले। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को 59 हजार 478 वोट मिले। इनके अतिरिक्त इंडियन नेशनल कांग्रेस के कस्तूर चंद मीना को 31 हजार 385 मत ही प्राप्त हुए हैं यहां कांग्रेस मतदान गणना के प्रारंभ से ही तीसरे स्थान पर टिकी रही। परिणाम आने के बाद विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा के रिटर्निंग अधिकारी शत्रुघन गुर्जर द्वारा विजयी प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को प्रमाण-पत्र देखकर विधायक घोषित किया गया

## शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में अभियान, अब मंगलवार को चित्तौड़ रोड़ मार्ग को करेंगे अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भीलवाड़ा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने के लिए अभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत प्रारंभ में अजमेर चौराहे से आरजिया चौराहे तक अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है।

**अतिक्रमण मुक्त किए गए स्थानों पर की जा रही गहन निगरानी :** नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण की रोकथाम के लिए लगातार कारवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण मुक्त किए गए स्थान पर गहन निगरानी भी रखी जा रही है ताकि पुनः अतिक्रमण की स्थिति ना हो। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत अब मंगलवार 26 नवंबर से चित्तौड़ रोड मार्ग पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को अतिक्रमण पर मार्किंग की जाएगी। साथ ही अनाउंसमेंट के माध्यम से आमजन को की जाने वाली कार्रवाई के बारे में पूर्व में ही सूचित किया गया है व सभी से अतिक्रमण के विरुद्ध चलाएं जा रहे अभियान में सहयोग की अपील की है।

## दुकान में सेंध लगाकर नकदी सहित लाखों का माल पार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( नि.स. )।** जयपुर रोड स्थित एक दुकान में सेंध लगाकर अज्ञात चोर 2.5 लाख रुपये की नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना शुक्रवार रात की बताई गई है। अन्य दिनों की तरह दुकान मालिक कमलेश सैनी ने शनिवार सुबह दुकान खोली तो वारदात का पता चला। दुकान में सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घटना स्थल का जायजा लिया। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को बताया कि चोरों ने मुख्य शटर को नहीं छेड़कर दुकान के पिछले हिस्से में लगे लोहे के दरवाजे को तोड़ कर दुकान में प्रवेश किया। जहां चोर काजू, बादाम, किशमिश, बीड़ी, सिगरेट, कोल्डड्रिंक सहित लाखों रुपये की सामग्री चोरी कर ले गए। चोर दुकान में रखे ढाई लाख रुपये नकद भी ले गए। पीड़ित ने बताया उसे किसी को भुगतान करना था। इस लिए उसने यह राशि दुकान में ही रख दी थी। घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को कुछ सामान दुकान के पीछे खाली भूखंड में मिला है। इसके अलावा दरवाजा तोड़ने के काम लिए औजार भी मिले है।

## संगठन चुनावो को लेकर मीटिंग आयोजित संयोजक व सह संयोजक किए मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कार्यालय में भाजपा संगठन चुनावो को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित हुई। शनिवार को भाजपा जिला संगठन चुनाव सह प्रभारी एडवोकेट राजकुमार जैन की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन चुनावो को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में भाजपा शहर मंडल के संयोजक संत कुमार जैन, सह संयोजक रमाकान्त पटेल, कन्हैयालाल शर्मा, लावा मंडल चुनाव संयोजक शीला मीणा, सह संयोजक इन्द्रपाल चौधरी, दयालदास स्वामी, पचेवर मंडल के संयोजक एडवोकेट पुरूषोतम सैनी, सह संयोजक पदमचन्द जांगिड़, यादराम दगोलिया, लाम्बाहरिसिंह मंडल संयोजक त्रिलोकचन्द जैन, सह संयोजक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा व जगदीश चौधरी को मनोनीत किया गया। साथ ही बैठक में बूथ समिति गठन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मालपुरा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष , एडवोकेट गणेश चौधरी, कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर, एडवोकेट विनय जैन मौजुद रहे।

# नगर कीर्तन यात्रा का देवली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया





बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा अगमगढ़ गुरुद्वारा साहिब से पुष्कर राज गुरुद्वारा साहिब जाने वाली नगर कीर्तन यात्रा का देवली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। शनिवार को स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता गोविंद सिंह सेठी ने बताया कि यहां गुरु नानक नाम लेवा साध संगत ने नगर कीर्तन यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए जो बोले सो निहाल के जय घोष लगाई और नगर कीर्तन यात्रा में शामिल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी ने नगर कीर्तन यात्रा की अगवाई कर रहे पांच प्यारों को माला पहना कर अभिनंदन किया। तो वहीं यात्रा में शामिल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन किए। इस दौरान देवली की साथ संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के रथ वहां पर पुष्पों की वर्षा की और नगर कीर्तन यात्रा को शहर मुख्य मार्गो से होते हुए अटल उद्यान लाया गया । इस बीच शहर वासियों ने भी नगर कीर्तन यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा का भव्य स्वागत किया । नगर कीर्तन यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई अटल उद्यान पहुंची जहां सेवादारियों ने यात्रा के प्रबंधक बाबा लखा सिंह सहित सैकड़ो यात्रियों को अटूट लंगर प्रसादी वितरण की। इस मौके पर नगर कीर्तन यात्रा के प्रबंधक बाबा लखा सिंह ने देवली गुरुद्वारा कमेटी एवं सेवादारियों का सम्मान करते हुए उन्हें सरोपा भेद किया । इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह सुरी, मनजीत सिंह काका ,डॉ गुरमीत सिंह सेठी ,अमर दास बिलोची ,नरेंद्र सुखवानी ,प्रितपाल सिंह सलूजा, खुशबीर सिंह ,आनंद, हरीश माधवनी ,दौलत खत्री ,पीयूष खत्री ,गौरव सलूजा ,हरिदास बलोची ,अशोक कुमार बलोची, मोहनलाल बिलोची ,पंकज बीलोची ,बख्शीश बिस्नानी ,किशन दास बिस्नानी ,सनी माधवानी ,सर्वजीत सिंह आनंद ,सुभाष मनचंदा ,विनोद धर्मानी हैप्पी सिंह, आनंद नानकराम रुपेता टहल रुपेता सहित सैकड़ो महिला पुरुष सेवादारियों ने बढ़-चढ़कर सेवाएं दीऔर पुण्य कमाया तत्पश्चात यात्रा शाम को 4.30 बजे पुष्कर राज की ओर रवाना हो गई।

## शॉर्ट सर्किट के चलते बाजरे की कड़वी में लगी आग, हजारों का नुकसान

राकेश शर्मा



भाड़ौती. खिरनी कस्बे के गुर्जरों की ढाणी में आग लगने के पश्चात बिखरा हुआ सामान

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** भाड़ौती क्षेत्र के खिरनी नगर पालिका कस्बा में शुक्रवार सुबह गुर्जरों की ढाणी में घरेलू बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लग गई। इसके चलते पीड़ित किसान को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित रामसिंह गुर्जर पिता भोजराज गुर्जर 45 वर्षीय निवासी खिरनी ने बताया कि आग, टीनशैड से निकल रही घरेलू कनेक्शन की बिजली लाइन में स्पार्किंग के चलते लगी। चिंगारी से टीनशैड में मवेशी के लिए रखी बाजरे की कड़वी ने आग पकड़ ली। इसमें दो चारे के टोप, 25 हस्ती पाइप, 15 कट्टे गेहूं, दो बाजरे के कट्टे सहित अन्य सामान ने भी आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग में घरेलू सामान सहित अन्य सामान भी जलकर राख हो गए। आगजनी में पीड़ित को हजारों रुपए का नुकसान हुआ। सूचना पर नगर पालिका चेयरमैन अध्यक्ष रूपसिंह डोई मौके पर पहुंचे और पीड़ित को सरकारी सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में रामसिंह गुर्जर ने खिरनी चौकी प्रभारी को सूचित किया, लेकिन चौकी प्रभारी की ओर से पीड़ित को संतोषजनक जवाब नहीं देने से रिपोर्ट बौंली थाने में देने की बात कही।

## जनवरी से लागू होगा नियम, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को जारी किया आदेश

### ऑनलाइन टिकट बुक कराने को अब साइट पर अपलोड करनी होगी आईडी

राकेश शर्मा




सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)। फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए अब रणथभौर पार्क भ्रमण की एडवांस ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया में जल्द ही बदलाव देखने को मिलेगा। इसके लिए वन विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। वनविभाग के अनुसार इस बदलाव को जनवरी से किए जाने की संभावना जताई जा रही है। वन विभाग सूत्रों के अनुसार बुकिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए एडवांस ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव लाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए विभाग की ओर से अब एडवांस ऑनलाइन बुकिंग के लिए पर्यटकों की आईडी भी वन विभाग की सफारी बुकिंग साइट पर अपलोड करनी होगी। हालांकि यह नई प्रक्रिया जनवरी से लागू होगा!

फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक : बुकिंग में फर्जीवाडे पर लगाम लगाने के लिए अब पर्यटकों को एडवांस ऑनलाइन बुकिंग करने के दौरान आईडी और विदेशी पर्यटकों को पासपोर्ट भी साइट पर अपलोड करना होगा। विभाग की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

प्रमोद कुमार धाकड़,
उपवन संरक्षक(पर्यटन), रणथभौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।

एसएसओ आईडी से एक बुकिंग का हुआ था निर्णय

उल्लेखनीय है कि दो साल पहले वन विभाग की ओर से इस संबंध में एक ओर निर्णय किया गया था। इसके तहत विभाग की ओर से एक एसएसओ आईडी से एक दिन में केवल एक बार ही लॉग इन और बुकिंग करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन इसके बाद ट्रेवल एजेंट की ओर से अलग-अलग आईडी के माध्यम से बुकिंग की जाने लगी।

## अजमेर-अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस (02 जोड़ी) रेलसेवाओं का फुलेरा स्टेशन पर ठहराव हुआ, सांसद राव राजेंद्र सिंह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना की

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स )।** रेलवे प्रशासन के द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर-अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवाओं का आगामी आदेशों तक शनिवार से फुलेरा स्टेशन पर ठहराव दिया गया हैं। शनिवार को सांय 7.15 बजे जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के द्वारा ट्रेन को हरीझंडी दिखाकर रवाना की गई। इस दौरान नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा,पालिका नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक,केपी गगरानी,भूपेंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता,दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत अशोक वासदेव,सोनू गगरानी,गोविंद सिंह बडगुजर,एस.के माथुर,विनोद अरोड़ा,फुलेरा-अजमेर दैनिक रेलयात्री संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा, खुशाल कुमावत,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा,महावीर प्रसाद जैन,देवकरण गुर्जर हरीश बाडीवाल, एमपीएस नेमीचंद कुमावत,पार्षद पूजा भाटी, सरदार सिंह चौधरी,यतेंद्र झांकड़ा,अभिषेक वर्मा,राजेंद्र वर्मा सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे। काबिले गौर हैं कि गाड़ी संख्या 19611, अजमेर-अमृतसर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 23 नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर करीब 7.15 बजे पहुँची। इसी प्रकार गाडी संख्या 19612, अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 27 नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर 07.21 बजे आगमन एवं 07.23 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 19613, अजमेर-अमृतसर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा 25 नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर 19.10 बजे आगमन एवं 19.12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19614, अमृतसर-अजमेर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 नवम्बर को फुलेरा स्टेशन पर 07.21 बजे आगमन एवं 07.23 बजे प्रस्थान करेगी।

## रेलवे स्टेशन के समीप हृदयघात से क्षेत्रीय वन अधिकारी की मौत

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नबर चार पर सीसीएफ कार्यालय के पास शुक्रवार को हृदयगति रुकने से एक क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) की मौत हो गई। सूचना पर परिजन व वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मृतक रामनरेश (57) पुत्र नाथूलाल गुर्जर निवासी कोथाली है। वह रणथभौर टाइगर रिजर्व की विस्थापन शाखा में रेंजर के पद पर कार्यरत थे। रामनरेश रोजाना अपने गांव से सवाईमाधोपुर आते थे। वह गांव से सवाईमाधोपुर तक डेली अप-डाउन करते थे। गत दिवस भी वह सवारी गाड़ी से सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नबर चार पर उतरे थे। इसके बाद थोड़ी देर रेलवे स्टेशन के समीप बैठ गए और अचानक से बेहोश हो गए। उनके अचेत होने से मौके पर ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रामनरेश को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि कपूर का कार्डियक अरेस्ट से निधन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाजसेवी एवं शिक्षाविद शशि कपूर का निधन शनिवार सुबह कार्डियक अरेस्ट से हो गया। वे 70 वर्ष के थे एवं विगत कुछ समय से खराब तबियत से जूझ रहे थे। कपूर के निधन की सूचना के साथ ही कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक पार्टियों में शौक की लहर व्याप्त हो गई। प्रखर व्यक्तिव के धनी एवं स्पष्ट वक्ता कपूर ने कांग्रेस मे विभिन्न पदो पर काम किया एवं सटीक नेतृत्व दिया। वे राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य रहे एवं जयपुर शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। महाराजा कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के दौरान ही वह राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल थे और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य थे। उन्होंने पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य किया और सभी के द्वारा उन्हें बहुत प्यार और सम्मान दिया गया। शशि कपूर एक भावुक सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए कई योगदान दिए। वह शिक्षा क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से शामिल थे और वंचितों के उत्थान के लिए लगन से काम किया।

# शोडशम् बहादुर नागरिक अवार्ड एवं संविधान दिवस पर सेमिनार 26 को

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय शाहिद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन एवं विधि संस्थान जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में शोडशम् पुण्य दिवस एवं संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर 2024 को कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है फाउंडेशन के सचिव आलोक द्विवेदी के अनुसार राजस्थान में भरतपुर जिले के लघु काशी के नाम से प्रसिद्ध कस्बा वेयर के मूल निवासी एवं मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शिक्षा प्राप्त कर पले बढ़े वीर सपूत शाहिद सुशील कुमार शर्मा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले में शहीद हो गए थे उनकी स्मृति में एकादशम् अवार्ड समारोह में बहादुर नागरिक 2024 वैश्विक एवं असाधारण प्रतिभा अवार्ड 2024 के साथ संविधान दिवस के उपलक्ष में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा जिसका विषय संविधान एवं मानव अधिकार चुनौतियां व समाधान होगा। विधि संस्थान जीवाजी विश्वविद्यालय सभागार में 26 नवंबर 2024 को अपरांत 2.00 बजे से 5.00 बजे तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राकेश सक्सेना पूर्व न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ,अध्यक्षता पूर्व न्यायाधिपति न्यायमूर्ति बी के दुबे पूर्व न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय , विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार शर्मा अधिवक्ता एवं सदस्य बार काउंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली, एवं मुख्य वक्ता के रूप में फाउंडेशन के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान संयोजक यतेन्द्र कुमार पाण्डेय् होंगे। कार्यक्रम में वाद विवाद, निबंध ,चित्रकला प्रतियोगिता, अवार्ड 2024 के साथ खेलकूद ,सामाजिक न्याय , बालिका शिक्षा, पर्यावरण वृक्षारोपण के साथ अन्य फाउंडेशन के उद्देश्यों को लेकर कार्य करने वाली राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व को सम्मान अवार्ड प्रदान किए जाएंगे।

### राजस्थान से होगी 21 प्रतिभाये सम्मानित

राजस्थान इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के साथ खेलकूदों में अपना वर्चस्व जमाने वाले प्रतिभावान प्रतिभागियों के साथ लेखक कवि योग गुरु को भी सम्मानित किया जाएगा!

# सर्वाइकल कैंसर जागरूकता और रोकथाम (एचपीवी) कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर शौर्य और सीरम इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने चिनार पब्लिक स्कूल, अलवर के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता और रोकथाम (एचपीवी) कार्यक्रम का आयोजन चिनार पब्लिक स्कूल, अलवर में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसके बाद छात्राओं ने भावपूर्ण आह्वान किया। इवेंट चेयर रो विनीता गुप्ता ने सभा का स्वागत किया। डॉज़ देवयानी राणावत ने सर्वाइकल कैंसर, इसके कारणों, लक्षणों और रोकथाम पर बात की।एचपीवी वैक्सीन और खुराक के महत्व के बारे स्कूल के छात्राओं के साथ जानकारी साझा की गई। साथ ही साथ छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती रचना कठपालिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अंत मे सभी छात्राओ को पैम्पलैट दीये गए और सबको टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।रो समीर भार्गव का बहुमूल्य सहयोग इस आयोजन को संभव बनाने में था। कार्यक्रम में एजी रो स्वाति मित्तल, अध्यक्ष रो सुनीता मित्तल सहित रोटरी क्लब अलवर शौर्य के अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्राएं माही और सुहानी ने मंच संचालन किया।

# सुखवंत सिंह बाबा हीरारनाथ आश्रम पहुंचे जीतने के तुरंत बाद, महंत रूपनाथ जी महाराज का लिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान



अलवर (का.स.)। मतगणना के दिन भारी उठापोह के बीच अपनी जीत प्रशांत होने के बाद सुखवंत अपने समर्थकों के साथ बाबा हीरनाथ आश्रम पहुंचे। नवनिर्वाचित विधायक रामगढ़ सुखवंत सिंह व वन मंत्री संजय शर्मा बाबा हीरानाथ आश्रम के धूने पहुंचे और सिद्ध संत व बाबाओं का आशीर्वाद लिया।आश्रम के महंत रूपनाथ जी महाराज ने रामगढ़ क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक सिंह को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया और कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए नवाचार करें। जनता ने आपको सिरमौर किया है इसलिए जनता के विश्वास पर खरे उतरे।

# निराश्रित बच्चों की मदद के लिए आगे आई सामाजिक संस्थाएं

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बजरिया नगला स्टोर में संचालित श्री जगदीश बालगृह में रह रहे निराश्रित (अनाथ) बच्चों के सहयोग के लिए स्थानीय स्तर पर सामाजिक संस्थाएं आगे आई है। एक लंबे समय से संचालित यह आश्रम सरकारी सहूलियत से वंचित रहकर स्ववित्त पोषित रूप से संचालित है। लगभग एक दर्जन से अधिक निराश्रित बच्चों के साथ आश्रम के लिए फ्यूचर चाईल्ड इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल बयाना के निदेशक सुरेन्द्र खटाना की ओर से सभी निराश्रित (अनाथ) बच्चों के लिए एक-एक जोड़ी कपड़े भेंट किए गए। साथ ही बालगृह में रह रहे निराश्रित सभी बच्चों के लिए एक समय की भोजन व्यवस्था की गई। सुरेन्द्र खटाना ने बताया कि उन्हें ऐसे जरूरतमंद इंसानों की मदद करने से सुकून की अनुभूति होती है। इससे पूर्व वे ऐसे जरूरतमंद दर्जनों परिवारों व निराश्रित बच्चों के लिए मदद करते आ रहे है। आगे भी वे ऐसे परिवार व जरूरतमंदों की मदद करते रहेंगे और अन्य लोगों से भी मदद करवाने का प्रयास करेंगे। खटाना ने बताया कि लोगों को जरूरतमंद इंसानों की मदद करते रहना चाहिए। सुरेन्द्र खटाना ने बताया कि बालगृह में रह रहे बच्चों के लिए अभी कई साधन सुविधाओं की बहुत आवश्यक रूप से जरूरत है। सर्दी के मौसम में खासकर जहाँ ऊनी वस्त्र साथ ही खाद्य सामग्री सहित अन्य रोजमर्रे के सामान की जरूरत है। कई अन्य समाजसेवियों ने संस्था के सहयोग के लिए कदम बढ़ाए है। जिससे आश्रम में रह रहे बच्चों को कोई परेशानी महसूस न हो और बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। इस दौरान गुरुकुल एकेडमी के निदेशक हैप्पी डोई, लोकी समराया, मनोज शर्मा, अरुण सिंह, विष्णु सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुट्टी क्रेशर मशीन में आया अधेड़ का हाथ, पंजा कटकर हुआ अलग, जिला अस्पताल रेफर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ।** थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर में कुट्टी मशीन में कड़ब कुटवाते समय एक व्यक्ति का हाथ कुट्टा मशीन में आ गया। जिससे व्यक्ति का पंजे तक हाथ कटकर अलग हो गया। जिसे परिजन उपचार के लिए रुदावल सीएचसी पर लाए, जहां स्थिति गंभीर होने से आरबीएम अस्पताल रैफर कर दिया। गांव लखनपुर निवासी नवाबसिंह उर्फ नब्बो लोधा (54) अपने खेत पर कड़ब को कुट्टी मशीन से कुटवा रहा था कि अचानक नवाब सिंह का हाथ कुट्टी मशीन में आ गया। जिससे उसका पंजे तक हाथ कटकर अलग हो गया।

# भरतपुर एनसीआर घोषित होने के बाद क्रेशर इंडस्ट्रीज अस्थाई बंद मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट, मजदूर पलायन होने को मजबूर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** वायु प्रदूषण के चलते एनसीआर क्षेत्र की हवा जहरीली हो गई है। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी आ रही है। सांस से संबंधित मरीजों की संख्या में इजाफा देखा गया है। जिसके गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप-चार लागू कर दिया है। जिसके चलते निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं बात भरतपुर जिले की करे तो यह भी एनसीआर का हिस्सा है। यहां भी माइंस और क्रेशर इंडस्ट्रीज को बंद करा दिया गया है। जिसके चलते अब मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दिहाड़ी मजदूरों का कहना है कि प्रदूषण कंट्रोल उपाय लागू होने से उन्हें डर है कि उनके लिए अपने बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करना मुश्किल हो जाएगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विजिलेंस टीम लगातार क्षेत्र का दौरा कर रही है। साथ ही जो नियमों की पालना नहीं कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मजदूरों ने बताया कि गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पहले से ही उपाय करने चाहिए थे अब जिस तरह से इंडस्ट्रीज को बंद किया गया है। जिसके चलते दिहाड़ी मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। कई मजदूर ऐसे है जिन्हें 350 से 400 रुपए मजदूरी मिलती है और इसी से उनके परिवार का पालन पोषण होता है और वहीं परिवार में कमाने वाले है। उन्हीं के ऊपर परिवार निर्भर है। व्यापारीयों का कहना है कि भरतपुर एनसीआर क्षेत्र में आने के चलते पहले से यहां उद्योग धंधा नहीं है और लोगों को बाहर मजदूरी करने जाना पड़ रहा है। इसके अलावा वायु प्रदूषण को देखते हुए माइंस और क्रेशर इंडस्ट्रीज को बंद किया गया है। उसके चलते व्यापारी और मजदूरों का हाल बेहाल हो जाएगा। सरकार को पहले से ही वायु प्रदूषण को रोकने के उपाय करने चाहिए जिससे आगे व्यापारी और मजदूरों के सामने संकट खड़ा नहीं हो सके। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि भरतपुर में पिछले तीन दिन पहले एक्यूआई 250 के आस पास था जो शुक्रवार को 170 के आस पास रहा।सभी माइंस और क्रेशर इंडस्ट्रीज को बंद करा दिया है। इसकी शक्ति से पालना के लिए विजिलेंस टीम लगातार क्षेत्र का दौरा कर रही है।

**एक्यूआई, क्या है इसका मतलब :** एयर क्वालिटी इंडेक्स एक सूचकांक है जो बताता है कि आपके आसपास की हवा कितनी साफ या जहरीली है। इस सूचकांक के जरिए हम समझ सकते हैं कि वायु प्रदूषण का स्तर क्या है और यह हमारे स्वास्थ्य पर क्या असर डाल सकता है।

# इसे कहते हैं किस्मत, सुखवंत को राजयोग तो मिलना ही था....

रूपक शर्मा



**अलवर ( बढ़ता राजस्थान )।** किस्मत क्या होती है ये बात साफ तौर पर नजर आ रही है,रामगढ़ उपचुनाव में देखने को मिल रही है कि आखिर कार रामगढ की जनता ने भाजपा सुखवंत सिंह को राजस्थान विधानसभा भेज ही दिया। लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति के प्रधान रहे सुखवंत सिंह को वर्ष 2018 में भाजपा ने इन्हें अपना प्रत्याशी बनाया था और माना जा रहा था कि ये चुनाव जीतने में सक्षम हैं लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान ही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह का निधन हो गया था, फिर इस सीट पर उपचुनाव हुए जिसमें बहुजन समाज पार्टी ने जगत सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया और यह कांग्रेस की उम्मीदवार सफिया खान से चुनाव हार गए। इसके बाद वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में सुखवंत सिंह ने टिकट की दावेदारी की, लेकिन चुनाव की टिकट की दौड़ में भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान देव आहूजा के भतीजे जय आहूजा आगे रहें और उन्हें टिकट मिल जाने पर इन्होंने बगावत कर चंद्रशेखर राव की पार्टी आजाद समाजवादी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ा और दूसरे नंबर पर रहे यहां भाजपा के उम्मीदवार जय आहूजा की जमानत जब्त हो गई। इस सीट पर कांग्रेस के जुबेर खान चुनाव जीते वर्ष 2018 में हुए चुनाव में सुखवंत सिंह ने 72,700 वोट प्राप्त किया वहीं वर्ष 2023 में आजाद समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ा और 74,559 वोट प्राप्त किए और दूसरे नंबर पर रहेण् भारतीय जनता पार्टी ने बागी चुनाव लड़े सुखवंत सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया था। लेकिन विधि का विधान देखिए जिसकी किस्मत में राजयोग होता है उसे किसी ना किसी बहाने से मिल ही जाता है। अब रामगढ की जनता ने उन्हें राजस्थान विधान सभा भेज ही दिया है।

अब सरकार भाजपा की है और रामगढ सबसे हॉट सीट मानी जा रही थी अब देखना है कि नवनिवार्चित एमएलए सुखवंत सिंह क्षेत्र की जनता के लिए क्या नवाचार करते हैं।

# उपचुनाव में जीत का कारण रही भाजपा प्रभारी और प्रदेशाध्यक्ष की रणनीति : शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** राजस्थान विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की शानदार जीत का श्रेय वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत संयुक्त कर्मचारी महासंघ तथा भाजपा नेता बृजमोहन शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राजस्थान के प्रभारी महात्मा जी अग्रवाल एवं राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को दिया है। शर्मा ने बताया कि उक्त तीनों की सफल रणनीति ही भाजपा की जीत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इन दोनों के अलावा राष्ट्रीय नेतृत्व व समर्पित भाजपा कार्यकर्त्ताओं पर आमजन ने विश्वास कर भाजपा के पक्ष में मतदान किया, सभी मतदाता साधुवाद के पात्र हैं। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की और एक उम्मीद जाहिर की है वह है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व! शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार का 1 साल बेमिसाल साबित हुआ।शर्मा ने बताया कि अभी आवश्यकता है राजस्थान सरकार भ्रष्टाचार के चलते जो गलत नियुक्तियाँ एनआरएचएम योजना में चिकित्सा विभाग में जिला कार्यक्रम प्रबंधक पदों पर हुई हैं। उन पर भी कार्रवाई करें।वहीं चिकित्सा विभाग में संविदा कर्मियों को दो- दो तीन- तीन साल हो जाने के बाद भी उन्हें वेतन एवं वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ लालफीता साही के चलते जो लाभ मिलना चाहिए था नहीं मिल रहा। इस और भी राज्य सरकार को ध्यान देना होगा।उन्होंने बताया कि सर्वोच्च प्राथमिकता से मॉनिटरिंग के माध्यम से अभाव उपयोग कर निराकरण हो।दूसरी तरफ शर्माने बड़े ही स्पष्ट शब्दों में बताया आने वाले समय में सबका साथ,सबका विश्वास लेकर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ सशक्त भाजपा, विजयी भाजपा के लिए पंचायत राज चुनाव, नगर निकाय चुनाव में भी प्रदेश के आमजन का विश्वास जीतेंगे।

# लायंस क्लब अलवर द्वारा संचालित लायंस हॉस्पिटल में 38 जरूरतमंद लोगो के नि:शुल्क मोतियाबिन्द के सफल ऑपरेशन हुए

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** संचालित लायंस हॉस्पिटल, मूंगसका अलवर द्वारा अक्टूबर 2024 माह में नि:शुल्क नेत्र रोग शिविर लगाये गए सभी मरीजो को ओपीडी में देखकर नि:शुल्क दवा वितरित की गयी वही शिविर में चिन्हित मरीजो को मोतियाबिन्द के नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु अलग-अलग दिनांक को मरीजो की सुविधानुसार बुलाकर पुर्णत: नि:शुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन किये गए। लायंस हास्पिटल मूंगसका अलवर के अध्यक्ष बीएन थरेजा,सचिव ओमप्रकाश खण्डेलवाल ने बताया कि लायंस क्लब अलवर द्वारा अक्टूबर माह में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रियंका गुप्ता द्वारा लायंस हॉस्पिटल में कुल 38 जरूरतमंद लोगों के नि:शुल्क आंखों के ऑपरेशन भामाशाहों व लायन्स सदस्यों के आर्थिक सहयोग से किये गये। शनिवार को लायंस हॉस्पिटल में लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने सभी मरीजो को छुट्टी के वक्त लायंस हॉस्पिटल द्वारा दी गयी दवाए चश्मा एवं पुष्प देकर सभी मरीजो के अच्छे एवं सफ्ल ऑपरेशन होने की बधाई दी साथ ही डॉ. प्रियंका गुप्ता ने ऑपरेशन पश्चात् रखने वाली सावधानियो से मरीजो एवं उनके परिजनों को अवगत करवाया। यह हॉस्पिटल लायन्स क्लब अलवर के अन्तर्गत संचालित है। पदाधिकारियों ने इस मौके पर अन्य सेवा कार्यो की चर्चा भी करी जिसमे सभी ने अपनी सहमती एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता लायन्स क्लब अलवर के अध्यक्ष लायन रविन्द्र गर्ग, सचिव एल गुप्ता, लायन इंजीनियर सुभाष जोशी, लायन मानक चंद गुप्ता, लायन सुरेश गुप्ता, हीरालाल गुप्ता, सुरेश गोयल, अमित खण्डेलवाल आदि मौजूद थे।

# विरोध प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर कसो कमर : जिलाध्यक्ष




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शनिवार को जिला कार्यालय काली मोरी अलवर पर जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ द्वारा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जयपुर डिस्कॉम (बीएमएस) प्रदेश अध्यक्ष गोविंद पालीवाल मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री हेमंत कुमार त्रिवेदी विशिष्ट अतिथि अभिनव शर्मा विधि सलाहकार एवं महेश आवाना उपस्थित रहे।

सभा का मुख्य उद्देश्य विद्युत विभाग में हो रहे अंधाधुंध निजीकरण का विरोध करना एवं निगमों में लागू ओ पी एस को बहाल करवारकर ईपीएफ की कटौती बंद कर जीपीएफ कटौती लागू करना व राज्य सरकार के कर्मचारियों के अनुसार आर जी एच एस की सेवाओं का लाभ देना आदि रहे।

प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा निजीकरण को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 25 /11 /24 व 29/ 11/ 24 को किए जाने वाले विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

साथ ही बैठक में प्रदेश महामंत्री जी के द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया जिसमें संरक्षक पद पर अशोक कुमार शर्मा मोरध्वज यादव एवं विकास शर्मा को नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष पद पर विशाल शर्मा महामंत्री पुष्पेंद्र सैनी कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा संगठन मंत्री राजेंद्र शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक जाटव उपाध्यक्ष पद पर देवदत्त यादव रवि प्रजापत सुशील चौधरी धीरेंद्र सिंह सुरेंद्र शर्मा संयुक्त महामंत्री बृजेश शर्मा मंत्री पद पर दौलत जाटव मुनेश शर्मा दुलीचंद प्रजापत रामनिवास मीणा इन्द्रलाल सैनी प्रचार मंत्री पद पर धर्मवीर शर्मा एवं रामेंद्र यादव मीडिया प्रभारी शशिभूषण सैनी एवं मनीष प्रजापत कार्य समिति सदस्यों में मोनू राम जांगिड़ महेंद्र सिंह सोनू शर्मा रिंकू चौधरी विशाल शर्मा बगड़ यादराम प्रजापत राहुल गुप्ता रामप्रसाद जाटव दिनेश शर्मा जितेंद्र कुमार को नियुक्त किया गया।

# रोटी बैंक संचालक डॉ.आर.सी.यादव के बानसूर आगमन पर हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** बानसूर के समाजसेवी व रोटी बैंक संचालक आरसी यादव को विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण आयोग भारत सरकार से मानक उपाधी मिलने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं,जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य सम्मान किया गया। नई दिल्ली से बानसूर आगमन पर कोटपूतली सड़क मार्ग पर जिला पार्षद प्रतिनिधि मनोज यादव की अगुवाई में भव्य सम्मान किया गया।रोटी बैंक की टीम व विभिन्न समाजों के गणमान्य लोगों द्वारा डॉ आरसी यादव का माला व साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।

वहीं श्री कृष्ण छात्रावास में यादव समाज के अध्यक्ष सुभाष यादव, बानसूर हॉस्पिटल में किसान महापंचायत के मंत्री देशराज मेहरा, प्रिंस डिफेंस एकेडमी में रामसिंह यादव व सियाराम कोचिंग में बलवीर गुर्जर के नेतृत्व में भी भव्य सम्मान किया गया।डॉ आर.सी. यादव ने सभी क्षेत्रवासियों को धन्यवाद दिया और कहा कि रोटी बैंक द्वारा निशुल्क सेवा का दायरा बढ़ाया जाएगा और मानव कल्याण के लिए जीवन पर्यन्त सेवा करता रहूँगा।

# क्लीन भुसावर ग्रीन भुसावर कार्यक्रम का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भुसावर बाग बगीचा एवं अचार उद्योग के लिए संपूर्ण भारत के साथ कुछ अन्य देशों में भी जाना जाता है भुसावर कस्बे को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाने के लिए यहां के प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी निभानी चाहिए यह कहना है कृषि महाविद्यालय के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर उदयभान सिंह क्लीन भुसावर ग्रीन भुसावर अभियान के तहत एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों के अवसर पर अपना विचार व्यक्त कर रहे थे वक्ताओं ने कहा कि कचरा सड़क पर नहीं फेके, वर्षा ऋतु में जो पौधे लगाए हैं उनकी देखभाल करें ,उनमें 15 दिन में पानी दें ,कृषि महाविद्यालय भुसावर के नवीन परिसर में अशोक मोलसरी, अआम व मौसमी के लगभग 450 पौधे लगाए गए हैं महाविद्यालय के विद्यार्थी उनकी नियमित देखभाल कर रहे हैं।

सर्दी के मौसम में पानी की कमी से पौधा मरने की ज्यादा संभावना रहती है ,इसलिए पानी देकर थाले मैं नमी बनाए रखें, कस्बे या गांव को देखकर लोगों के रहन सहन आचार विचार का पता चलता है। हमें भुसावर कस्बे की समृद्धि के लिए काम करना चाहिए।

# जेईई-मेन 2025 - हो सकते हैं 16 लाख से अधिक आवेदन

## जनवरी सेशन के लिए हुए 13.95 लाख जिस्ट्रेशन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन 2025 में अब तक के सर्वाधिक करीब 16 लाख से अधिक विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन करवाने की उम्मीद है। हाल ही में जेईई–मेन जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया 22 नवम्बर को समाप्त हुई है। इसमें 13.95 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। परीक्षा 22 से 31 जनवरी के प्रत्येक दिन दो पारियों में संपन्न होगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि गत वर्ष पहले सेशन के लिए 12 लाख 21 हजार 764 ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इस वर्ष 22 नवम्बर को रात 9 बजे तक करीब 13 लाख 95 हजार विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। जनवरी में होने वाली इस परीक्षा के बाद अप्रैल जेईई–मेन के लिए पुनः आवेदन होंगे। हर वर्ष का ट्रेंड देखें तो करीब 2 से 2.50 लाख स्टूडेंट्स ऐसे होते हैं जो कि यूनीक कैंडिडेट के रूप में अप्रैल परीक्षा के लिए आवेदन करते हैं। यदि इस वर्ष भी इतने ही स्टूडेंट्स आवेदन करते हैं तो इस वर्ष जेईई–मेन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 16 लाख हो सकती है, जो कि अब तक की सबसे अधिक होगी।

### करेक्शन 26 व 27 को

आवेदन में हुई गलतियों के लिए करेक्शन का विकल्प 26 एवं 27 नवम्बर को दिया जाएगा। इसमें स्टूडेंट्स आवेदन में भरी हुई सभी जानकारियों में बदलाव कर सकेंगे। करेक्शन के दौरान स्टूडेंट्स मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, वर्तमान और स्थाई पता, इमरजेंसी कॉन्टेक्ट डिटेल्स और फोटोग्राफ में करेक्शन नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा अपने नाम, पिता के नाम, माता का नाम, कक्षा 10, 12, पेन कार्ड की डिटेल्स, एग्जामिनेशन सिटी, परीक्षा का माध्यम, जन्म दिनांक, जेंडर, कैटैगिरी, सब कैटेगिरी, हस्ताक्षर और प्रश्नपत्र के विषय में बदलाव कर सकते हैं। करेक्शन करने का मौका एक बार दिया जाएगा, यदि करेक्शन करके फ्रीज कर दिया जाता है तो उसमें समय रहने के बावजूद दुबारा करेक्शन नहीं किए जा सकेंगे। स्टूडेंट्स करेक्शन के बाद अपन नया कन्फर्मेशन पेज डाउनलोड कर करेक्शन की पुष्टि कर सकते है।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कपासन में वार्ड सभा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** निर्वाचन विभाग जयपुर से प्राप्त निर्देशों की पालना में शनिवार को नगर पालिका कपासन क्षेत्र के समस्त वार्डो में वार्ड सभा का आयोजन किया गया।

सुपरवाइजर सीपी सिरोया ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कपासन 167 के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वार्ड सभाओं का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत नगर पालिका कपासन क्षैत्र के वार्ड नं. 12–13 भाग संख्या 144 में वार्ड सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें बीएलओ द्वारकाप्रसाद समदानी द्वारा मतदाता सूची का पठन कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं प्रविष्टियों में संशोधन, आधार लिंक हेतु प्रपत्र 6,7,8 तथा 6बी सहित मतदाता को स्वयं के मोबाइल से ऑनलाइन भरने हेतु मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस वार्ड सभा में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, शिवलाल जाट, रोशनलाल, जमनालाल जाट आदि पुरुष, महिला युवा मतदाता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनमत की मोहर लगी - ऊर्जाराज्य मंत्री हीरालाल नागर

## यह भाजपा की कल्याणकारी नीतियों की विजय है - विधायक कल्पनादेवी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा की सीटों में हुई वृद्धि और शानदार विजय पर जश्न मनाया गया इस दौरान भव्य आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण किया गया । ज्ञातव्य रहे कि राजस्थान में 5 विधायकों के सांसद बनने और 2 विधायकों के निधन के कारण 7 विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में जहां भाजपा को बढ़त मिली है वहीं महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार अत्याधिक बहुमत से पुनः बनने जा रही है । इस अवसर पर कोटा शहर जिला भाजपा ने जी.एम.ए.प्लाजा में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी एक दूसरे को बधाई दी एवं मुंह मीठा करवाया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विशिष्ट अतिथि विधायक कल्पनादेवी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने की । मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोककल्याणकारी नीतियों को यह भारी जनसमर्थन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ मीडिया में बने रहने के लिए बयानबाजी तक ही सीमित रहती है जबकि भाजपा जनता से जुड़े विषयों पर जमीनी स्तर पर जाकर काम करती है। विधायक लाडपुरा कल्पना देवी ने कहा कि यह भाजपा विचारधारा और उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के खरे उतरने का परिणाम है । उन्होंने कहा कि सकारात्म परिणाम जनसेवा के लिए नई ऊर्जा भरते हैं । हम जनसेवा की प्राथमिकता के प्रति संकल्पित हैं ।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन नें कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय से पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं को गौरवान्वित और उत्साहित किया है । यह प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रप्रथम के संकल्प और लोक कल्याणकारी नीतियों एव विकसित भारत के लक्ष्य को व्यापक जन समर्थन है।

जैन ने कहा कि राजस्थान में भी भारतीय जनता पार्टी ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन किया है अपनी संख्या बल को बढ़ाया है, जो कि भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन समर्थन है । जैन ने कहा कि राजस्थान की सीटो के उपचुनाव पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की सिर्फ एक सीट थी जबकि कांग्रेस की चार सीटें थीं । भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सीटों को 1 के स्थान पर 5 सीटें जीतकर बढ़ाया है और कांग्रेस ने अपनी सीटों को गंवाया है। जो इस बात का प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों में जन समर्थन और विश्वास बड़ा है । जैन ने कहा कि चुनाव परिणामों से पार्टी को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया है , कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह प्रवाहित हुआ है । इससे हम दोगुनी ताकत से जनता की सेवा करेंगे । भाजपा मीडिया संपर्क प्रदेश विभाग सह संयोजक अरविंद सिसोदिया बताया कि बैठक में मुख्यरूप से गुर्जर गोड़ महासभा प्रदेशाध्यक्ष विशाल शर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मयंक सेठी , सक्रिय सदस्यता अभियान जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तोड़ा, सदस्यता अभियान जिला संयोजक इंद्रमल जैन , जिला महामंत्री चन्द्रशेखर नरवाल , जिला उपाध्यक्ष देबू राही , जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, जिला मंत्री रेखा खेलवाल, सदस्यता अभियान के सह संयोजक शेलेन्द्र ऋषि, महावीर नायक ( बिल्लू ), सत्यनारायण शर्मा स्टेशन, मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा गुड्डू, धर्मेंद्र सिंह हाड़ा, रविन्द्र सिंह हाडा, पंकज वातस्य , महिला मोर्चा जिला महामंत्री पूनम जैन, युवा मोर्चा महामंत्री नरेन्द्र मेधवाल, पूर्व जिला मंत्री अशोक जैन , रोहित चंदेल, प्रदीप राठोर , मोनी शारदा, अंजनी राजपूत, ओमप्रकाश साहू, कृष्ण मुरारी सामरिया , प्रियंका गोत्तम, ऋतू सक्सेना सहित आदि प्रमुख रूप से मोजूद थे ।

# सकारात्मक दृष्टिकोण और तनाव प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान आयोजित

## राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में छात्रों और फैकल्टी के लिए प्रभावशाली सत्र संपन्न





बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में शनिवार को सकारात्मक दृष्टिकोण और तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों और फैकल्टी के लिए आयोजित किया गया, जिसमें सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा ने प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व और उसके जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा करते हुए बताया कि सकारात्मक सोच न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि यह व्यक्ति को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी सही निर्णय लेने में मदद करती है।

### प्रेरणादायक उदाहरण और व्यवहारिक अनुभव

कार्यक्रम के दौरान आकांक्षा शर्मा ने विभिन्न उदाहरणों और अपने निजी जीवन के व्यवहारिक अनुभवों को साझा करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण के प्रभाव को समझाया।

उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन में सकारात्मकता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इन उदाहरणों ने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### तनाव प्रबंधन और तकनीकी जानकारी

झसत्र में आइजन हॉवर मैट्रिक्स के जरिए तनाव प्रबंधन की व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही भविष्य की योजना बनाने, प्राथमिकताओं को तय करने और कार्यों को व्यवस्थित करने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया।

आकांक्षा शर्मा ने छात्रों को जीवन में आने वाली समस्याओं को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हल करने और तनाव को कम करने के लिए आत्ममूल्यांकन और समय प्रबंधन पर जोर दिया। विभाग अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कार्यक्रम में लगभग 40 छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकें सिखाने के साथ–साथ सकारात्मक सोच को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रक्षा रानी सनाढ्य और डॉ. कविता शर्मा के संयोजन में हुआ। व्याख्यान के दौरान प्रमुख रूप से नरेंद्र जैन, आरती भार्गव, राजेश दादीच, डॉ. अनिल कुमार खत्री, आरएस बैरवा,अंकिता गौतम और शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# संस्कृत विद्यालय में अध्यापक 3 दिन से लापता, बिना अध्यापक के चल रही क्लास



आबिद हुसैन

**झालावाड़ ( बढ़ता राजस्थान )।** जिले के डग क्षेत्र के क्यासरा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में लापरवाही का बड़ा ही विचित्र माजरा सामने आया है।इस संस्कृत विद्यालय में आठ कक्षाएं संचालित है जिनमे करीब 60 बच्चों का नामांकन है लेकिन हैरत की बात यह है यह स्कूल विगत 3 दिनों से बिना अध्यापक के ही संचालित हो रहा है और जिम्मेदारी ब्लॉक स्तरीय व उपखंड अधिकारियों के कानों तक यह खबर भी नही पहुंची । स्कूल बराबर खुल रहा है पोषाहार भी ईमानदारी से बन रहा है ,दूध वितरण भी किया जा रहा है बस अध्यापक 3 दिन से लापता है जो क्षेत्र व गांव के लिए हैरत की बात है ।जानकारी के अनुसार आपको बता दे कि इस संस्कृत विद्यालय में एक स्थायी अध्यापक विकास पालीवाल तैनात है जिनके घर मे वैवाहिक कार्यक्रम है जिसके चलते उन्होंने नियमानुसार 10 दिन का अवकाश लिया नोडल अधिकारी द्वारा सुनेल ब्लॉक के श्यामपुरा में तैनात सुदर्शन सिंह सोनगरा को यंहा लगाया लेकिन दूरी अधिक होने के कारण वो भी अवकाश ले गए उसके बाद नोडल अधिकारी हेमराज यंहा एक दो दिन आये उसके बाद वो भी चले गए और अब 3 दिन से बिना अध्यापक के ही स्कूल का संचालन हो रहा है ऐसे में बच्चों का विकास कैसे होगा बड़ा ही विचारणीय प्रश्न है। जब स्कूल का विजिट किया गया तो बोर्ड पर बच्चे आयुषी,ईशान,प्रिया, आरुषा यह ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाते हुए नजर आए जो काबिले तारीफ है । इस मामले की जिम्मेदार अधिकारियों को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए ताकि भविष्य में पूरे ब्लॉक में ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मन के हारे हार, मन के जीते जीत - आचार्य सुनील सागर



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** हार तब होती है जब मान लिया जाता है। जीत तब होती है जब ठान लिया जाता है। मन के हार होती है और मन के जीते जीत है। उक्त बात प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राष्ट्र संत आचार्य सुनील सागर महाराज ने नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के तहता शनिवार को दीक्षा कल्याणक महोत्सव के तहत आयोजित मंगल प्रवचन के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। शनिवार को महोत्सव के दौरान मुनि सक्षम सागर जी एवं आर्चिका श्रुतमति माता जी का केश लोचन कार्यक्रम भी हुआ।

### भारतीय संस्कृति की जड़ है माँः- आचार्य श्री

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित दीक्षा कल्याणक महोत्सव के तहत धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा कि माँ भारतीय संस्कृति की जड़ होती है। जब तक माँ नही सुधरती तब तक बच्चे भी नही सुधर सकते। खान पान से खानदान होता है। जो जैसा खाता है वैसा ही उसका चरित्र होता है। भारतीय संस्कृति में मां स्वस्थ ना हो तब भी वह अपने बारे में ना सोचकर अपनी औलाद के विषय में चिंतित रहती है। भारत की संस्कृति बहुआयामी है जिसमें भारत का महान इतिहास, विलक्षण भूगोल और सभ्यता निहित है।

### हर हाल में हिम्मत रखनी चाहिए

कोटा के कोचिंग सेन्टर सहित अन्य स्थानों पर आत्महत्या जैसी घटनाओं के बढ़ने के संदर्भ में आचार्य श्री ने यूरोपियन किड्स के बच्चों सहित पाण्डाल में उपस्थित धर्मावलम्बियों से कहा कि हमें हर हाल में हिम्मत रखनी चाहिए। असफलताओं से हमें घबराना नही चाहिए बल्कि हिम्मत को दृढ़ रखनी चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि आत्महत्या करने वाले बेवकूफ होते है जो हतोत्साहित होकर आत्महत्या जैसा कृत्य करके बेशकीमती जिन्दगी को खत्म कर देते है। आचार्य श्री ने कहा कि लक्ष्य को मत बदलो बल्कि लक्ष्य का रास्ता बदलो। हमें यदि इतिहास बनाना है तो हार नही माननी चाहिए बल्कि हर हाल में अपने लक्ष्य को अर्जित करने की जिद रखनी चाहिए।

### ये भूमि सभ्यता एवं संस्कृति की भूमि है

आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने कहा कि दुनिया में भारत जैसा इतिहास किसी भी देश का नही है। भारत में भी राजस्थान जैसा इतिहास किसी प्रदेश का नही है।

राजस्थान में भी मेवाड़ जैसा इतिहास किसी ओर प्रांत का नही है और मेवाड़ में भी चित्तौड़ नगर जैसा इतिहास किसी ओर नगर का नही है। ये भूमि सभ्यता एवं संस्कृति की भूमि है। यहां षक्ति, भक्ति, तप, त्याग, सदाचार, षाकाहार सदैव रहा है। यह भूमि मीरा की भक्ति की, महाराणा प्रताप की षक्ति की एवं भामाशाह की धरती है।

### भारत की संस्कृति जोड़ने की है

आचार्य सुनील सागर जी महाराज ने पाण्डाल में उपस्थित यूरोपीयन किड्स के बच्चों सहित अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा ही जोड़ने की रही है। सनातन संस्कृति में मोमबत्ती को बुझाकर जन्मदिन नही मनाया जाता है बल्कि दीपक जलाकर मनाया जाता है।

मोमबत्ती को बुझाने का मतलब अंधेरे को निमंत्रण देना है। केक नही काटा जाता है बल्कि लड्डू बांटा जाता है। हमारी संस्कृति में गाय को पाला जाता था और कुत्ते को डाला जाता था। पाश्चात्य संस्कृति को अपनाने की नही बल्कि भारतीय संस्कृति से चलने में ही जीवन एवं जागृति है।

# वेश्यावृत्ति से बाहर निकल कर अपने प्रेमी संघ रचाया विवाह

## समाज की प्राचीन कुरूतियो से बाहर निकलकर सामाजिक पारिवारिक समाज की मुख्य धारा में जुड़ी यूवती

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी के शंकरपुर निवासी एक युवती सामाजिक कुरीति के दलदल से बाहर निकाल कर अपने बूंदी निवासी रमनगर में रहने वाले प्रेमी के संग विवाह रचाना चाह रही थी, लेकिन परिवारजन उसे पैसे के लालच में इधर–उधर बेच रहे थे। आखिरकार बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार के पास पहुंची , ओर युवती ने अपने प्रेमी से विवाह रचाने की इच्छा जताई। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पोद्दार और सामाजिक सेवा संस्थान, विभिन्न समाजिक संगठनों, पुलिस ,प्रशासन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शनिवार को दोनों के हाथ पीले हुए और दोनों ही प्रेमी युगल एक दूजे के हुए और सात फेरे और सात वचन भी लिए । इस दृश्य को देखने के लिए गांव की महिला पुरुष युवा बच्चे की भीड़ उमड़ी ।विवाह में सभी ने आशीर्वाद दिया ,और इस कंजर समाज की एक जो सामाजिक कुरीति है उसको छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़ने का प्रयास किया गया है। जिसे हर कोई समझेगा और विवाह करने की ओर यूवतियां परिवारजनों द्वारा पहल शुरू होगी।

**वेश्यावृत्ति से बाहर निकल कर अपने प्रेमी संघ रचाया विवाहः** जिस प्रकार कंजर समाज में बालिकाओं को माता–पिता पैसे के लालच के लिए बेच देते हैं और उन्हें समाज के इस कुरुति वाले दलदल में धकेल देते हैं, ऐसा नहीं हो इसको लेकर शनिवार को कंजर समाज के गांव रामनगर में युवक युवती का विवाह संपन्न करवाया गया । अब वह महिला अपने पति संग आनंद मंगल के साथ रहेगी और पूर्व में वेश्यावृत्ति से परेशान होकर यह कंजर बाला ने अपने प्रेमी संग विवाह कर लिया अब वह आजाद की जिंदगी जी पाएगी। जिसमें विभिन्न समाजीक संस्थाएं सहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ,बूंदी विधायक हरि मोहन शर्मा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पार्षद टीकम जैन, राजेश शेरगढ़िया, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, सहित कई जनप्रतिनिधि विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे ।

# कपासन के राजकीय विद्यालय बाबरिया खेड़ा को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना

बढ़ता राजस्थान





**कपासन( नि.स. )।** क्षैत्र के राजकीय विद्यालय बाबरिया खेड़ा को शुक्रवार रात्रि अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया।जिसमे चोर ताले तोड़कर विद्यालय में रखी खाद्य सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामान उड़ा ले गये। जानकारी अनुसार पंचायत समिति कपासन क्षैत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबरिया खेड़ा में शुक्रवार रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय कक्षों के ताले तोड़कर विद्यालय में रखे आवश्यक सामान चुरा ले गये। विद्यालय परिवार शनिवार सुबह विद्यालय पहुंचा तो कक्षा कक्षों के ताले टूटे मिले। जिस पर पुलिस प्रशासन को सूचना दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा अग्रिम अनुसंधान प्रारंभ किया। इधर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबरिया खेड़ा के प्रधानाध्यापक संजू टेलर द्वारा पुलिस को दी लिखित जानकारी में बताया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा राजकीय उप्रा विद्यालय बाबरिया खेड़ा के ताले तोड़कर 6.33 क्विंटल गेहूं, 1.35 क्विंटल चावल, 2 गैस टंकी, साउंड सिस्टम के स्पीकर, माइक, टेप सहित एबीएल किट, खेल एवं एमडीएम सामग्री चोरी की गयी है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर शहर के बूथों का किया तहसीलदार ने निरीक्षण

- बीएलओ को निर्देश 18 वर्ष की आयु के युवाओ को करे नामांकन के लिए प्रेरित
- नवीन बालिका विद्यालय में बूथ निरीक्षण के दौरान चखा पोषाहार के दूध का स्वाद

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** प्रदेश में मतदाता सूचियां में एक बार फिर से अपडेशन को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 चलाया जा रहा है। निर्वाचन विभाग के आदेश पर इस कार्यक्रम को जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी और उपखंड मुख्यालय पर उप निर्वाचन अधिकारी कर रहे हैं। जिसके तहत शनिवार को शहर के विभिन्न बूथों का तहसीलदार उत्तम चन्द्र बंसल ने निरीक्षण किया। बूथ निरीक्षण के दौरान तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल ने सभी बूथों पर मौजूद बीएलओ को निर्देश दिए की वे 18 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम जोड़े। इस दौरान शहर के बृजेश महिला महाविद्यालय,चन्नावरिया पाड़ा मदरसा,अग्रवाल धर्मशाला, सत्यनारायण धर्मशाला,इमाम बाड़ा,गर्ल्स स्कूल सहित तुलसीवन रोड पर नवीन बालिका स्कूल सहित तमाम बूथों का निरीक्षण किया। तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्वाचन विभाग द्वारा चलाया गया है। जिसमें एक बार फिर से मतदाता सूची अपडेट की जा रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार मतदाता सूचियां में नाम जोड़े जा रहे हैं। 18 प्लस अधिक आयु वाले युवा मतदाता को मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है। जिसके बाद एक बार फिर से वार्डो का परिसीमन होगा और नगर पालिका,नगर परिषद एवं नगर निगम क्षेत्र में वार्डो की संख्या बढ़ेगी। यह पूरा काम जनवरी महीने तक करना तय किया है।

**बालिका विद्यालय में तहसीलदार ने पोषाहार के दूध का चखा स्वाद , स्टाफ को निर्देश :** नवीन बालिका विद्यालय पहुंचे तहसीलदार उत्तम चंद बंसल में पोषाहार कक्ष के साथ बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की भी जांच की। इस दौरान फिर से शुरू हुए मिल्क पाउडर दूध को लेकर उन्होंने खुद दूध पिया। जिसे पौष्टिक बताते हुए पूरी जानकारी ली और बच्चों को भी दूध पीने की सलाह दी। इस दौरान उनके साथ राजस्व विभाग के पटवारी मानवेंद्र सिंह,महावीर सिंह और संजीव कुमार के साथ स्कूल प्राचार्य पप्पू सिंह रावत और स्टाफ मौजूद रहा।

## जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सभी अधिकारी परिवादों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रयास करें। जिससे आमजन को राहत पहुंचाई जा सके। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। सभी परिवादों का निस्तारण हेतु फॉलोअप किया जाये। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि

### जनसुनवाई के दौरान खातेदारी की भूमि पर अतिक्रमण

हटवाने, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, पुलिस, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का निस्तारण किया गया। परिवादी थानसिंह निवासी सदापुर ने खातेदारी भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया, जिस पर उन्होंने उपखण्ड अधिकारी राजाखेड़ा को मामले के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। परिवादी कामेश ने गैर मुमकिन नाले पर अवैध अतिक्रमण के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर अधिशाषी अधिकारी बाड़ी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। अल्पसंख्यक विकास समिति ने राजकीय यूनानी अस्पताल को दूसरे भवन में शिफ्ट कराये जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एएन सोमनाथ, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। मथा सभी को आवश्य दिशा निदेर्श दिए गए।

## ई-मित्र के काउंटर से 1.10 लाख रुपए पार: दुकान के ऊपर कमरे में दवाई देने गया था दुकानदार, सीसीटीवी में नजर आए दो युवक

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा कस्बे में गुरुवार को दो बदमाशों ने ई-मित्र और बैंक वीसी की दुकान के काउंटर की दराज में रखी एक लाख दस हजार रुपए की नगदी को पार कर लिया। पीड़ित युवक ने मामले को लेकर राजाखेड़ा थाना पुलिस को शिकायत दी है। घटना सुबह करीब 11 बजकर 55 मिनट की है। राजाखेड़ा निवासी पीड़ित दुकानदार जितेंद्र शर्मा ने बताया-वह कस्बे के बाइपास रोड पर ई-मित्र और बैंक मित्र की दुकान चलाते हैं। दुकान के ऊपर ही उनकी रेजीडेंसी है। गुरुवार सुबह करीब 11 बजकर 55 मिनट पर वह दवाई देने के लिए दुकान के ऊपर मकान पर गया हुआ था तभी पीछे से दो युवकों ने दुकान को सूना देख दुकान में घुसकर काउंटर की दराज में रखी एक लाख दस हजार रुपए की नगदी को पार कर लिया। जब वह दस मिनट बाद वापस दुकान पर आए तो काउंटर की दराज को खुला देख उनके होश उड़ गए, उसमें रखी एक लाख दस हजार रुपए की नगदी गायब थी। पीड़ित ने बताया कि जब उसने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक कराया तो उसमें दो युवक दुकान की ओर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि मामले को लेकर राजाखेड़ा थाना पुलिस को शिकायत दी है, जिसके बाद पुलिस ने आकर के दुकान का मौका मुआयना किया है। स्थानीय निवासी और भाजपा नेता लोकेंद्र सिंह चौहान व दुकानदार दिलीप वर्मा ने बताया कि राजाखेड़ा नगर पालिका की ओर से कस्बे में लगाए गए ज्यादातर सीसीटीवी कैमरे इस समय खराब पड़े हुए है। जिसके कारण बदमाश बेखौफ वारदात कर फरार हो जाते हैं। कैमरे बंद पड़े होने के कारण बदमाशों की पहचान भी नहीं हो पाती है, ऐसे में राजाखेड़ा की तीसरी आंख सिर्फ दिखे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत: दूसरे व्यक्ति की हालत गंभीर, तोर गांव के पास पीछे से मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** सदर थाना क्षेत्र में तोर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी रखवाया है। एएसआई शिवकुमार ने बताया कि बाइक सवार मृतक की पहचान जगदीश (65) पुत्र करण सिंह निवासी मूसलपुर थाना कौलारी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में साधु के तौर पर अपना जीवन यापन कर रहा था। उन्होंने बताया कि बाइक सवार गंभीर घायल वृंदावन (50) पुत्र उत्तम त्यागी निवासी रहसेना थाना दिहौली बुजुर्ग साधु को अपनी बाइक पर लेकर मनियां की ओर जा रहा था, जिन्हें तोर गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे में साधु जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई, तो वही बाइक सवार वृंदावन त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। घायल की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे इलाज के लिए रेफर कराकर ले गए। पुलिस ने मृतक के शव को मॉर्च्युरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी है, जिनके आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

## थनेला रोग से बचाव के लिए दूध दुहने से पहले व बाद में थनों को स्वच्छ पानी से साफ करें, बीमार पशु को अलग रखें...

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा संचालित पशु विज्ञान केद्र द्वारा पशुओं में थनेला रोग से बचाव एवं प्रबंधन विषय पर गांव भैसेना का पुरा में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि थनैला रोग बहुत ही गम्भीर और बड़ी समस्या बन चुका हैं। इससे बचाव के लिए पशुपालकों को इस रोग के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। इस रोग में पशुओं के दूध में मवाद और छीछड़े या खून आता है तथा थन में सूजन या कड़ापन पाया जाता है। दूध उत्पादन अचानक कम हो जाता है, ज्यादातर पशुओं में ताप, बुखार नहीं होता। यदि थनैला रोग का समय पर उपचार न कराए तो थन की सामान्य सूजन बढ़कर सख्त हो जाती है और थन लकड़ी की तरह कठोर हो जाता है। इस अवस्था के उपरांत थनों से दूध आना स्थाई रूप से बंद हो जाता है। डॉ. मीणा ने बताया कि रोग के लक्षण फैलने से रोका जा सकता है।

## केन्द्रीय विद्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन जयपुर संभाग के उपायुक्त डॉ. अनुराग यादव ने निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। प्राचार्य मन्मथ कुमार शर्मा ने साफा पहनाकर उपायुक्त का स्वागत किया। उपायुक्त ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में पीएम श्री योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर सुझाव दिए। उपायुक्त ने खेल मैदान, कक्षा-कक्षों, स्काउट गाइड गतिविधियों, स्कूल के विभिन्न विभागों एवं प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया, साथ ही कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से भी संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से चल रही पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान प्रत्येक भाग में जाकर स्वच्छता की व्यवस्थाओं को जांचा। उपायुक्त ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए छात्रों को शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही बोर्ड कक्षाओं में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उपायुक्त ने विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं से वार्तालाप करते हुए नई शिक्षा-नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा रूपरेखा 2005 की जानकारी प्रदान की और कहा कि शिक्षकों को अपना शिक्षण कार्य में नवीन तकनीकों विभिन्न प्रकार के कौशलों एवं अनुभवजन्य ज्ञान के अनुभवों को शामिल करना चाहिए अर्थात शिक्षक के शिक्षण कार्य में जितने अधिक तथा जितने व्यापक अनुभव होते जाते हैं। विद्यालय की राजभाषा पत्रिका सृजनगाथा के द्वितीय संस्करण का विमोचन उपायुक्त के द्वारा किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने विद्यालय की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी पॉवर पॉइंटके माध्यम से प्रस्तुत की। हमारे शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में उन सभी का प्रयोग करेंगे। संचालन संजय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मुकेश वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रामहरि मीना, महिपाल सिंह, राकेश कुमार, ाायाराम रावत बद्री प्रसाद वीरभान सिंह, नीरजा, कुलवीर सिंह, सोनम शर्मा आदि थे।

## नकारा वाहनों की नीलामी करने के आदेश : नगर परिषद सभापति ने गैरेज का किया निरीक्षण, पार्षदों की शिकायत पर कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक के दौरान कंडम वाहनों को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। साधारण सभा में पार्षदों की शिकायत पर नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह एवं आयुक्त अशोक शर्मा ने गैरेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पड़े नकारा वाहनों एवं समान को नीलाम करने के लिए आदेश किए।

नगर परिषद के गैरेज में निरीक्षण के लिए अचानक नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह गैरेज पहुंच गई। सभापति के पहुंचने की खबर मिलते ही नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा भी मौके पर पहुंचे। जहां पर सभापति सिंह ने गैरेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पड़े नकारा वाहनों को तुरंत नीलाम करने के लिए आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान खराब पड़े सामान और अन्य वस्तुओं को भी नीलाम करने के लिए आदेशित किया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने काफी समय से नकारा पड़े वाहनों की स्थिति से अवगत कराया।उनका कहना था कि काफी समय से खराब और नकारा वाहन पड़े हुए हैं। जिनकी उपयोगिता खत्म हो गई। ऐसे वाहनों को नीलाम करने के आदेश दिए हैं। जिससे नगर परिषद को आय भी होगी। नकारा वाहनों की नीलामी के आदेश देने के साथ ही सभापति और आयुक्त ने चालू हालत में मौजूद गाड़ियों की स्थिति की भी जानकारी ली।

सभापति और आयुक्त के साथ निरीक्षण के दौरान नीरज शर्मा, होतम सहित चालक एवं सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली चोरी रोकने गई टीम पर लाठी-डंडों से हमला कई कर्मचारी हुए घायल, एक कर्मचारी अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार को बिजली चोरी रोकने गई टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमले में कई बिजलीकर्मी घायल हो गए। जिनमें से एक कर्मचारी के सिर में चोट आने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना को लेकर थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

घटना को लेकर निगम के जेईएन राहुल उपाध्याय ने बताया कि फीडर इंचार्ज लोकेश मीणा के साथ एफआरटी की टीम थाना क्षेत्र में मदर डेयरी के पास कार्रवाई के लिए पहुंची थी। जहां विद्युत निगम की टीम ट्रांसफॉर्मर पर लगे अवैध जंपर हटाने की कार्रवाई कर रही थी। विद्युत निगम की टीम जब जंपर हटा रही थी तो स्थानीय आरोपी लाखन सिंह और उसके दोनों बेटों ने निगम की टीम के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट कर दी। मारपीट में विद्युत कर्मचारी श्रीकांत शर्मा के गंभीर चोट आने पर उसे बसेड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, मारपीट में दूसरे कर्मचारी भी घायल हुए हैं। घटना के बाद विद्युत निगम के फीडर इंचार्ज लोकेश मीणा ने थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मारपीट की घटना के बाद जेईएन के साथ विद्युत कर्मी थाने पहुंचे। जहां निगम कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी हैं।

## विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की दो दिवसीय विज्ञान शिक्षण कार्यशाला



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** भारतीय मानक ब्यूरो की नोएडा ब्रांच द्वारा राज निवास पैलेस धौलपुर में दो दिवसीय मैंटर एवं विज्ञान शिक्षकों की मानकीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा एवं नोएडा शाखा के स्टैंडर्ड प्रमोशन अधिकारी अमरदीप जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा ने विभिन्न उत्पादों की सुरक्षा और गुवत्ता के लिए तीसरी पार्टी के रूप में प्रमाणन करने हेतु स्वतंत्र एजेंसी मानक ब्यूरो द्वारा विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विद्यालयों में संचालित स्टैंडर्ड क्लब के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यशाला में भारतीय मानक ब्यूरो के मानक प्रमोशन अधिकारी अमरदीप जायसवाल ने किसी उत्पाद की गुणता की जांच करने के लिए उसका निरीक्षण करने के बाद खरीदने से पहले प्रमाणन मुहर योजनाओं को उपभोक्ताओं के लिए लाभप्रद बताते हुए कच्चे माल से लेकर फिनिश किए गए उत्पाद की स्थिति तक क्वालिटी बनाए रखने की जिम्मेदारियां को शेयर किया। कार्यशाला में ऐपीसी विशाल गुप्ता, बबीता पाराशर एवंप्रोग्राम अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने स्टैंडर्ड क्लब के मैंटर एवं विज्ञान शिक्षक संभागियों को पाठ्यक्रम में मानक ब्यूरो द्वारा विज्ञान शिक्षण के लिए बनाई गई संदर्भ सामग्री का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाने का आग्रह किया। शुभारंभ के समय उपस्थित अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी उपाध्याय ने शिक्षा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु विद्यार्थियों को एक महत्वपूर्ण संसाधन बताया तथा स्टैंडर्ड क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तार करने की बात की। कार्यशाला का समापन अमरदीप जायसवाल मानक प्रमोशन अधिकारी ने किया।

## राजाखेड़ा में बिजली विभाग की कार्रवाई, विजिलेंस टीम पहुंची: सवा दो लाख रुपए बकाया होने पर ट्रांसफॉर्मर किया बंद, अवैध केबल उतारी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा में बकायादारों पर बिजली विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने वर्षों से निगम में अपने विद्युत बिल की राशि को जमा नहीं कराया है, उनके ट्रांसफार्मर को बंद कर अवैध लाइनों को भी हटाया है। कनिष्ठ अभियंता सिटी की टीम ने अवैध केबल को लाइन से उतार कर निगम कार्यालय में जमा कराया है, इसके साथ ही डीसी, पीडीसी कनेक्शन को चेक किया गया है।

**सवा दो लाख रुपये की बकाया राशि पर ट्रांसफॉर्मर को किया बंद :** कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण के द्वारा दिघी गांव में सवा दो लाख रुपये की बकाया राशि पर ट्रांसफॉर्मर को बंद किया है। टीम द्वारा राजाखेड़ा नगरपालिका के गांव अम्बरपुर में विजिलेंस चेकिंग की कार्रवाई भी गई है। टीम ने लोगों से अपील की वह अपना बकाया बिल समय से जमा कराए और जिन लोगों ने अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिए वे तुरंत कनेक्शन के लिए आवेदन करें, जिससे भविष्य में होने वाली कठोर कार्रवाई से बच सकें।

## रेलवे ट्रैक पर घूम रहे पशु सुरक्षा के इंतजामों की भी खुल रही पोल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर धौलपुर स्टेशन रेलवे ट्रैक पर आए दिन बेसहारा पशुओं के आ जाने से ट्रेन संचालन में बाधा आती है। जिन्हें रोकने में धौलपुर रेलवे प्रबंधन पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। अमृत स्टेशन योजना के तहत इन दिनों धौलपुर स्टेशन पर विकास कार्य चल रहे हैं। जिसकी वजह से स्टेशन के आस पास खुले कट से बेसहारा पशु खाने की तलाश में रेल ट्रैक तक पहुंच जाते हैं। जो हादसें की संभवना पैदा कर देते हैं। धौलपुर स्टेशन पर रोजाना 25 से अधिक ट्रेनें रुकती हैं। वही अनगिनत मालवाहक और सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टेशन पर ठहराव नहीं हैं। ऐसे में बेसहारा पशुओं का रेलवे ट्रैक



तक पहुंच जाना बड़े खतरे का न्यौता दे रहा हैं।

# महाराष्ट्र और राजस्थान में प्रचंड जीत का भाजपाइयों ने मनाया जश्न, आतिशबाजी के साथ जलेबी खिलाकर कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की प्रचंड जीत एवं राजस्थान के उपचुनावों में 5 सीटों पर मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भाजपा जिला संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि महाराष्ट्र और राजस्थान में मिली जीत के बाद जोश और उत्साह से भरे कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सूचना केंद्र चौराहे पर आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया और साथ ही एक दूसरे का जलेबी खिलाकर मुंह भी मीठा



कराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में महाराष्ट्र में नया इतिहास लिखा गया है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर मतदाताओं ने भाजपा गठबंधन में विश्वास जताया है। राजस्थान में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा की पांच सीटों पर जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार के 11 महीनों के कामकाज, जन हित की योजनाओं को राज्य की जनता ने अपना समर्थन दिया है। यह जीत प्रदेश की भाजपा सरकार के विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। इससे पूर्व सुबह से ही जिला कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा और सभी टीवी स्क्रीन पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के साथ नतीजों की जानकारी लेते रहे और पार्टी के पक्ष में आने वाले नतीजों के साथ ही नारेबाजी करते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सेंटर सूरज, जिला महामंत्री भगवतीप्रसाद जोशी, अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, बाबूलाल आचार्य, मंजू चेचाणी, गोपाल तेली, सुरेंद्र सिंह मोटरास, अमित सारस्वत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुधा मेडिकल कॉलेज में वाइट कोट सेरेमनी एव चरक शपथ ग्रहण समारोह मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** उम्मेदपुरा जगपुरा स्थित सुधा मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार प्रात 9 बजे वाइट कोट सेरेमनी एव चरक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी (आई. ए. एस. कोटा कलेक्टर) का स्वागत किया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट्स को व्हाइट कोट शब्द का अर्थ एवं महत्व समझाया गया। और मानव जीवन में इसका योगदान के बारे में बताया गया। इसके साथ ही डॉ. रविन्द्र गोस्वामी (आई. ए. एस. कोटा कलेक्टर) के द्वारा चरक शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुधा मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. आर के अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ अशोक तिवारी, वाइस प्रिंसिपल डॉ राजीव सक्सेना, मेडिकल सुप्रीडेन्ट डॉ आर पी रावत व वाइस सुप्रीडेन्ट डॉ आर. एन. यादव, कोषाध्यक्ष डॉ पलकेश अग्रवाल , रजत सिटी ग्रुप के सीईओ जुल्फिकार पठान, डॉ सुधा अग्रवाल, वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मानसी गुप्ता, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ शाहीन काजी उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ हिमानी विजय तथा एंकर दिव्या जैन ने किया। इसके अलावा अस्पताल प्रशासन से नरेंद्र गोम , मार्केटिंग मैनेजर लोकेश भारद्वाज, अंकुश यादव, अंकुर जैन, कौशल सोनी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनजीटी के आदेश पर गठित समिति ने गांधीसागर को माना प्रदूषित

**जल की गुणवत्ता खराब होने, खरपतवार होने, फव्वारे काम नहीं करने, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता से कम होने, अतिक्रमण होने संबंधी तथ्यों को किया उजागर**

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेन्ट्रल जोनल बैंच, भोपाल में भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू द्वारा दायर जनहित याचिका सं. 220/2024 में पारित आदेश की पालना में गठित समिति ने गांधीसागर तालाब को प्रदूषित मानते हुए अपनी रिपोर्ट में गांधीसागर झील के पानी की गुणवत्ता खराब होने, झील में खरपतवार उगने, झील की सफाई समय पर नहीं होने, 4 में से 3 फ्लोटिंग फव्वारे काम नहीं करने, अनट्रीटेड वाटर सीधे झील में जाने, प्रदूषित नाले सीधे झील में जाने, झील में अतिक्रमण होने, गंदगी झील की सतह पर तैरने, समूचे गांधीसागर तालाब में पॉलिथिन-डिस्पोजेबल व गंदगी होने, आसपास के क्षेत्रों में सड़ांध फैलने संबंधी तथ्यों को उजागर किया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जिला कलक्टर भीलवाड़ा एवं सदस्य सचिव, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर के एक-एक सदस्य की संयुक्त कमेटी गठित कर गांधीसागर तालाब की वस्तुस्थिति प्रस्तुत करने के आदेश दिये थे, जिस पर जिला कलक्टर नमित मेहता द्वारा एसडीएम दिव्यराज सिंह चुण्डावत को एवं प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा रीजनल ऑफिसर दीपक धनेतवाल को सदस्य नामित किया था। कमेटी द्वारा दिनांक 04.11.2024 को जनहित याचिका के प्रार्थी बाबूलाल जाजू, नगर परिषद एक्सईएन पवन नुवाल एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ गांधीसागर तालाब का अवलोकन किया था जिसमें तालाब पूर्ण रूप से प्रदूषित एवं अतिक्रमणयुक्त पाया गया था। उल्लेखनीय है कि एनजीटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जयपुर की टीम ने दिनांक 21.10.2024 को गांधीसागर तालाब के पानी के सेम्पल लेकर इसकी फोरेंसिक जांच की थी, जिसके विश्लेषणानुसार तालाब के पानी की गुणवत्ता अत्सधिक खराब पाई गई थी। याचिकाकर्ता बाबूलाल जाजू ने नगर निगम मेयर राकेश पाठक, आयुक्त हेमाराम चौधरी, जिला कलक्टर नमित मेहता, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए समूचे गांधीसागर तालाब में गिरने वाले मलमूत्र वाले गंदे पानी के नालों को बंद करके तालाब को खाली करके पूर्णतया सफाई करने एवं इसके पश्चात् इसमें साफ उपचारित पानी छोड़ने की व्यवस्था करते हुए तालाब का प्राकृतिक सौन्दर्यीकरण कर बीच में बने टापू को विकसित कर नौका विहार शुरू कर पर्यटन स्थल के रूप में शहरवासियों को सौगात देने का सुझाव दिया। जाजू ने कहा कि तालाब में स्वच्छ जल होने पर पूर्व की भांति पुनः देशी-विदेशी पक्षियों का तालाब पर बसेरा बनेगा।

## बलात्कार पीड़िता ने पेट्रोल पम्प व तेजाब व्यवसायी के खिलाफ दर्ज कराया मामला ,बालिका के साथ किया करता था चैटिंग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर में जिस मामले को हनीट्रेप बताकर एक महिला की अस्मत के साथ खिलवाड़ किया था शनिवार को उसी बालिका की और से अधिवक्ता शम्भु यादव व उसकी टीम के सदस्यों की और से साकेत नगर पुलिस थाने में न्यायालय के माध्यम से मामला दर्ज करवा दिया है। साकेत नगर पुलिस ने भी बालिका की और से एफआईआर संख्या 513 दर्ज कर कार्यवाही आरम्भ कर ली है। साकेत नगर पुलिस थाने के थानाधिकारी बलभद्र सिह बताया कि गांव सारोठ हॉल प्रताप कालोनी सब्जी मण्डी के पास की रहने वाली पूजा चौहान पुत्री गौतम चौहान ने न्यायालय के माध्यम से मामला दर्ज कराया है। पीडिता पूजा चौहान ने बताया कि कुछ दिन पहले वाहट्सप के जरिये मुलाकात हुई थी। इसी मुलाकात के चलते आरोपी सुनील जैन पुत्र भंवरलाल जैन 52 ने पीडिता को बार.बार फोन पर चैटिंग के माध्यम से नौकरी देने का लालच देते रहे। इसके अतिरिक्त 18 नवम्बर 2004 को दोपहर 10 बजे आरोपी ने पीडिता से बोला की आपसे नौकरी के के सिलसिले में बात करनी है तथा आरोपी ने पीडिता से अपना पता पुछा कि पीडिता ने भी सहजता से अपना पता दे दिया। दोपहर करीब ढाई बजे आरोपी सुनील जैन पीडिता के कमरे में पहुँचा। पीडिता को अकेली देखकर सुनील जैन ने पहले तो उससे कुछ देर नौकरी के बारे में बातचीत की फिर कमरा बन्द कर उसे गलत काम करने का ऑफर दिया। आरोपी सुनील जैन ने इसकी एवज में पैसे देने का भी ऑफर दिया, जिसका जिक्र उसके पीडिता के वाहट्सप चैटिंग में भी है, पीडिता ने मना किया तो सुनील जैन पीडिता के साथ जबरदस्ती करने लग गया। इस बीच पीडिता चिल्लाई तो अभियुक्त सुनील जैन ने दरवाजा पुनः बन्द कर दिया फिर सुनील जैन ने पीडिता के साथ जबरदस्ती की तथा जबरन पीडिता के कपड़े उतार दिये और पीडिता को चुप रहने के लिए कहा पीडिता वह डर गयी और आरोपी सुनील ने पीडिता के साथ बलात्कार किया और पीडिता की अश्लील फोटो व विडियो भी बना लिया तथा धमकी दी कि जैसा मैं कह रहा हूँ वैसा करले नहीं तो यह फोटो व वीडियो वायरल कर दूंगा।

पीडिता के द्वारा पुलिस थाना साकेत नगर में रिपोर्ट देने के बावजूद भी पुलिस थाना साकेत नगर के द्वारा आरोपी सुनील जैन के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की है। पीडिता के द्वारा थाने में रिपोर्ट दिये जाने के पश्चात अभियुक्त सुनील जैन के आदमी लगातार पीडिता के पीछे लगे हुए हैं तथा पीडिता को राजीनामा करने हेतु दबाव बना रहे हैं, राजीनामा नहीं करने की सूरत में जान से मारने की धमकिया दी जा रही है।

## हिंदुस्तान जिंक की सखी पहल से सशक्त हो रही 25 हज़ार से अधिकी ग्रामीण और आदिवासी महिलाएं

**200 गांवों में 2 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान**

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** मैंने कभी सोचा भी नही था कि मैं स्वयं को सशक्त करने के लिए देखे हुए सपनों को साकार कर, अपना जीवन खुद संवार सकती हूं, लेकिन आज, सखी की बदौलत, मैं न केवल आत्मनिर्भर हूं, बल्किदूसरी महिलाओं को अपने सपनों पर विश्वास करने और स्वयं का भविष्य खुद बनाने के लिए प्रेरित कर रही हूं, यह बात कहते हुए जावर गांव की सखी शक्ति समिति की फेडरेशन की प्रबंधक मंजू मीणा केचेहरे पर आत्मविश्वास साफ देखा जा सकता है। वह हिंदुस्तान जिंक के प्रमुख महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, सखी पहल के माध्यम से राजस्थान के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र में महिला सशक्तिकरणऔर आत्मनिर्भरता की मिसाल बनने वाली 25 हजार महिलाओं में से एक हैं। भीलवाड़ा गुलाबपुरा आगुचा की सुरक्षा सखी विजयश्री वैष्णव भी



बदलाव और सफलता का उदाहरण हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए विशेष जांच इकाई द्वारा सम्मानित विजयश्री ने कठिनाईमें महिलाओं और बच्चों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सखी पहल को आगे बढ़ाने वाले समर्पण और साहस को दर्शाता है। इन्ही की तरह लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, खान मंत्रालय द्वारा परेड में भाग लेने के लिए आमंत्रित पांच सखी महिलाओं और समुदाय के लिए गौरव की बात थी जिनका आने वालीपीढ़ियों के लिए वें प्रतिनिधित्व कर रही थीं। हाल ही में सखी की उपलब्धियों को फिक्की महिला कार्यबल शिखर सम्मेलन में सम्मानित किया गया है जहां तारा राणावत और आशा कुंवर ने परिवर्तन कीअपनी यात्रा साझा की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे मात्र 20 रूपयों की मामूली बचत से लघू उद्यम विकसित हुए, जिसका उदाहरण दाइची और उपाय जैसे ब्रांड हैं। देश की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बडी एकीकृत ज़िंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा राजस्थान के 7 जिलों एवं उत्तराखंड के पंतनगर सहित 200 गावों में 2 हजार से अधिक स्वयंसहायता समूहों के माध्यम से अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत् संचालित सखी पहल के तहत् 24 हजार से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है।

## निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परामर्श केम्पो मे 628 हुए लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मौसमी बीमारीयो को देखते हुए शहरी गरीबों, असहायो को निःशुल्क चिकित्सा एंव स्वास्थ्य परामर्श सेवाऐं उपलब्ध करवाने हेतु निःशुल्क चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परामर्श केम्पो का आयोजन तीन स्थानो पर 1. राजकीय विधालय, गजनुपरा 2. राजकीय विधालय, नलका 3. राजकीय विधालय, गोपालपुरा बारां पर किया गया। डॉ. सम्पतराज नागर मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, बारां ने बताया कि उक्त केम्पो मे कुल 628 मरीजो का स्वास्थ्य परिक्षण कर निःशुल्क जॉच कर दवाईयां दी गई। जिसमे सामान्य बीमारियों के 489, बी.पी. के 16, डायबिटीज के 09, सीओपीडी 12 डेन्टल के 19, स्कीन 50, गर्भवती महिलाएं 10, बच्चो का टीकाकरण 75, कुल प्रयोगशाला जॉच 124, परिवार कल्याण परामंश व अस्थाई साधन का वितरण 98, मौसमी बीमारीयों से बचाव हेतु जानकारी व परामर्श, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार



कल्याण की योजनाओं की जानकारी एवं प्रचार प्रसार आदि किया गया। साथ ही विधालय के छात्र-छात्राओ के आभा कार्ड बनाये तथा टी.डी. वैक्सिन लगाई गई। केम्प का निरिक्षण राकेश कुमार नागर जिला कार्यक्रम प्रब्धक राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन बारां ने किया। केम्पो मे डॉ. आर.सी. मीणा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, विष्णु प्रसाद सुमन हैल्थ मैनेजर, नर्सिग आफिसर गुलशन आरा, अनिता यादव, रामसिया मीणा, सीएचओ लेखराज मेधववाल, राकेश सुमन, देवकिनन्दन गालव एलए, एएनएम शीला वैष्णव, प्रियंका वर्मा, रिकू कुमारी, एसएस मनीष कुमार, आशा सहसयोगिनी अंजना नागर, कृष्णा डागी, राजेश कुमारी बैरवा, सुनिता कुमारी सुमन मौजूद थे।

## श्री भैरवनाथ के जन्मोत्सव पर कपासन में56 भोग,अन्नकूट एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** श्री भैरवनाथ जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर नगर में स्थित भैरूजी बावजी स्थानक पर भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा महाअभिषेक,56 भोग,भजन संध्या के आयोजन सहित अन्नकूट महाप्रसाद का भक्तों में वितरण किया गया। जानकारी अनुसार श्री भैरवनाथ के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर कपासन के मुख्य बाजार लोड़किया चौक के समीप स्थित भैरूजी बावजी स्थानक पर तैलिक साहू समाज नवयुवक मंडल कपासन द्वारा श्री भैरवनाथ के जन्मोत्सव पर यज्ञ, हवन, महाअभिषेक इत्यादि धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया।

सांयकाल प्रभु श्री चारभुजानाथ को अति विशिष्ट अतिथि रूप में भैरूजी बावजी



स्थानक पर लाया गया। इसके उपरांत 56 भोग एवं बेसन से निर्मित अन्नकूट महाप्रसाद का श्री भैरवनाथ को भोग धराकर भक्तों एवं श्रद्धालुओ में वितरित किया गया।

साथ ही रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसका भक्तो एवं श्रद्धालुओ ने झूमते नाचते लुत्फ उठाया।

## कोटा सीए ब्रांच की ओर से सीए स्टूडेंट्स के लिए प्रतियोगिता आयोजित

**विजेता स्टूडेंट्स रीजनल लेवल पर कोटा सीए ब्रांच का करेंगे नेतृत्व**



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** कोटा सीए ब्रांच की ओर से शनिवार को सीए स्टूडेंट्स के लिए छावनी चौराहा स्थित होटल ली अमोर में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी व सीकासा कमेटी के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने बताया कि ब्रांच की ओर से सीए स्टूडेंट्स के लिए आयोजित प्रतियोगिता के चैस कॉम्पिटिशन में विशाल झमटानी विजेता व वैभव रनर अप रहे, जबकि बेस्ट प्रेजेंटर में आशीष नारायण स्वामी विजेता व दीक्षि शिवानी रनर अप, स्केचिंग में याती बंसल विजेता व संजना कुमारी रनर अप एवं एक्सटेंपोरे कम्पटीशन में भूमि राठी विजेता व आशी गौतम रनर अप रही। ब्रांच की ओर से चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी एवं सीकासा कमेटी के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल समेत अन्य पदाधिकारियों ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए रीजनल स्तर पर ब्रांच का नाम रोशन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। ये विजेता स्टूडेंट्स रीजनल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में कोटा सीए ब्रांच का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में सीए शुभम जैन, कुलभूषण कुंद्रा, सीए वीनस सोनी, सीए अक्षत झांब, सीए अंकुर विजयवर्गीय, सीए अरुण बाज़ारी, सीए वैभव सिंघल, सीए सुधा पटेल, सीए आशुतोष गुप्ता, सीए समरेश गुप्ता व सीए स्नेहा झंवर ने जजेज के रूप में निर्णायक भूमिका निभाई। इस अवसर पर सीए शशांक गर्ग, सीए सौरभ जैन सीपीई कमेटी के चेयरमैन सीए रोहित पाटौदी समेत दर्जनों सीए स्टूडेंट्स मौके पर मौजूद थे।

## बिना कंवर्ट कृषि भूमि पर बन रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को बन्द कराने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( महेश कुमार )।** न्यामतखेड़ी के एक किसान ने जिला कलक्टर कोटा को परिवाद देकर उसके निजी कृषि भूमि पर सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को रोकने की मांग की। किसान ने परिवाद में बताया कि उसकी निजी स्वामित्व की कृषि भूमि को बिना कन्वर्ट किए ही निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इसे तुरंत रोका जाए । मिली जानकारी के अनुसार रतनलाल मेघवाल न्यामतखेड़ी निवासी है जिसने जिला कलक्टर कोटा को दिया और परिवाद में बताया कि न्यामतखेड़ी गांव में खाता सं. 242 की खसरा नं. 249 रकबा 0.1600 में 38 सह खातेदारों की भूमि बिना बंटवारा किए ही खाता सं 240 की कृषि भूमि का खसरा नं. 450 की अधिकांश भूमि पर 16 नवंबर से प्रशासन



की मदद से गलत सीमा ज्ञान कर अवैध तरीके से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है जो गैरकानूनी है। किसान ने यह भी बताया कि पूर्व में भी तहसीलदार रामगंजमंडी को प्रार्थना पत्र पेश कर भवन निर्माण में रोक लगाने की मांग की थी। किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। परिवादी ने मांग की हैं कि अवैध तरीके से कृषि भूमि पर निर्माण रोका जाए व परिवादी की मूल भूमि को संभलाया जाए।

### इनका कहना है

इस भूमि के 37 खातेदार एक तरफ है, जबकि परिवादी अकेला ही दूसरी ओर है। भूमि का सीमा ज्ञान करवा दिया गया है। अगर बिना कन्वर्ट के परिवादी की भूमि पर निर्माण किया जा रहा है तो परिवादी पुलिस में प्राथिमिकी दर्ज कराए।

नेहा वर्मा, तहसीलदार रामगंजमंडी

## जिला कारागृह की सघन तलाशी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा शनिवार को जिला कारागृह की सघन तलाशी ली गई।जिला कारागृह अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा देवठिया के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, मनीष आई0पी0एस0 सीओ सिटी, प्रशिक्षु आई.पी.एस. शिवा शर्मा, पुलिस थाना भीमगंज से सुरजीत, पुलिस थाना कोतवाली से भंवरलाल, सीओ सदर भीलवाड़ा श्यामसुन्दर, पुलिस थाना प्रतापनगर से गजेन्द्र सिंह, पुलिस थाना सुभाषनगर से शिवराज एवं श्रीमती स्वीटी स्टेला व उप कारापाल हीरालाल, की मौजूदगी व निर्देशन में पुलिस जाब्ता द्वारा कारागृह की सघन तलाशी ली गई।

तलाशी में किसी भी प्रकार की निषिद्ध सामग्री या वस्तु बरामद नहीं हुई।

## प्रहलाद राठौर को गोरक्षा कमांडो फोर्स का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया



बढ़ता राजस्थान

रामगंजमंडी(महेश कुमार)। शहर के प्रहलाद राठौर पुत्र रामकुमार राठौर को गोरक्षा कमांडो फोर्स का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रहलाद राठौर वर्तमान में गौ रक्षा कमांडो फोर्स के प्रदेश अध्यक्ष पद पर कार्यरत है और प्रदेश में गौ सेवा का कार्य कर रहे हैं ऐसे में संगठन में बेहतर कार्य को देखते हुए संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद राठौर को राष्ट्रीय प्रभारी पद पर नियुक्त किया उनकी नियुक्ति पर गौ सेवकों ने भी खुशी जताई है वहीं शहर के गणमान्य नागरिक भी राठौर को बधाई देने उनके निजी आवास पर पहुंचे जहां साफा बांधकर व माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संदीप गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय गौतम, नेता प्रतिपक्ष महेंद्र समारिया, रिंकु धाकड़, बच्चन सिंह, सलूजा जोनी शर्मा, भरत राठौर, चंदू चश्मा वाला, विशाल श्रृंगी आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्यावर में अवैध निर्माण और विस्फोटक से भवन गिराने का मामला, नगर परिषद की कार्यवाही पर सवाल

- विनय जैथलिया द्वारा महावीर बाजार में विस्फोटक से भवन गिराने और रांका फर्श गली में सड़क के आकार को बढ़ाकर कॉमर्शियल मॉल बनाने की कोशिश
- नगर परिषद को गुमराह कर कॉमर्शियल मॉल बनाने व तथाकथित तौर से विस्फोटक पदार्थ से ढहाई गई बिल्डिंग की जांच पूर्ण ना होने तक निर्माण शुरू किये जाने की मिली जानकारी





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** अंधेर नगरी चैपट राजा की कहावत ब्यावर मे चरितार्थ होती नजर आ रही हैं। शहर के प्रमुख महावीर बाजार मे गत दिनों एक दुकान के ढह जाने का मामला सामने आया था लेकिन मामला कुछ ओर हैं। बताया गया कि विनय जैथलिया नामक युवक ने देर रात में अपने ही भवन को गिराने के मामले को लेकर होल लगाकर उसे एक्सप्लोजिव के माध्यम से उडाया गया जिसमे दो दुकान सहित पास ही मे बने एक मकान को क्षति पहुंची हैं जिसकी रिपोर्ट सिटी थाने में दर्ज कराई गई। इसके अलावा श्री जैथलिया ने महावीर बाजार के पीछे रांका फर्श गली मे 10 फीट की सडक को 17 फीट की सडक बताकर बीच बाजार मे अपना कॉमर्शियल मॉल बनाने की जुगत मे लगा हैं। इस मामले मे रांका फर्श गली निवासी तारा देवी माहेश्वरी को नगर परिषद ने शुक्रवार को एक नोटिस देकर स्वामित्व दस्तावेज पेश करने के आदेश दिये। जानकारी के अनुसार महावीर बाजार मे गत 8 नवम्बर को रात्रि में विस्फोटक सामग्री से विनय जैथलिया ने अपने मकान को गिराते हुये पडौसी श्रीमती तारा देवी माहेश्वरी के मकान व सावित्री स्कूल चैराहा अजमेर निवासी अशोक माहेश्वरी के परिसर को क्षति पहुंचाई जिस पर सिटी पुलिस मे मामला दर्ज कराया गया। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। विनय जैथलिया नामक युवक के हौंसले इतने बुलन्द है कि उसे ना तो पुलिस का डर है और ना ही प्रशासन का। तथाकथित तौर से क्षतिग्रस्त मकान से मलवा हटाकर सीमेन्ट ब्लॉको से रांका फर्श गली मे दीवार खडी करवा दी और क्षतिग्रस्त मकान में कारिगरों को लगाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत पड़ौस मे रहने वाले लोगो ने पुलिस, नगर परिषद व स्थानीय प्रशासन को की लेकिन किसी की नहीं मानी।

अपना कॉमर्शियल मॉल बनाने के लिये पडौसियों को बेवजह परेशान कर उनके मकानों को भी हड़पने व सामलात मे बनी दीवारों को अपनी नीजि दीवारे बताकर नगर परिषद के उच्चाधिकारियों को गुमराह किया जा रहा हैं। इतना ही नहीं जो नक्शा पास किया गया हैं उसमे भी महावीर बाजार के पीछे रांका फर्श गली को 17 फीट की बता रखी हैं। मौके पर और पूर्व मे विभाग के अधिकारियों द्वारा बनाई गई सडके मात्र 10 फीट की हैं। केवल नगर परिषद के अधिकारियों को गुमराह कर अपना उल्लू सीधा करने मे लगे विनय जैथलिया नामक युवक ने स्थानीय सभी अधिकारियों को गुमराह कर रहा हैं। उक्त मामले मे तारा देवी माहेश्वरी रांका फर्श गली को शुक्रवार को दिये गये नगर परिषद की ओर से नोटिस मे बताया गया कि शिकायतकर्ता विनय जैथलिया ने शिकायत की है कि 17 फीट की गली मे पक्के पिलर लगाकर 3.75 फीट तक अतिक्रमण कर रखा हैं जिससे आवागमन मे व्यवधान पैदा हो रहा हैं। नगर परिषद आयुक्त ने नोटिस मे बताया कि उक्त निर्माण को स्वयं अपने स्तर पर हटा ले अन्यथा 3 दिनों के भीतर भूस्वामित्व भू आवंटन पत्र आदि मानचित्र स्वीकृति के दस्तावेज परिषद मे व्यक्तिशः उपस्थित होकर लिखित मे जवाब देने की हिदायत दी हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मियाद अवधी समाप्त होने के पश्चात राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। ज्ञातव्य है कि उक्त गली मे केवल एक ही मकान नहीं है जिसने आगे चबूतरी अथवा पिलर आदि लगा रखे हो। इसी लाईन मे आगे तक लोगो ने अपना निर्माण सडक के किनारे तक कर रखा हैं और यह निर्माण कोई आज का नहीं बल्कि वर्षो पुराना हैं। ऐसी स्थिति मे नगर परिषद के अधिकारियों को भी मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता की शिकायत पर उसे सन्तुष्ट करना चाहिये। केवल मात्र नोटिस निकालकर शिकायतकर्ता को लाभ पहुंचाने के लिये की जाने वाली कार्यवाही सन्तोषजनक नहीं हैं। शिकायतकर्ता ने तो पूरी गली को 17 फीट चैडी बताई है जबकि मौके पर 10 फीट चौडी हैं। ऐसे में कॉमर्शियल मॉल की इजाजत देना भी मुमकिन नहीं हैं।

## भरतपुर टीम का राज्यस्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भरतपुर राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में आयोजित की जा रही राज्यस्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भरतपुर की टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में सवाई माधोपुर की टीम को 10 विकेट से हराकर राजस्थान के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि जयपुर के हुकुम सिंह क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में सवाई माधोपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 50 ओवर के मैच मे सवाई माधोपुर की की पूरी टीम 24 ओवर में मात्र 60 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई भरतपुर की तरफ से रेहान खान ने घातक गेंदबजी करते हुए 8 ओवर मे 3 मेडन ओवर के साथ मात्र 7 रन देकर 5 विकेट लिए इसके अलावा कप्तान प्रबल सिनसिनवार ने 2 विकेट व मोहित सोलंकी व वंश चौधरी ने एक-एक विकेट लिया जवाब में भरतपुर की टीम ने इन 60 रनों का पीछा करते हुए बिना कोई विकेट खोए यह मैच 10 विकेट से जीत लिया भरतपुर की तरफ से वशिष्ठ शर्मा ने 23 रन व दक्ष शर्मा ने 21 रन बनाए मैच का मैन ऑफ द मैच रेहान खान को घोषित किया गया भरतपुर की टीम का अब राजस्थान के क्वार्टर फाइनल में कोटा की टीम से 25 और 26 नवंबर को जयपुर के अरावली क्रिकेट मैदान पर दो दिवसीय मैच होगा इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह सचिव शत्रुघन तिवारी, मैनेजर संजीव चिनिया व कोच गौरव फौजदार एवं देवेंद्र सिंह कालू, अमरदीप कुमार, आदि खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए टीम साथ में जयपुर में मौजूद रहे इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया एवं अजय कुमार, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी, मनोज कुमार शर्मा, वीनू सिंह, नाहर सिंह, विनोद शर्मा मंगल सिंह एवं संघ के चयनकर्ता सूरज शर्मा, नरेश खत्री, लंकेश सियाराम आदि ने संघ के कार्यालय पर मिठाइयां बांटी और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे के मैचों की जीत की अग्रिम बधाई दी।

## तारक मेहता का उलटा चश्मा के तीन कलाकार पहुचे राजसमंद, श्रीनाथजी मंदिर मे राजभोग झांकी के लिए दर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** तारक मेहता फेम तन्मय वकारिय, नवीना वाडेकर ओर शरद सांखला ने किए श्रीनाथजी के दर्शन नाथद्वारा नगर स्थित विश्व प्रसिद्ध श्रीनाथजी मंदिर में आज पॉपुलर टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार तन्मय वकारिय यानी5 बागा भाई, नवीना वाडेकर यानी बावरी ओर शरद सांखला उर्फ अब्दुल भाई पहुँचे, तीनो कलाकारों ने श्रीनाथजी की राजभोग झांकी के दर्शन किए । इस दौरान बागा, बावरी ओर अब्दुल ने बताया कि प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन करने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है ओर जब श्रीजी का बुलावा आता है तब दर्शन करने आते है । बागा ओर अब्दुल ने बताया कि हमारी नई पीढ़ी को असफलता को फेस कर आगे बढ़ना होगा, आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नही है ओर जिंदगी में उतार चढ़ाव से घबराकर कोई कदम नही उठाना चाहिए, तन्मय ने कहा कि हर किसी को अब्दुल यानी शरद भाई से सीखना चाहिए कि जीवन मे कितनी ही कठिनाइयां आये पर हर दम हंसते मुस्कुराते हुए आगे बढ़ते रहे ओर आज इस मुकाम को हासिंल किया । उन्होंने कहा कि हमारे सीरियल का लक्ष्य ही हर घर मे खुशनुमा माहौल पैदा करना है ।नवीना ने बताया कि उन्हें शो से जुड़े ज्यादा समय नही हुआ है लेकिन सीनियर कलाकारों से काफी सीखने को मिला है और एक पहचान बनी है जिससे जहां भी जाते है लोगों का प्यार मिलता है । तन्मय व अन्य कलाकरों ने दर्शन किए जिसके बाद उन्होंने विशाल बावा से आशीर्वाद लिया व मंदिर परंपरा अनुसार उनका स्वागत किया गया, इस दौरान दरियाव सिंह, जुजर हुसैन, युवराज गुर्जर आदि ने उनके साथ मौजूद रहे ।

## बीजेपी के जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के जन्म दिवस हर्शोल्लास के साथ मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी भरतपुर के जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के जन्म दिवस को बड़ी धूम-धाम एवं हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर वैदिक मत्रोंचारण के साथ हवन ज्ञय किया गया तथा गौषालाओं में जाकर गायों को चारा एवं गुड़ खिलाया तथा जगह-जगह पर फल वितरण के कार्यक्रम किये गये । इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भाजपा जिला कार्यालय पर पहुँचकर जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज जी का साफा एवं मालाओं के साथ स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से पूर्व प्रदेष मंत्री भानूप्रताप सिंह राजावत, गिरधारी तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, मोहन रारह, मनोज खण्डेलवाल, राजवीर गुर्जर, कुषलपाल सिंह राजावत, सपीक खान, चन्द्र प्रकाश शर्मा, रज्जन सिंह, बिजेन्द्र सिकरौदा, गुड्डू खडईया, चिन्तेष्वर सरपंच, दौलत फौजदार, नीरज सत्तो गौड़, गौरव सरपंच, मानसिंह सैनी, बुद्धराम यादव, याकूब खान, साकिर अली, आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज जी का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

## राजस्थान हाई कोर्ट के जज पहुंचे राजसमंद, मेवाड़ी पगड़ी व श्रीनाथजी की तस्वीर बैठकर क्या स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायाधिपति फरजन अली ओर न्यायाधिपति राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर कुलदीप माथुर शनिवार को अपने निजी दौरे पर राजसमंद पहुंचे ।यहां वे कांकरोली निवासी अपने पारिवारिक सदस्य महेश प्रताप सिंह लखावत के आवास पर पहुंचे और वहां पर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां पर लखावत सहित कई प्रबुद्ध लोगों ने न्यायाधिपति की अगवानी की।

उसके बाद मेवाड़ी परंपरा अनुसार पगड़ी पहनकर वह ऊपरना और साफा पहनाया ओर प्रभु श्रीनाथजी की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि उनका राजसमंद से आत्मीय लगाव है। उन्होंने लखावत के व्यवहार को भी जनहितैषी बताया। उसके बाद वे जोधपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान जिला सत्र एवं न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल, सीजीएम ममता सैनी, पार्षद मांगीलाल टांक, राजेंद्र कुमार टांक, मुकेश जोशी पसुंद, महिपाल सिंह आशिया, अंजू कुंवर लखावत, कैलाश गायरी, ललित चपलोत, अमित पगारिया, श्यामसिंह लखावत, आयुष्मान सिंह लखावत, लवदीप सिंह, तेजेन्द्र सिंह चुंडावत, नारायणसिंह कविया सहित प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## युवा अग्रवाल महासभा समिति की मीटिंग में वैश्य युवक युवती परिचय एवं वैवाहिक परामर्श पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भरतपुर के अग्रवाल युवा महासभा समिति की मीटिंग का आयोजन नई मंडी स्थित कार्यालय पर किया गया जिसमें 24 से प्रारंभ होने वाले वैश्य युवक युवती परिचय एवं विवाहित परामर्श केंद्र के शुभारंभ के विषय पर चर्चा हुई युवा महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंगल ने बताया कि इस कार्य में हमें सभी वर्गों से सहयोग मिल रहा है लगभग 50 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं सभी रजिस्ट्रेशन निशुल्क किए जा रहे हैं इस कार्यक्रम के संचालक स्वास्थ्य मंदिर संस्था रणजीत नगर एवं इस संस्था की दूसरी भी है वह महाराजसर स्थित दोनों कार्यालय में निरंतर किया जाएगा जिसमें अनुवी काउंसलरों द्वारा प्रत्येक दिन एक दूसरे का परिचय करा कर शादी संबंध बनाने एवं पारिवारिक मतभेद होने पर दोनों को काउंसलरों द्वारा समझाइश कर मतभेद दूर करने का प्रयास किया जावेगा इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल ने बताया कि युवा महासभा एवं स्वास्थ्य मंदिर के सभी सदस्य 24 नवंबर को प्रातः 9ः00 बजे वहां मौजूद रहेंगे मुख्य अतिथि विधायक डॉ सुभाष गर्ग वशिष्ठ अतिथि महासभा के जिला अध्यक्ष अतुल मित्तल एवं समस्त इकाइयों के अध्यक्ष महामंत्री और अग्रवाल सभा के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

## इंडिया टीम में भरतपुर के खिलाड़ियों का हुआ चयन, मल्लखंभ में यूएसए को हरा इंडिया टीम बनी चैंपियन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** भरतपुर मल्लखंभ फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बिलासपुर छत्तीसगढ़ के बहतराई खेल स्टेडियम में पांच दिवसीय राष्ट्रीय मलखान सीनियर जूनियर एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई इसमें आखिरी 2 दिन अंतर्राष्ट्रीय मल्लखंभ चैंपियनशिप के मुकाबला टीम इंडिया बनाम अमेरिका की टीम के बीच हुआ। इसमें भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यू एस ए (अमेरिका) को हराकर इंडिया टीम ने चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा जमाया और भारतीय दल को स्वर्ण पदक दिलाकर गौरवान्वित किया। राजस्थान दल के साथ



गए डॉक्टर रमेश इंदौलिया ने बताया की राष्ट्रीय मल्लखंभ जूनियर एवं सीनरी पुरुष महिला प्रतियोगिता में आए सभी राज्यों के खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम का चयन किया गया।

## झालावाड़ मे निःशुल्क हृदय रोग चिकित्सा परार्मश शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** राजस्थान पेंशन समाज जिला शाखा झालावाड़ की ओर से पेंशन कार्यालय गढ परिसर झालावाड़ नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान पेंशन समाज जिला शाखा झालावाड़ के चिकित्सा मंत्री आरिफ़ हुसैन गौरी ने जानकारी दी है कि राजस्थान पेंशन समाज शाखा झालावाड़ की ओर से 24 नवम्बर 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे पेंशन कार्यालय गढ परिसर गणेश जी की छतरी के पीछे झालावाड़ में नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया किया गया है जिसमें मेडिकल कॉलेज झालावाड़ के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक सर्वांग हृदय रोगियों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श देगे।

## वार्ड संख्या 50 पक्का बाग जनता क्लीनिक पर कार्यरत नर्स काजल शर्मा का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. )।** नगर निगम वार्ड संख्या 50 पक्का बाग जनता क्लीनिक पर कार्यरत नर्स काजल शर्मा की सरकारी पोस्टिंग बाड़मेर होने पर वार्ड पार्षद रामेश्वर सैनी के द्वारा उन्हें सोल उड़ाकर गुलदस्ता एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया पार्षद रामेश्वर सैनी ने कहा कि काजल शर्मा ने अब तक 15000 लोगों को जनता क्लीनिक पर सुविधा दी गई इनका व्यवहार आचरण बहुत अच्छा रहा लोगों के द्वारा उनके कार्य की सराहना की जाती थी?

# रश्मिका मंदाना की सगाई का पुराना वीडियो हुआ वायरल

## 8 साल पहले 13 साल बड़े को-स्टार से हुई थी सगाई, एक साल में टूट गया था रिश्ता



नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना का एक पुराना वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में रश्मिका सगाई करती नजर आ रही हैं। दरअसल, यह वीडियो 8 साल पुराना है। इस वीडियो में एक्ट्रेस रक्षित शेट्टी से सगाई करती दिख रही हैं। सगाई के बाद दोनों अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं।

### पहली फिल्म के को-स्टार से की थी सगाई

रश्मिका ने साल 2016 में रक्षित शेट्टी के साथ कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने करियर की शुरुआत की थी। फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दोनों ने डेट करना शुरु कर दिया था और 3 जुलाई 2017 को दोनों ने सगाई कर ली थी। सगाई के वक्त रश्मिका केवल 21 साल की थीं और रक्षित शेट्टी 34 साल के थे। दोनों की उम्र के बीच करीब 13 साल का गैप था।

### साल 2018 में टूट गया था रिश्ता

रश्मिका और रक्षित का रिश्ता ज्यादा दिन तक नहीं चला। सगाई के एक साल बाद सितंबर 2018 में दोनों की सगाई टूट गई। रिश्ता टूटने के पीछे की वजह को लेकर दोनों ने कभी कुछ नहीं बताया।

### अब भी टच में हैं हम दोनों- रक्षित

रश्मिका और रक्षित का रिश्ता खत्म हो चुका है लेकिन अब भी दोनों एक दूसरे से टच में हैं। एक बार रक्षित ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा था, मैं और रश्मिका कभी-कभी एक-दूसरे को मेसेज कर लेते हैं। जब भी हम दोनों की कोई फिल्म रिलीज होती है तो हम एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं।

### पुष्पा-2 में नजर आएंगी रश्मिका

रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म पुष्पा 2: द रूल 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में एक्ट्रेस एक बार फिर से श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं।

### विजय देवरकोंडा के साथ जोड़ा जाता है नाम

रश्मिका मंदाना का नाम साउथ स्टार विजय देवरकोंडा के साथ लंबे समय से जुड़ रहा है। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया है। और उनके फैंस को ये जोड़ी काफी पसंद है

### कौन हैं रक्षित शेट्टी?

रक्षित शेट्टी एक्टर और फिल्म प्रोड्यूसर हैं, उनकी फिल्म रिचर्ड एंथनी: लॉर्ड ऑफ द सी 29 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में वह लीड एक्टर हैं और उन्होंने इस फिल्म को डायरेक्ट भी किया है। वहीं, साल 2022 में रक्षित शेट्टी को 777 चार्ली फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला था।

# शाहरुख को ट्रैक कर रहा था धमकी देने वाला आरोपी

## परिवार की सिक्योरिटी से जुड़ी जानकारियां जुटाने में लगा था, पुलिस को लगातार कर रहा है गुमराह

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी फैजान खान रायपुर से गिरफ्तार हो चुका है। 10 दिनों तक उसे पुलिस रिमांड पर रखा गया है। जांच में सामने आया है कि धमकी देने से कई दिनों पहले से ही फैजान शाहरुख खान की लोकेशन ट्रैक कर रहा था और उनके परिवार की सिक्योरिटी से जुड़ी जानकारी निकाल रहा था। हाल ही में आई टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार हुआ फैजान ऑनलाइन सर्च की मदद से शाहरुख खान और उनके परिवार की सिक्योरिटी से जुड़ी जानकारी निकाल रहा था। फैजान, एक्टर के बेटे आर्यन खान को भी ट्रैक कर रहा था। मुंबई पुलिस ने फैजान का एक दूसरा मोबाइल फोन जब्त किया था, जिसकी फोरेंसिक एनालिसिस रिपोर्ट से ये जानकारी सामने आ सकी है।

लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा है फैजान रिपोर्ट्स की मानें तो जब पुलिस कस्टडी में फैजान से एक्टर की लोकेशन ट्रेस करने से जुड़े सवाल किए गए तो वो लगातार अटपटे बयान देते हुए गुमराह कर रहा है। बताते चलें कि शाहरुख खान और उनके बेटे आर्यन खान को महाराष्ट्र सरकार की ओर से वाई प्लस सिक्योरिटी दी गई है। धमकी में कहा था- शाहरुख को मार दूंगा डीसीपी के अनुसार, बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अनजान नंबर से कॉल आया था। इसमें कॉलर ने धमकी देते हुए कहा, बैंड स्टैंड वाले शाहरुख को मार दूंगा। अगर मुझे 50 लाख नहीं दिए गए तो शाहरुख खान को जान से मार दूंगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला- मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है।

शिकायत मिलने के बाद मुंबई से तीन पुलिस अफसर रायपुर पहुंचे। 6 नवंबर की रात वे रायपुर के होटल में रुके।

# बिग बॉस-18 के सेट पर सिंगल यूज प्लास्टिक बैन

## कंटेस्टेंट और क्रू मेंबर करेंगे स्टील की बोतल का यूज; इको-फ्रेंडली एनवायरनमेंट बनाने का मकसद

टीवी के कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस 18 में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिल रहा है। शो के होस्ट से लेकर घर के स्ट्रक्चर तक में कई बदलाव किए गए हैं। इसी बीच अब मेकर्स ने बिग बॉस 18 के सेट पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर भी बैन लगा दिया है।

दरअसल, बिग बॉस के मेकर्स ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत सेट पर प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी गई है। इसका मतलब है कि अब से कोई भी कंटेस्टेंट या क्रू मेंबर सेट पर प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल नहीं करेगा। 800 क्रू मेंबर्स प्लास्टिक की बोतल के बजाय स्टील की बोतलों का उपयोग करेंगे, जिससे लगभग 7,50,000 प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल होने से बचा जा सकेगा।

इसके साथ ही सेट पर पानी के डिस्पेंसर लगाए गए हैं और मेहमानों और क्रू के लिए बायोडिग्रेडेबल पेपर कप उपलब्ध कराए गए हैं। इस कदम से न केवल प्लास्टिक कचरा कम होगा, बल्कि यह मनोरंजन उद्योग में स्थिरता की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी साबित होगा।

# तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा 2025 में करेंगे शादी?

## नए घर की तलाश में जुटे, लस्ट स्टोरीज 2 की शूटिंग के बाद दोनों करीब आए थे

बॉलीवुड कपल विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया इन दिनों शादी की खबरों के कारण चर्चा में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक लग्जरी अपार्टमेंट की तलाश कर रहे हैं, जिससे ये कयास लगाए जा रहे हैं कि वे शादी के बाद एक साथ रह सकते हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक किसी भी पक्ष से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया पिछले कुछ समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को अक्सर एक साथ देखा जाता है। हाल ही में एक इंटरव्यू में विजय ने अपनी और तमन्ना की बॉन्डिंग के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जब उनकी डेटिंग की खबर सामने आई, तो लोगों के रिएक्शन ने उन्हें हैरान कर दिया था। विजय ने माशेबल इंडिया से बात करते हुए कहा, शॉक लगा कि मेरी लव लाइफ में लोगों को कितना इंटरेस्ट है, लेकिन अब मुझे इसकी आदत हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका रिश्ता मजबूत और प्यारा है और अब वे पब्लिक अटेंशन का आनंद ले रहे हैं।

बता दें, विजय और तमन्ना का रिलेशनशिप लस्ट स्टोरीज 2 की शूटिंग के बाद शुरू हुआ। शूटिंग के दौरान दोनों केवल को-स्टार थे और सेट पर एक-दूसरे से प्रोफेशनल तरीके से पेश आते थे।



शूटिंग खत्म होने के बाद विजय ने तमन्ना से डेट पर चलने को कहा और धीरे-धीरे दोनों करीब आ गए। इस रिलेशनशिप को तमन्ना ने पिछले साल जून में एक इंटरव्यू में ऑफिशियली कन्फर्म किया था। उन्होंने कहा था कि विजय ने उन्हें बिना किसी एटिट्यूड के अप्रोच किया और उनके साथ बहुत अच्छा महसूस होता है। वह उनकी बहुत परवाह करती है।

वर्कफ्रंट पर, तमन्ना भाटिया जल्द ही सिकंदर का मुकद्दर में अविनाश तिवारी और जिमी शेरगिल के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म एक्शन-थ्रिलर है, जिसे नीरेज पांडे ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में दिव्या दत्ता और जोया अफरोज भी अहम रोल में हैं। वहीं, विजय मिर्जापुर 3 में नजर आए हैं और आगे मटका किंग और सूर्या 23 जैसी फिल्मों में दिखाई देंगे।

# काजोल को शाहरुख की बहन बनाना चाहते थे मंसूर : एक्ट्रेस ने कर दिया था इनकार, फिर हुई थी फिल्म जोश में ऐश्वर्या की एंट्री

प्रोड्यूसर मंसूर खान ने हाल ही में फिल्म जोश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में पहले वह काजोल को शाहरुख की बहन के रोल में कास्ट करना चाहते थे, लेकिन उन दोनों की जोड़ी पहले ही एक रोमांटिक कपल के तौर पर फेमस हो चुकी थी। ऐसे में मंसूर ने ऐश्वर्या राय बच्चन को शाहरुख खान की बहन के रोल में कास्ट किया।

इंडिया नाउ एंड हाउ पर बातचीत में मंसूर खान ने बताया कि उन्होंने फिल्म जोश में शाहरुख और ऐश्वर्या को भाई-बहन के तौर पर कास्ट करने का फैसला क्यों लिया। मंसूर खान ने कहा, जोश फिल्म में भाई-बहन का रोल भी था, जिसे शाहरुख खान और ऐश्वर्या ने निभाया था। हालांकि, मैं ऐश्वर्या की जगह काजोल को कास्ट करना चाहता था। मैंने फिल्म की कहानी भी उन्हें सुनाई थी। लेकिन जैसे ही काजोल ने कहानी सुनी, वह गुस्से से उठकर जाने लगीं। तब मैंने उनसे पूछा कि क्या तुम फिल्म कर रही हो? तो उन्होंने कहा था नहीं, मुझे तो मैक्स का रोल चाहिए और फिर वह चली गईं।

मंसूर खान ने कहा, काजोल और शाहरुख खान इससे पहले दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के अलावा कई और फिल्में कर चुके थे, जिससे उनकी एक रोमांटिक कपल के तौर पर इमेज बन गई थी। तो ऐसे में काजोल को बहन के रोल में कास्ट करना गलत होता।

मंसूर खान की मानें तो उन्हें डर था कि



कोई भी मैक्स की बहन का रोल नहीं करना चाहेगा, लेकिन ऐश्वर्या ने खुशी-खुशी फिल्म करने के लिए हां कहा। वह पूरी तरह से प्रोफेशनल थीं। उन्होंने कभी शिकायत नहीं की और न ही यह कहा कि कैमरा कहां होना चाहिए।

मंसूर खान ने आगे कहा, मैं शाहरुख को हमेशा मैक्स के रोल के लिए सोच रहा था, और आमिर को चंद्रचूर सिंह के रोल में कास्ट करना चाहता था। जब मैंने आमिर को कहानी सुनाई, तो उन्होंने सोचा कि वह मैक्स का रोल करेंगे। फिर मैंने शाहरुख से बात की, वह बहुत खुश थे। लेकिन जब मैंने उनसे पूछा क्या तुम फिल्म कर रहे हो? तो उन्होंने कहा कि वह नहीं करेंगे, क्योंकि उन्हें पता था कि मैं आमिर को फिल्म में ले रहा हूं। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं था मैं फिल्म में शाहरुख को ही कास्ट करना चाहता था।

साल 2000 में रिलीज हुई थी जोश बता दें, जोश फिल्म साल 2000 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शाहरुख और ऐश्वर्या जुड़वां भाई बहन बने। ऐश्वर्या जैसी आंखें शाहरुख की भी लगें, इसके लिए मंसूर खान ने शाहरुख को पूरी फिल्म में कॉन्टेक्ट लेंस पहनाए।

# दिलजीत दोसांझ ने इंडियन सिनेमा पर साधा निशाना

## बोले- कौन सा बड़ा एक्टर है जिसने शराब पर गाना या फिर सीन नहीं किया है?



दिलजीत दोसांझ ने एक बार फिर सरकार को ओपन चैलेंज दिया। साथ ही, उन्होंने मीडिया में अपने शराब से जुड़े गाने गाने पर उठी बातों पर भी प्रतिक्रिया दी। हाल ही में, तेलंगाना सरकार ने उनके दिल लुमिनाटी टूर के दौरान शराब से जुड़े गानों पर आपत्ति जताई थी, खासकर पटियाला पेग और पंज तारा जैसे गानों को लेकर। सरकार ने दिलजीत से अनुरोध किया था कि वह इन गानों को अपने कॉन्सर्ट से बाहर रखें। 22 नवंबर को लखनऊ में परफॉर्म करते हुए दिलजीत ने इस पर प्रतिक्रिया दी और कहा, मेरा किसी के साथ कोई मुकाबला नहीं है, कोई वर्सेस नहीं है। मैंने जबसे इंडिया टूर शुरू किया है, चाहे वो दिल्ली था, जयपुर था, हैदराबाद था, बहुत ही प्यारे लोग थे। अहमदाबाद और अब लखनऊ। मुझे लखनऊ आकर बहुत अच्छा लग रहा है। बहुत प्यार मिल रहा है। थैंक्यू दोस्तों।

फिर दिलजीत ने कहा, कुछ दिन पहले वो मुझे चैलेंज दे रहे थे कि दिलजीत शराब के बिना गाना हिट करके दिखाए। आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि मेरे बहुत सारे गाने हैं जो पटियाला पेग से ज्यादा स्ट्रीम करते हैं स्पॉटिफाई पर। तो आपका जो चैलेंज है, वो वैसे ही बेकार हो गया है।

मेरे पहले से ही बहुत सारे गाने हैं जो हिट हैं। पटियाला पेग से बहुत ज्यादा। तो उसका जवाब तो ये रहा। दूसरा, मैं अपने गानों को डिफेंड नहीं कर रहा। मैं अपने आपको डिफेंड नहीं कर रहा। मैं सिर्फ इतना चाहता हूं कि अगर आप सेंसरशिप लगाना चाहते हो गानों पर, तो वो सेंसरशिप भारतीय सिनेमा में भी होना चाहिए। राइट। दिलजीत ने कहा, भारतीय सिनेमा में कौन सा बड़ा एक्टर है जिसने शराब पर गाना या फिर सीन नहीं किया है? है कोई याद आ रहा है? मेरे को तो कोई याद नहीं आ रहा है। तो अगर आपको सेंसरशिप लगानी है, तो प्लीज सब पर लगाओ। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं। मैं बंद कर दूंगा उसी दिन से। सरकार को तो साइड में कर देते हैं। उन्होंने खुद कहा कि सरकार को रहने दो, तो रहने देते हैं।

# बीबी-18 में बतौर गेस्ट नजर आएंगी हिना खान

## कंटेस्टेंट को करेंगी मोटिवेट; ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं एक्ट्रेस



एक्ट्रेस हिना खान बिग बॉस 18 में खास मेहमान बनकर नजर आएंगी। आज यानी की 22 नवंबर को वह वीकेंड का वार एपिसोड के लिए शूट करेंगी। अपने मजबूत पर्सनालिटी और प्रेरणादायक सफर के लिए जानी जाने वाली हिना घर के कंटेस्टेंट्स को मोटिवेशन और पॉजिटिविटी का मैसेज देंगी।

हिना और सलमान खान के बीच गहरा रिश्ता है। बिग बॉस 11 के दौरान सलमान ने उनकी स्ट्रॉन्ग पर्सनालिटी की कई बार तारीफ की थी। उस सीजन में हिना ने अपने गेम और बेबाक अंदाज से सभी को इम्प्रेस किया था। सलमान और हिना को एक बार फिर बिग बॉस के मंच पर साथ देखना ऑडियंस के लिए खास पल होगा।

कुछ महीने पहले हिना ने अपनी ब्रेस्ट कैंसर की स्टेज-3 की बात सबके सामने रखी थी। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी जर्नी शेयर की। उनकी कहानी हर उस इंसान के लिए प्रेरणा है, जो मुश्किल हालातों का सामना कर रहा है। ऑडियंस उम्मीद कर रहे हैं कि वह घर के कंटेस्टेंट्स को अपने एक्सपीरियंस से प्रेरित करेंगी और शो के उतार-चढ़ाव से डील करने की सलाह देंगी। हिना का बिग बॉस के साथ पुराना और खास रिश्ता रहा है। बिग बॉस 11 में वह पहले रनर-अप रहीं। उनके कॉन्फिडेंस और गेम प्लान ने फैंस का दिल जीता था। इस बार, मेहमान के तौर पर उनकी वापसी दर्शकों के लिए खास होगी।

हालांकि, हिना हाल ही में फैशन शोज में रैंप वॉक करती नजर आई थीं और उनकी हिम्मत को खूब सराहा गया। लेकिन यह उनकी पहली ऑन-स्क्रीन वापसी होगी। मेकर्स को उम्मीद है कि बिग बॉस 18 में उनकी मौजूदगी न केवल शो को खास बनाएगी बल्कि उनके फैंस के लिए भी प्रेरणा का काम करेगी।

# सीरीज 'ये काली काली आंखें 2' में दिखे गुरमीत चौधरी

## बोले-किरदार के लिए स्विमिंग भी सीखा, बाल तक कवटवाने पड़े



गुरमीत चौधरी की सीरीज 'ये काली काली आंखें 2% हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इस सीरीज को काफी पसंद किया जा रहा है। दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान गुरमीत चौधरी ने इस सीरीज से जुड़ी कुछ बातें शेयर कीं।

सीरीज से जुड़ना कैसे हुआ? इस सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर काफी पॉपुलर रहा है। इस सीजन के बारे में सब जानते हैं। जब मेरे पास इसका ऑफर आया, तब मुझे पता था कि यह बहुत ही बड़ी फ्रेंचाइजी है। इसके डायरेक्टर ने एक बड़ा यूनिवर्स तैयार करके रखा है। जब मैं डायरेक्टर सिद्धार्थ सर से मिला, तो उन्होंने मुझे इसकी कहानी सुनाई। मैंने जब स्क्रिप्ट पढ़ी तब काफी एक्साइटेड हो गया था, क्योंकि इसमें एक्शन और रोमांस दोनों ही थे। मैंने पहले सोचा था कि पहले मैं एक-दो एपिसोड पढ़ूंगा और बाकी की चीज मैं बाद में पढ़ लूंगा, लेकिन मैंने उसी रात को 3 से 4 बजे तक पूरे एपिसोड पढ़ लिए। उसी रात मैंने सिद्धार्थ सर को कॉल किया और अगले दिन इसकी तैयारी करनी शुरू कर दी। किरदार की तैयारी कैसे की? इस किरदार के लिए सबसे पहले फिजिकली फिट होना सबसे जरूरी था। मैं फिट था, हमेशा से रहता हूं, लेकिन फिर और ज्यादा ट्रेनिंग होने लगी। इसके लिए एक्शन की काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। इसके साथ स्विमिंग पर भी ध्यान दिया। साथ ही वर्कशॉप भी लिए। मेरे बहुत लंबे बाल थे तो उसे शॉर्ट किया। मेरे किरदार का नाम भी गुरु है तो वैसा लगना था।

इसका शूट कहां और कितने दिन का था? इस सीरीज को हमने लंदन, मनाली और मुंबई में शूट किया है। मेरे कैरेक्टर का इंट्रोडक्शन सीन लंदन में शूट हुआ था। इसके लिए मैंने 35 से लेकर 40 दिन का शूट किया था।

# हरियाणा में पुष्पा-2 फिल्म के बहिष्कार की धमकी


## मां काली के अवतार में नजर आए एक्टर अल्लू अर्जुन, फिल्म से सीन हटाने की मांग

हरियाणा के हिसार जिले के एक गांव में साउथ इंडियन फिल्म पुष्पा-2 के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस शिकायत में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की बात कही गई है। पुलिस ने अभी इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया है। इस मामले के जांच अधिकारी गौतम कुमार का कहना है कि अभी शिकायत आई है। उच्च अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद ही इस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह शिकायत हिसार के जुगलान निवासी कुलदीप कुमार ने दर्ज कराई है।

कुलदीप ने कहा है कि पैसों की खातिर जानबूझकर एक धर्म विशेष का अपमान करने की कोशिश की जा रही है। कुलदीप ने कहा कि अगर फिल्म इसी तरह चलती रही तो वह इसे हिसार (हरियाणा) में रिलीज नहीं होने देंगे।

**शिकायत में कुलदीप कुमार ने यह लिखा-** 17 नवंबर रविवार को पटना के गांधी मैदान में फिल्म पुष्पा 2 द रूल का ट्रेलर लॉन्च हुआ था। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी, कार्यक्रम में एक्टर अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। मैंने देखा ट्रेलर में मां काली की तरह एक तस्वीर को दिखाया गया है।

एक्टर अल्लू अर्जुन अर्धनारीश्वर अवतार में दिख रहे थे, जिससे सनातन धर्म से जुड़े लोगों और मुझे मेरे धर्म की आस्था को ठेस पहुंची है। मैं फिल्म के साथ-साथ तमाम कलाकारों का सम्मान करता हूं मगर कुछ ऐसे भी कलाकार हैं जो पैसों के लिए एक विशेष धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अगर फिल्म से यह सीन नहीं हटाया गया तो पुष्पा 2 द रूल को हिसार हरियाणा में रिलीज नहीं होने देंगे। एक्टर अल्लू अर्जुन का ई मेल आईडी और स्थाई पता शिकायत में दिया गया है। कुलदीप ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि डायरेक्टर और कलाकारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।



जिंदगी में सबसे बड़ा धनवान वो इंसान होता है, जो दूसरों को अपनी मुस्कुराहट देकर उनका दिल जीत लेता है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जालोर में किसानों का महापड़ाव 5वें दिन भी जारी

## एमएलए - एडीएम पहुंचे तो किसान बोले- लोकल समस्याओं पर नहीं करेंगे वार्ता, पहले समाधान करिए

बढ़ता राजस्थान

**जालोर ( एजेंसी )।** जवाई बांध के पानी पर जालोर का हक तय करने व बीमा क्लेम किसानों को समय पर दिलाने की मांग को लेकर जालोर जिला कलेक्ट्रेट के सामने किसानों का महापड़ाव शनिवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा पांचवें दिन किसानों को वार्ता के लिए बुलाया। जिस पर किसानों ने समाधान करवाने की मांग की। दरअसल, जालोर में किसानों को फसल नुकसान का बीमा क्लेम समय पर दिलाने व जवाई बांध के पानी पर एक तिहाई हिस्सा तय करने की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी है। जालोर विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व आहोर विधायक के नेतृत्व में जिला प्रशासन के साथ वार्ता का न्योता लेकर एडीएम राजेश मेवाड़ा किसानों के बीच पहुंचे और लोकल समस्याओं पर वार्ता के लिए किसानों को आमंत्रित किया। इस पर किसानों ने कहा- स्थानीय समस्याओं पर क्या करनी है। आप समस्या का समाधान कराए। हमें जानकारी मिल जाएगी कि आप ने समाधान कर दिया। कहते हुए एमडीएम को वार्ता से मना कर दिया। एडीएम राजेश मेवाड़ा के साथ आहोर विधायक छगनसिंह खुद किसानों से वार्ता के लिए महापड़ाव में पहुंच कर किसानों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि एक बार प्रशासन के साथ वार्ता करें। जिससे समस्या के समाधान को लेकर आ रही परेशानी को नोट कर काम किया जा सके। जवाब में किसानों ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी आएंगें तो चर्चा कर वार्ता की जाएगी।

# सीकर में 26 को किसान-मजदूर निकालेंगे चेतावनी रैली : घर-घर जाकर कर रहे जनसंपर्क, सरकार की नीतियों का विरोध करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) सीकर की ओर से 26 नवंबर को सीकर में किसानों-मजदूरों द्वारा चेतावनी रैली निकाली जाएगी। मजदूर व किसान यह रैली अपनी लंबित पड़ी मांगों को लेकर सरकार को चेताने के लिए निकलेंगे। जिसे लेकर शनिवार को अनेक संगठनों की बैठक ढाका भवन में हुई। कोर कमेटी के सदस्य एवं श्रमिक संगठन सीटू के महामंत्री बृजसुन्दर जांगिड़ ने बताया- संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से जुड़े प्रमुख संगठनों द्वारा यह रैली निकाली जाएगी। इसके लिए एसकेएम के पदाधिकारी और कार्यकर्ता 7 नवंबर से ही घर-घर जाकर किसानों, मजदूरों व ग्रामीणों से संपर्क कर रहे हैं और 26 नवम्बर को अधिक से अधिक संख्या में सीकर जिला मुख्यालय पर पहुंचने की अपील कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सीकर जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह जाखड़ ने बताया- संयुक्त किसान मोर्चा ने एनडीए-3 सरकार को राष्ट्रीय किसान आयोग व भारत रत्न डॉ. एमएस स्वामीनाथन की सिफारिश व फॉर्मूले सी-2 प्लस 50 प्रतिशत के अनुसार एमएसपी घोषित करने तथा घोषित एमएसपी पर सभी कृषि जिन्सों की उपजों की खरीद की गारंटी का कानून बनाने की मांग कर रहे हैं।

साथ ही देश के मजदूरों के लिए शोषणकारी साबित हो रहे केन्द्र सरकार के 4 लेबर कोड बिलों को निरस्त करवाने, मनरेगा को कृषि व खेत से जोड़ने, किसानों की आत्महत्या रोकने तथा ऋण ग्रस्तता से किसानों की मुक्ति के लिए व्यापक एवं सर्व समावेशी ऋण मुक्ति योजना लागू करने, बिजली विधेयक 2020 को वापस लेने, प्रत्येक उपभोक्ता को 300 यूनिट फ्री बिजली प्रदान करने, बिजली का निजीकरण बंद करवाने सहित अनेक मांगों के लिए रैली निकाल रहे हैं।

# सीएम चंद्रबाबू बोले- अडाणी रिश्वत मामले से आंध्र बदनाम हुआ : हम जल्द एक्शन लेंगे; सरकार को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**अमरावती ( एजेंसी )।** भाजपा की सहयोगी पार्टी तेलगु देशम पार्टी के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अडाणी रिश्वत मामले पर प्रतिक्रिया दी है। नायडू ने विधानसभा में कहा कि अडाणी रिश्वत मामले से आंध्र प्रदेश बदनाम हुआ है।

उन्होंने कहा कि अडाणी रिश्वत मामले की चार्जशीट हमारे पास पहुंची है। हम जल्द एक्शन लेंगे। सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सरकार को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। ऐसे अपराध तब तक दोहराए जाएंगे, जब तक ऐसे काम करने वालों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता।

दरअसल, उद्योगपति गौतम अडाणी पर गुरुवार को अमेरिका में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए रिश्वत देने और धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं। न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था।

आरोप है कि अडाणी 2021 में आंध्र के तत्कालीन सीएम जगनमोहन रेड्डी से मिले और राज्य सरकार 7 हजार मेगावाट बिजली खरीदने के लिए राजी हो गई।

# शिल्पकला छोटी उम्र में सीखी जाती है : निर्मला सीतारमन

## महारत हासिल करने के लिए जरूरी; हमें पश्चिमी देशों के कहे पर ध्यान नहीं देना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम हजारों सालों से प्रोडक्ट मैन्यूफैक्चरिंग कर रहे हैं। लेकिन शोषण की बात कभी नहीं आई। वित्त मंत्री का ये जवाब उस बयान पर आया जिसमें विदेशी खरीददारों ने कहा है कि भारत में बच्चों से कालीन बनवाए जाते हैं। इसलिए भारत से कालीन नहीं खरीदे जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कालीन बनाना ट्रेडिशनल इंडस्ट्री है। देश में कई परिवार बच्चों को शिल्पकार बनाने में लगे हैं। वो भी उनकी स्कूली शिक्षा प्रभावित किए बिना। क्योंकि जब तक शिल्पकला छोटी उम्र में नहीं सीखी जाती, तब तक कोई भी शिल्पकार इसमें महारत हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर हम ब्रांड इंडिया बनाना चाहते हैं तो हमें अपने सही फैसलों पर पश्चिमी देशों के कहे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने ये बात शुक्रवार को बेंगलुरु में आयोजित इंडिया आइडिया कॉन्क्लेव 2024 में कही।



### ब्रांड इंडिया बनाने के लिए इन चीजों को बदलना होगा

सीतारमण के मुताबिक, पश्चिमी देशों के वोकल फॉर लोकल बनने से बहुत पहले ही भारत ऐसा कर रहा था। उन्होंने लियो टॉलस्टॉय का हवाला दिया और कहा- हमेशा से भारतीयों ने खुद को पश्चिम देशों के आदेश का गुलाम बनाया। ब्रांड इंडिया बनाने के लिए हमें अपनी जीवनशैली और सोच को बदलना होगा।

### सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन ग्रंथ भारत के ब्रांड

सीतारमण ने कहा- लोगों को ये बताने की जरूरत है कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की ताकत प्राचीन काल से ही अटूट है। भारत के पास ज्ञान का भंडार है। इसके श्रेय सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन ग्रंथों को जाता है। ये प्राचीन भारत के ब्रांड हैं, जिनका जिक्र हम आज भी करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बेहतर भारत की कल्पना करते हुए हमारे मंदिरों और टूरिस्ट सेंटर्स की वेल्यू अभी की तुलना में बहुत ज्यादा होनी चाहिए। हमें बेहतर सेवा, बेहतर खानपान, बेहतर टूरिस्ट गाइड और बेहतर अनुभव की आवश्यकता है।

# बंगाल उपचुनाव में नहीं दिखा आरजी कर कांड का असर, टीएमसी की सभी सीटों पर जीत; ममता बोलीं- जमींदार नहीं लोगों के पहरेदार

बढ़ता राजस्थान



**कोलकाता ( एजेंसी )।** बंगाल विधानसभा उपचुनाव में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने सभी छह सीटें जीत ली हैं। 2021 के विस चुनाव में तृणमूल ने इनमें से पांच (सिताई, नैहाटी, हारोआ, मेदिनीपुर व तालडांगरा) पर जीत दर्ज की थी, जबकि मदारीहाट भाजपा की झोली में गई थी।

इस बार तृणमूल ने उस सीट पर भी पहली बार कब्जा जमाया है। मालूम हो कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना के बाद राज्य में यह पहला चुनाव था, जिसे सत्ताधारी पार्टी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण बताया जा रहा था। हालांकि नतीजों पर आरजी कर कांड का कोई असर नहीं दिखा।

### ममता ने मां-माटी-मानुष का जताया आभार

बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने जीत के लिए मां-माटी-मानुष को धन्यवाद दिया। साथ ही भाजपा पर परोक्ष तौर पर निशाना साधते हुए कहा, %हम जमींदार नहीं बल्कि लोगों के पहरेदार हैं।% दूसरी तरफ बंगाल भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि ममता के लिए यह खून से सनी जीत है।

उन्होंने कहा कि हालिया संपन्न चुनावों में बंगाल एकमात्र राज्य है, जहां राजनीतिक हिंसा व मौतें हुई हैं। चुनाव आयोग जब तक अतिरिक्त प्रयास करके स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित नहीं करेगा, स्थानीय प्रशासन पर लगाम नहीं कसेगा, तब तक बंगाल में ठीक से चुनाव नहीं हो सकेंगे।

### वाममोर्चा और कांग्रेस की जमानत तक नहीं बची

बंगाल की छह विधानसभा सीटों के उपचुनाव में माकपा के नेतृत्व वाले वाममोर्चा और कांग्रेस के प्रत्याशियों की जमानत तक नहीं बची। इस बार उनके बीच कोई घोषित या अघोषित गठबंधन नहीं था। दोनों ने अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन अकेले लड़ने पर भी स्थिति नहीं बदली।

## मणिपुर हिंसा



# 7 जिलों में लगा इंटरनेट बैन और बढ़ाया

## विधायकों के घर पर हमले मामले में अबतक 34 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर सरकार ने 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सर्विस पर लगी रोक को दो दिन के लिए और बढ़ाया गया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में 16 नवंबर को पहले दो दिन के लिए इंटरनेट सर्विस बैन की गई थी।

मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। गृह विभाग ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले 19 नवंबर को सरकार ने ब्रॉडबैंड सर्विस से बैन हटाया था। जिससे स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी ऑफिसों के काम नहीं रुकें।

वहीं, 16 नवंबर को विधायकों के घरों में तोड़फोड़-आगजनी के मामले में 2 और लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने अबतक 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक और भी लोगों की तलाश की जा रही है। इसके लिए इंफाल घाटी में सर्चिंग जारी है। 11 नवंबर को जिरिबाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 कुकी-जो उग्रवादियों को मार गिराया था। इसके बाद मैतेई समुदाय की तीन महिला और तीन बच्चे किडनैप हुए थे। इसके बाद से ही 7 जिलों में हिंसा जारी है। किडनैप हुई महिलाओं और बच्चों के शव मणिपुर की जिरी नदी और असम के कछार में बराक नदी में मिले थे।

### मणिपुर की सुरक्षा में सीएपीएफ की 288 कंपनियां तैनात

मणिपुर की सुरक्षा में सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 288 कंपनियां तैनात की गई हैं। शुक्रवार को 90 और कंपनियों को तैनात किया गया। मणिपुर के चीफ सिक्योरिटी एडवाइजर कुलदीप सिंह ने कहा था कि कंपनियों को अलग-अलग जगह भेजा जा रहा है। मणिपुर में सीआरपीएफ, एसएसबी, असम राइफल, आईटीबीपी सहित दूसरी आर्म्ड फोर्स की कंपनियां तैनात हैं। चीफ सिक्योरिटी एडवाइजर कुलदीप सिंह ने कहा था कि हमने पुख्ता इंतजाम किए हैं। हर जिले में नए कोऑर्डिनेशन सेल और जॉइंट कंट्रोल रूम तैयार किए जाएंगे। हमने उन सेल और और जॉइंट कंट्रोल रूम का रिव्यू किया है जो पहले से मौजूद हैं। मंत्री एल सुसींद्रो ने घर को कंटीले तारों से कवर किया 16 नवंबर को मुख्यमंत्री बीरेन सिंह और 17 विधायकों के घर हमले हुए थे। राज्य के मंत्री एल सुसींद्रो के घर को भी निशाना बनाया गया था। सुसींद्रो ने इंफाल ईस्ट स्थित अपने घर को कंटीले तारों और लोहे के जाल से कवर किया है। उन्होंने कहा- संपत्ति की रक्षा करना हमारा संवैधानिक हक है।

# भारत से पहले चीन जाने के फैसले पर ओली घिरे

## विपक्ष का आरोप- चीन कार्ड खेल रहे, नेपाली पीएम बोले- भारत के साथ अच्छे रिश्ते

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत के बजाय चीन की यात्रा करने के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने इसे बेतुका बताया। काठमांडू टाइम्स के मुताबिक ओली 2 से 6 दिसंबर तक की आधिकारिक यात्रा पर चीन जा रहे हैं। भारत के बजाय पहले चीन जाने के फैसले पर उनकी आलोचना हो रही है।

नेपाल में यह परंपरा रही है कि जो नए प्रधानमंत्री बनते हैं, वह सबसे पहले भारत का दौरा करते हैं। इस परंपरा को तोड़ने के सवाल पर ओली ने कहा-

क्या कहीं लिखा है कि किसी खास देश का दौरा पहले करना चाहिए। क्या यह किसी धर्म ग्रंथ या फिर संविधान या फिर यूनाइटेड नेशन के चार्टर में लिखा है? नेपाल सभी पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने के पक्ष में है। हमारी दुश्मनी किसी के साथ नहीं है।

दरअसल ओली की यह टिप्पणी, पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के एक इंटरव्यू के बाद आई है। प्रचंड ने 'द हिंदू' को हाल ही में एक इंटरव्यू दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि ओली भारत के बजाय चीन का दौरा कर 'चीन कार्ड' खेल रहे हैं।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली। तस्वीर जुलाई 2021 की है। अब तक वे 3 बार प्रधानमंत्री के रूप में चीन जा चुके हैं।

# 4 दिन में 2300 रुपए महंगा हुआ सोना : 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की रेट पहुंची 80,300; चांदी हुई 93 हजार पार

**जयपुर।** भारतीय बाजार में जारी उठापाठक की वजह से सोने और चांदी की कीमत में इजाफे का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले चार दिनों में जहां स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 2300 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत बढ़ाकर 93 हजार रुपए को पार कर गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार बाजार में जारी अस्थिरता की वजह से सोने और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला अगले सप्ताह भी देखने को मिल सकता है। जयपुर के सर्राफा व्यापारी राज शर्मा ने बताया कि भारतीय शेयर बाजार में लगातार बदलाव हो रहा है। इसके बाद निवेशक कीमती धातुओं में निवेश करना पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि 76 हजार रुपए के नजदीक पहुंच चुकी सोने की कीमत एक बार फिर 80 हजार रुपए को पार कर गई है। जबकि चांदी की कीमत में भी फिर से बढ़ोतरी देखने को मिली है। ऐसे में आने वाले दिनों में चांदी एक बार फिर 95 हजार रुपए को पार कर सकती है।

# हिमाचल की ऊंची चोटियों पर हिमपात

## शाम के वक्त शुरू हुई बर्फबारी; चंबा और कांगड़ा में भी स्नोफॉल का पूर्वानुमान

बढ़ता राजस्थान

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक शनिवार को अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है। कुल्लू-मनाली के रोहतांग, गुलाबा और स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में शाम के वक्त बर्फ के फाहे गिरने शुरू हुए। पर्यटकों और पर्यटन कारोबारियों के बर्फबारी अच्छी एवं राहत भरी खबर है।

कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर सीजन का यह पहला हिमपात है, जबकि किन्नौर जिला में बीते 12 सितंबर को भी हल्का हिमपात हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, कुल्लू, लाहौल स्पीति, चंबा और कांगड़ा के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी आज रात को बर्फबारी हो सकती है। कल से प्रदेशभर में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। ऊंचे क्षेत्रों में जरूर बर्फ गिर रही है। मगर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में मौसम साफ बना हुआ है। बारिश-बर्फबारी से पहले ही प्रदेश के 4 शहरों का तापमान माइनस में चला गया है। रात को तापमान और भी गिरावट आएगी।

### इन शहरों का पारा माइनस में

लाहौल स्पीति के ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 8.7 डिग्री सेल्सियस तक लुढक गया है। समदो का माइनस 1.3 डिग्री, कुकुमसैरी का 4.1 डिग्री और केलांग का न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री तक गिर चुका है। मौसम विभाग ने मंडी और बिलासपुर जिला के कुछ स्थानों पर आज धुंध का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार धुंध की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से भी नीचे गिर सकती है। इसे देखते हुए वाहन चालकों को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह दी गई है।

### किसानों पर सूखे की सबसे ज्यादा मार

बेशक ऊंचे क्षेत्रों में बर्फ गिर रही है। मगर अन्य क्षेत्रों में ड्राइ स्पेल नहीं टूट रहा। प्रदेशवासी 53 दिन से बारिश के इंतजार में है। इसकी सबसे ज्यादा मार किसानों पर पड़ी है। सूखे के कारण 63 फीसदी जमीन पर किसान गेहूं की बुआई नहीं कर पाए हैं। प्रदेश में इसकी बुवाई का उचित समय एक सप्ताह पहले निकल चुका है।

अब नदी नालों में भी जल स्तर गिरने लगा है। इससे पेयजल और सिंचाई योजनाओं पर भी पानी कम होने लगा है। नदी नालों में पानी कम होने से बिजली का उत्पादन पर भी असर पड़ा है।



### 6 जिलों में 52 दिन से एक बूंद भी नहीं बरसी

आलम यह है कि पहले मानसून में भी सामान्य से 19 प्रतिशत कम बारिश हुई। बरसात के बाद यानी पोस्ट मानसून सीजन में भी सामान्य से 98 प्रतिशत कम बादल बरसे है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक अक्टूबर से 22 नवंबर तक 37.3 मिलीमीटर सामान्य बारिश होती है, लेकिन इस बार औसत 0.7 मिलीमीटर बारिश हुई है। प्रदेश के 6 जिले ऐसे हैं, जहां 52 दिन से पानी की एक बूंद नहीं बरसी। नवंबर माह में प्रदेश के एक भी जिले में बारिश नहीं हुई है।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com